बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-258, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान 18

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 17

आंवला के आलमपुर जाफराबाद में बोले प्रधानमंत्री, कहा- सपा को टिकट देने के लिए परिवार से बाहर कोई नहीं मिला

ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है।

कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा।

सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

धर्मेंद्र का हौसला बढ़ाया, दुर्विजय के लिए मांगे वोट

प्रधानमंत्री ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। संबोधन के दौरान लोगों से भी प्रधानमंत्री ने कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

योगी राज में नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

दूसरे चरण का मतदान आज

राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

मणिपुर के जिरीबाम जिले में मतदान के लिए पोलिंग पार्टी नावों से मतदान केंद्र जाते हुए।

नई दिल्ली, एजेंसी । आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी। दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी हैं, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। सकुशल मतदान कराने के लिए पुलिस सहित विभिन्न बलों के एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है।

एक नजर

भारतीय की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को चीनी मूल के एक सिंगापुरी नागरिक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई। चीनी मूल के नागरिक ने 2019 में एक नाइटक्लब के बाहर झगड़े के दौरान भारतीय मूल के नागरिक की हत्या कर दी थी। टेलीविजन समाचार चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने मौत की सजा की मांग नहीं की। सिंगापुर में हत्या के अपराध की सजा फांसी या आजीवन कारावास है। यह घटना दो जुलाई 2019 को ऑर्चर्ड रोड के होटल और पर्यटकों के गढ़ क्षेत्र में नॉटी गर्ल क्लब के बाहर हुई।

हवाईअड्डे पर पकड़ी गई अमेरिकी महिला

नई दिल्ली । दिल्ली हवाई अड्डे पर तस्करी के सोने के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश करने वाली एक अमेरिकी महिला को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-तीन पर हुई। एक यात्री की पहचान अमेरिकी मूल की फराह दीको मोहम्मद के रूप में हुई जो एयर इंडिया की उड़ान से नैरोबी (केन्या) से आई थी।

प्रश्नपत्र लीक मामले में पांच अभियुक्त रिमांड पर

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित तीसरी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार किए गए पांच अभियुक्तों को पटना की एक विशेष अदालत ने पूछताछ के लिए दो दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश दिया। आर्थिक अपराध की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहेलिया की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर बिहार पुलिस की विशेष आर्थिक ईकाई ने उज्जैन से गिरफ्तार किए गए इस मामले के कथित पांच सेटरों शिवकुमार उर्फ डॉक्टर शिवकुमार, प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप, तेजस्वी कुमार और सौम्या कुमार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया था।

कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए

अमृत विचार: विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे।

5वें चरण के लिए आज से शुरू होंगे नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

20 मई को होगा मतदान

- लखनऊ समेत आसपास के जिले शामिल
- लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर भी होगा नामांकन

अमृत विचार : 5वें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू होंगे। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा में चुनाव होना है। इस चरण की 14 लोकसभा सीटों में 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच व बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 3 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जायेगी। 6 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण में 2.70 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.43 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं।

इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17128 मतदान केन्द्र व 28688 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4.59 लाख मतदाता हैं, जिसमें 2.40 लाख पुरुष मतदाता व 2.19 लाख महिला मतदाता हैं।

मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस और भाजपा से 29 तारीख तक जवाब मांगा

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है।

जेईई मेंस में 56 छात्रों को 100 एनटीए स्कोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 10 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था। जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख आईआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

जज के पुत्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है।

उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

धर्मार्थ न्यास को पंजीकरण आवेदन 30 जून तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी । आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था।

सीबीडीटी ने कहा कि ये फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। फॉर्म 10ए उन ट्रस्ट/संस्थाओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला आवेदन पत्र है जो आयकर छूट के लिए खुद को पंजीकृत कराना चाहते हैं। वहीं ट्रस्ट/संस्थानों द्वारा अपने स्थायी पंजीकरण का नवीनीकरण कराने के लिए फॉर्म 10 एबी दाखिल किया जाता है।

ग्राम निधि से खर्च किए करोड़ों, अब होगी जांच

- पंचायत चुनाव में प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने पर हुए थे नियुक्त, डीएम को जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा ग्राम निधि से खर्च किए गए करोड़ों रुपये में फर्जी भुगतान की आशंका है। गोरखपुर के संजय मिश्रा की शिकायत पर सभी जिलों में जांच की जाएगी। दरअसल, दिसंबर में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। इस बीच छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ प्रशासक नियुक्त हुए थे। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से कार्यों का भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ ग्रहण कराई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये का भुगतान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर करना पाया गया। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि सभी जिलाधिकारी को जांच के लिए लिखा है।

सर्वाधिक खर्च पर चिह्नित हुईं थी टॉपटेन पंचायतें

पंचायत चुनाव के बाद सर्वाधिक धनराशि खर्च करने की बात सामने आई थी। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से सबसे ज्यादा धनराशि 25 लाख तक खर्च करने वाली जिलों की टॉपटेन ग्राम पंचायत चिह्नित कर जांच के लिए भेजी गईं थीं। जिलों पर जांच कराई थी।

इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान

बिजनौर 26 .66 करोड़, बहराइच 20 .74, जौनपुर 20 .30, बांदा 18 .99, सीतापुर 18 .25, कुशीनगर 18 .12, मुज्जफर नगर 14 .62, बुलंदशहर 17 .54, फतेहरपुर 17 .21, बाराबंकी 13 .80, आजमगढ़ 13 .38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13 .59, बलिया 12 .69, जालौन 12 .29, प्रयागराज 12 .20, फिरोजाबाद 11 .86, झांसी 11 .67, मथुरा 11 .64, आगरा 11 .33, अयोध्या 11 .24, हरदोई 10 .97, लखीमपुर खीरी 10 .63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8 .95, बदायूं 8 .76, अमेठी 8 .42, गोंडा 6 .64, गोरखपुर 5 .94, लखनऊ 5 .34, कानपुर नगर 5 .21, बरेली 3 .84, शाहजहांपुर 3 .66 करोड़ रुपये (रिपोर्ट के अनुसार)

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो माओवादी किए ढेर

भुवनेश्वर। ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के विशिष्ट विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा अभियान स्थल से दो माओवादियों के शव, हथियार, हथगोले और अन्य सामान बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों का यह अभियान बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा।

नई पहल | प्रधान न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

व्हाट्सएप के जरिये मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया सांझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार। नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से चोरी एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि चौकी अलीगढ़ प्रभारी विकास गुप्ता की पुलिस टीम ने देवकाली ओवरब्रिज के नीचे से कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिन्दौली निवासी कामख्या प्रसाद कोरी को एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। छानबीन में बाइक का पंजीकरण नंबर यूपी 51 एडी 8533 मिला, जो इसी क्षेत्र मं रेलवे क्रॉसिंग के पास से चोरी हुई थी। मामले में जप्ती वज़ीरगंज के चेला छावनी निवासी पूर्ण प्रकाश ने 11 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

तमंचे के साथ दबोचा

अयोध्या, अमृत विचार। नगर कोतवाली पुलिस ने महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव सोनबरसा निवासी युवक रवि दूबे को गुरुवार को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि चौकी हवाई पट्टी प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने उसके खिलाफ आयुध अधिनियम में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्थानांतरित नहीं होगी एयरो सिटी आवासीय योजना

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव ने मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष को लिखा पत्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा महात्वाकांक्षी एयरो सिटी आवासीय को लेकर अब मामला पूरी तरह से तूल पकड़ चुका है। प्राधिकरण द्वारा एयरो सिटी आवासीय योजना कहीं और स्थानांतरित किए जाने से इंकार कर दिया गया है। इस आशय का प्राधिकरण के सचिव ने 24 अप्रैल को मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। इसे लेकर भूमि न देने पर अड़े किसानों ने अगली रणनीति की तैयारी शुरू कर दी है।

एयरो सिटी आवासीय योजना को प्रस्तावित पांच गांवों से कहीं और स्थानांतरित करने के लिए मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति की ओर से किसानों के हित में प्राधिकरण को 12 और 15 मार्च को दो पत्र लिखे थे। 15 मार्च से 23 अप्रैल तक प्राधिकरण द्वारा विचार किए जाने के बाद 24 अप्रैल को स्पष्ट इंकार कर दिया गया है। सचिव सत्येन्द्र कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि ग्राम ददेरा, रामदत्तपुर अटरावां, सरेठी, बैसिंह और कुशमाहा में योजना को लेकर सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण के बाद भूमि की उपयुक्तता व कृषकों की सहमति के आधार पर भूमि ली जाएगी। विकास प्राधिकरण द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत योजना अनयंत्र स्थान्तरित नहीं की जा सकती है। इतना ही नहीं पत्र में यह भी कहा गया है कि योजना के लिए आपेक्षित भूमि, भूमि अर्जन पुर्नवास और उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिनियम-2013 में दी गई व्यवस्था के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी। इस पत्र के बाद प्रभावित होने वाली पंचायतों में महा पंचायत के लिए सम्पर्क शुरू कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण को लेकर कोई भी आश्वासन माना नहीं जाएगा।

अधिग्रहण में आने वाली पंचायत रामदत्तपुर अटरावां में किसानों के खेत।



कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव द्वारा लिखा गया पत्र।

▸▸ पांच ग्राम पंचायतों की करीब 450 एकड़ भूमि होनी है अधिग्रहित, प्राधिकरण के इंकार के बाद बढ़ेगी रार

> विकास प्राधिकरण के नोटिस की जानकारी है। समिति द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी। जिस प्रकार से विकास प्राधिकरण एक तरफा कार्रवाई कर रहा है, उसके विरुद्ध बड़ा आंदोलन किया जाएगा। **–सूर्यभान वर्मा, अधिवक्ता व अध्यक्ष मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति।**

कई गांवों के 2000 किसान होंगे प्रभावित

एयरो सिटी आवासीय योजना को लेकर जिले की रामदत्तपुर अटरावां, बैसिह, कुशमाहा, ददेरा, सरेठी पांच ग्राम पंचायत के करीब 2000 किसान प्रभावित होंगे। बताया जाता है कि योजना के तहत करीब 450 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। जहां महत्वाकांक्षी एयरो सिटी आवासीय योजना का निर्माण प्रस्तावित है। हालांकि प्राधिकरण द्वारा सर्वे पूरा कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि देर सवेर अधिग्रहण के लिए अधिसूचना भी जारी की जा सकती है।

> एयरो सिटी आवासीय योजना कदापि स्थान्तरित नहीं की जाएगी। सभी किसानों को विश्वास में लेकर ही कोई कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष को सूचित कर दिया गया है। **– सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण**

प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध होगी व्हील चेयर

अयोध्या कार्यालय। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को अफसरों और विभिन्न दल के नेताओं के साथ बैठक की। चुनाव की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक मतदेय केंद्र पर एक-एक व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध होगी। बैठक में सीडीओ ऋषि राज, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खडिया, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन, एडीएम सिटी, एडीएम वित्त एवं राजस्व, मुख्य कोषाधिकारी, एडीएम भूमि अध्याप्ति, मुख्य राजस्व अधिकारी, एसपी ग्रामीण, एडीएम कानून व्यवस्था सहित समस्त उप जिलाधिकारी और भाजपा, बसपा, सपा आदि के पदाधिकारी / प्रतिनिधि मौजूद रहे।

रामनगरी श्रद्धालुओं के लिए अब और सुरक्षित

आइटीएमएस कार्यालय में समीक्षा करने पहुंचे नगर आयुक्त संतोष शर्मा। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतन वृद्धि हो रही है। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की सीमा अंतर्गत प्रतिष्ठान, होटल, अस्पताल, कार्यालय व निजी भवनों में स्थापित 1324 सीसीटीवी कैमरों के इन्टीग्रेशन की कार्रवाई की जा रही है। राज्य स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सेफ सिटी योजना के तहत सीसीटीवी के इंटीग्रेटेड सिस्टम की गुरुवार को नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने समीक्षा की। अमानगीगंज जलकल कार्यालय में स्थित आईटीएमएस में नगर आयुक्त संतोष शर्मा को बताया गया कि सेफ सिटी के अंतर्गत अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, महिला सुरक्षा के दृष्टिगत नगर सीमान्तर्गत स्थापित प्रतिष्ठानों, होटलों, अस्पतालों, कार्यालयों व निजी भवनों के कैमरों का इन्टीग्रेशन का कार्य कराया जा रहा है। जिसका नियंत्रण नगर निगम द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से किया जाएगा। इन कैमरों के माध्यम से नागरिक सुरक्षा के साथ-साथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के साथ भी किसी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो, इसकी भी निगरानी की जायेगी। वर्तमान में 600 कैमरों के इन्टीग्रेशन का कार्य पूर्ण कराया गया है। लक्ष्य के अनुरूप कार्रवाई किये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

डेढ़ घंटे की राहत, एक बजे की आफत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : भीषण गर्मी स्कूलों का समय बदलने की मांग तो मांग मान ली गई लेकिन पेंच भी फंस गया है। शासन के बुधवार देर रात आदेश के बाद गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में लागू किए जाने का निर्देश जारी किया गया है। पेंच ठीक एक बजे छुट्टी को लेकर फंस गया है। अभिभावकों का कहना है कि ठीक एक बजे तपती दोपहर में छुट्टी और खतरे से खाली नहीं है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने निर्देश दिया है कि शुक्रवार से परिषदीय विद्यालय सुबह 7:30 पर खुलेंगे और दोपहर एक बजे छुट्टी होगी। पहले स्कूलों का समय आठ से दो बजे तक था। समय परिवर्तन के आदेश के बाद डेढ़ घंटे की राहत तो मिली है लेकिन दोपहर ठीक एक बजे छुट्टी पर अभिभावकों की आपत्ति भी है। हालांकि शिक्षकों द्वारा इसका स्वागत किया गया है। अभिभावक महेश मिश्रा पूराबाजार का कहना है कि दोपहर एक बजे जब चिलचिलाती धूप रहेगी छुट्टी का कोई औचित्य नहीं है। बीकापुर के रतन कुमार का कहना है कि स्कूल का समय सुबह सात बजे से 12 बजे तक कर दिया जाना चाहिए।

▸▸ परिषदीय विद्यालयों का समय बदला, आज से 7:30 से एक बजे तक

सपा को अयोध्या से नहीं कोई मिला स्टार प्रचारक!

अयोध्या कार्यालय

▸▸ प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा जारी सूची से अयोध्या नदारद, पार्टी गलियारे में चर्चा

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्षितिज पर दमदमा रही अयोध्या नगरी से समाजवादी पार्टी को एक भी स्टार प्रचारक नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा बीते दिनों जारी स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या नदारद है। जबकि यहां से खुद को दिग्गज बताने वाले नेताओं की एक बड़ी जमात है। ऐसे में इस स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या का नदारद होना बड़ी बात माना जा रहा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों द्वारा कसरत की जा रही है। सभी दलों द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों को तैनात किया जा रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा भी स्टार प्रचारक तय किए गए हैं। सपा द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में बहराइच के पूर्व मंत्री यासर शाह और सीतापुर के पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा तक का नाम शामिल हैं। इतना ही नहीं 40 नामों वाली इस सूची में तमाम नाम ऐसे हैं जो यहां जिले के नेताओं के आगे राजनीतिक दृष्टिकोण से समकक्ष भी नहीं हैं। इस सूची को लेकर पार्टी में ही खासी चर्चा है। बता दें कि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद और रुदौली के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं। समाजवादी पार्टी यहां स्थानीय चुनाव में इनकी व्यस्तता का तर्क देती है जो खुद कार्यकर्ताओं के गले ही नहीं उतर रहा है।

> अवधेश प्रसाद खुद चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए नहीं शामिल किए गए होंगे। शेष नामों पर क्या है यह देख ले तो बताएं। कोई जरुरी नहीं है कि स्टार प्रचारकों में सभी को शामिल किया जाए। **– पारसनाथ यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, अयोध्या**

सार-संक्षेप



भाजपा कार्यालय में करुणाकर पाण्डेय का स्वागत करते पदाधिकारी।

करुणाकर समर्थकों ने ली भाजपा की सदस्यता

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य करुणाकर पांडेय का गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। समारोह में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व जिपं सदस्य करुणाकर पांडेय ने कुछ दिन पूर्व लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। भाजपा सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह ने समारोह में पीएम मोदी के राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता बनाए रखने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को बधाई दी। कहा कि अयोध्या के चहुमुखी विकास हो रहा है। सभी पीएम मोदी के कार्यो और भाजपा की नीतियों से प्रभावित है। भाजपा नेता करुणाकर पांडेय ने कहा कि पूरा देश भाजपा के साथ खड़ा है। कहीं कोई दल लड़ाई में नहीं है। भाजपा गरीब, वंचित व शोषित समाज के लिए लगातार काम रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अब एयरपोर्ट पर मतदाताओं को जगाने की पहल

एयरपोर्ट पर एलईडी में चल रहा संदेश।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 की डुगडुगी बज चुकी है। जिले में भी शुक्रवार से नामांकन शुरू होने के साथ ही चुनावी शोर शुरू हो जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अब महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रशासन ने भी वोटरों को जगाने के लिए परिसर में एक पहल की है। इस नई पहल के तहत जगह-जगह लगीं 20 से अधिक एलईडी पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन चल रहा है। साथ ही जगह-जगह योर आईडी कार्ड फॉर वोटिंग का फ्लैक्स भी लगाया गया है। एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार गर्ग ने कहा कि चुनाव में सभी को अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए। हर एक वोट अमूल्य है और इसी की ताकत से एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण होता है।

नेशनल मेरिट-कम मीन्स स्कॉलरशिप में छह बच्चे चयनित

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रूरूखास से नेशनल मेरिट-कम मीन्स स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) 2024 के लिए छह बच्चे चयनित किए गए हैं। न्याय पंचायत समन्वयक मुकेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय रूरूखास से विजय कुमार, इंद्रजीत, अर्चिता गौड़, प्रज्ञा, अमरदीप, लक्ष्मी चयनित हुए हैं। इन बच्चों के चयन होने पर विद्यालय परिवार ने खुशी का इजहार किया है। इस परीक्षा उत्तीर्ण होने पर अगली कक्षा में प्रवेश लेने पर शासन द्वारा मासिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। नेशनल मेरिट-कम मीन्स स्कॉलरशिप में जो कक्षा आठ के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। हर साल, एमएचआरडी 12,000 रुपये प्रति वर्ष की दर से एक लाख छात्रवृत्तियां वितरित करता है। विद्यालय के अध्यापक स्वराज शेखर सिंह, एश्वर नारायण, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, कासिम अंसारी, अशोक कुमार, व मुकेश तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

दो बच्चे राज्य व मंडल स्तर पर चयनित

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय आदिलपुर में पढ़ने वाले दो बच्चों का राज्य और मंडल स्तर पर दो अलग-अलग योजनाओं के लिए चयन हुआ है। कन्या जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति 2024 (राज्य स्तरीय) के लिए उनके विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा रागिनी चौरसिया पुत्री सुरेन्द्र कुमार व अटल आवासीय योजना रुदौली में (मंडल स्तरीय) में कक्षा आठ की छात्रा लक्ष्मी पुत्री श्रीराम का चयन किया गया है। दोनों बच्चों के चयन होने पर स्कूल के शिक्षक डॉ. वीपी दूबे, डॉ. मनुजेश कुमार, अनुदेशक व्यायाम शिक्षा सुरेन्द्र कुमार यादव, अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार, पूनम, आदित्य प्रजापति ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

मेधावी अदिति को किया गया सम्मानित

मेधावी अदिति द्विवेदी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 91.83 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली कनोसा कॉन्वेंट की छात्रा अदिति द्विवेदी को सेवाज्ञ संस्थानम के जिला संयोजक शिक्षक नेता अनुज सिंह और शिक्षक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा ने सम्मानित किया। श्रीराम लला की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। अदिति के पिता अनूप द्विवेदी शिक्षक होने के साथ साथ कई संघों के मीडिया प्रभारी का जिम्मा संभाले हुए है। माता सुनीता गृहिणी है। छात्रा अदिति द्विवेदी ने बताया कि एक निश्चित लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलती है। भविष्य में सिविल सेवा में आकर समाज सेवा मुख्य लक्ष्य रहेगा। सफलता का श्रेय माता-पिता परिवार और शिक्षिकाओं को दिया है।

मंदबुद्धि महिला ने शोरूम पर मचाया हंगामा

अयोध्या, अमृत विचार। नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र स्थित हनुमानगढ़ी के बगल एक कपड़े के शोरूम पर गुरुवार को एक मंदबुद्धि महिला ने काफी देर तक हंगामा किया। महिला पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला को काबू में किया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया है। नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय ने बताया कि महिला शोरूम के बरामदे से हटने को तैयार नहीं थी। पुलिस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वोटर कार्ड नहीं तो भी कर सकेंगे मतदान

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आयोग ने पहचान के लिए दिए दर्जन भर विकल्प

अमृत विचार: मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो दूसरे पहचान पत्र दिखाएं और मतदान करें। आयोग ने मतदाता पहचान पत्र न होने पर दिखाने के लिए दर्जन भर विकल्प दिया है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, लेकिन जो मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड/डाकघरों से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों से कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है।

बताया कि यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र दिखाता है, जो किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से जारी किया गया है। इसे स्वीकार किया जाएगा। बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल की मतदाता सूची में हो। फोटोग्राफ के बेमेल होने पर मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हों, तब मतदाता को वैकल्पिक फोटो दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

पांच दिन पहले बांटी जाएगी मतदाता पर्ची

बीएलओ मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची मतदान तिथि से कम से कम पांच दिन पहले वितरित की जाएगी। पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहेगा। मतदान सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नही माना जाएगा।

यह चुनाव लोकतंत्र बचाने व लोगों को हक़ दिलाने का

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सपा के पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद और घटक दल कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने गुरुवार को पत्रकारों से वार्ता की। घोषणा पत्र की जानकारी दी। दावा किया कि गठबंधन लोकतंत्र और संविधान को बचाने और लोगों को उनका वाजिब हक़ दिलाने के लिए मैदान में है।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में मीडिया से मुखातिब लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने न केवल इस नगरी की मर्यादा को तहस-नहस किया है, बल्कि पूरे देश में गंगा-जमुनी तहजीब और संस्कृति के समक्ष संकट खड़ा किया है। आज दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक, शोषितों-पीड़ितों के मौलिक अधिकारों पर ही नहीं लोकतंत्र, एकता-अखंडता, रोजगार, खेती-किसानी पर भी संकट है। देश व आमजन को बचाने के लिए राहुल व अखिलेश ने इस सरकार को हटाने का निर्णय लिया है। चुनावी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमने लोगों को भविष्य की गारंटी दी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी व प्रशिक्षित युवा को एक लाख रूपये अप्रेंटिस भत्ता, किसानों को कर्ज माफ़ी, एमएसपी कानून, खेती-किसानी को जीएसटी से बाहर करने समेत पार्टी के घोषणा पत्र की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. खत्री ने कहा कि पहले चरण से ही पीएम घबड़ा गए हैं। अभी तो यह झांकी है, असली तस्वीर अभी बाकी है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव, युवजन सभा के जय सिंह राणा, फिरोज खान गब्बर, एजाज खान आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद निर्मल खत्री व गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद।

▸▸ पत्रकार वार्ता में बोले- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद व कांग्रेस के पूर्व सांसद

लोकसभा चुनाव | मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भेजे जाएंगे विवाह की तरह आमंत्रण

प्रिय मतदाता भेज रहे हैं स्नेह भरा आमंत्रण

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : अगर आप मतदाता हैं और 26 अप्रैल के बाद एक भाव भरा आमंत्रण मिले तो चौंकिएगा नहीं। यह आमंत्रण मतदान आमंत्रण होगा। लिखा होगा ' प्रिय मतदाता भेज रहे हैं स्नेह भरा आमंत्रण, स्वीकार करें, 20 मई को मतदान द्वार आकर करें मतदान, लोकतंत्र का निर्माण करें।'

विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को विवाह आमंत्रण की तरह ही मतदान आमंत्रण भी भेजे जाने की कवायद चल रही है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि सभी पांचों विधानसभाओं के मतदाताओं तक यह आमंत्रण पत्र पहुंचे। इसके लिए विधानसभावार तैनात किए गए 2057 बूथ लेवल अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। यह भाव भरा मतदान आमंत्रण मतदाता पर्ची के साथ पहुंचाया जाएगा। स्वीप कार्यक्रम के तहत चल रही चुनाव पाठशाला और जागरूकता रैलियों के अतिरिक्त इसे अमल में लाया जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से भी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास के निर्देश दिए गए हैं। इसी के चलते यह अभिनव प्रयोग भी करने की तैयारी की जा रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत यहां आमंत्रण पत्र की डिजाइन तैयार की जा रही है।

मानव श्रृंखला की भी तैयारी शुरू

लोकसभा चुनाव में मतदाता को जागरूक करने के लिए जिले भर में मानव श्रंखला का भी आयोजन किया जाएगा। इसके तहत नगर क्षेत्र में वृहद मानव श्रंखला के लिए सभी स्कूलों और सामाजिक संगठनों से संपर्क किया जा रहा है। तहसील स्तर पर इसकी जिम्मेदारी एसडीएम और खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक दोनों को मानव श्रृंखला के तहत छात्र - छात्राओं को तैयार करने के लिए कहा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि सभी माध्यमिक विद्यालयों को सूचित किया गया है। अभी तिथि का निर्धारण जिला प्रशासन की ओर से किया जाना है।

▸▸ फैजाबाद लोकसभा के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं तक पहुंचाएंगे बीएलओ



82 ट्रांस जेंडर मतदाता

फैक्ट फाइल

विधानसभा क्षेत्र 05

कुल मतदाता 19,19,729

पुरुष मतदाता 10,02,060

महिला मतदाता 9,17,578

> स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि एक स्नेह भरा आमंत्रण पत्र भी मतदाता तक पहुंचे। मतदाता जागरूकता अभियान लगातार संचालित है। **–अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी।**

समाचार पत्र वितरक सूरज गुप्ता को पितृ शोक

अयोध्या कार्यालय

▸▸ राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के अयोध्या प्रभारी के पिता के निधन पर समाचार पत्र वितरकों ने जताया शोक

अमृत विचार : राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के अयोध्या प्रभारी समाचार पत्र वितरक सूरज गुप्ता के पिता चुन्नी लाल गुप्ता का गुरुवार को निधन हो गया। वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक चुन्नी लाल गुप्ता समाचार पत्र वितरण के क्षेत्र में जिले में अपनी एक अलग पहचान रखते थे। करीब 50 साल से समाचार पत्र वितरण के क्षेत्र में योगदान दे रहे चुन्नी लाल गुप्ता के निधन पर वितरकों ने गहरा शोक प्रकट किया है। 'अमृत विचार' परिवार ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने इसे अपूर्णनीय क्षति बताया है।

वसी मोहम्मद रोड राठहवेली स्थित उनके आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। दिवंगत समाचार पत्र वितरक काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने अपने आवास पर गुरुवार सुबह अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिकर्ता और वितरक उनके आवास पर पहुंचे। करीब 78 वर्षीय चुन्नी लाल गुप्ता ने अखबार वितरण से ही बच्चों का लालन-पालन किया। अखबार जगत में भी उनका बड़ा सम्मान रहा। वरिष्ठ वितरक होने के कारण समय-समय पर वह वितरकों को प्रोत्साहित भी करते रहते थे। उनकी अंत्येष्टि देर शाम जमथरा घाट पर शोकाकुल माहौल में हुई। शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

चुन्नी लाल गुप्ता (फाइल फोटो)

सन राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्र – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्र– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at mtbt.sales@suninfra.org Mob: 9335946049

एक नजर

पानी भरे गड्ढे में गिरकर व्यक्ति की मौत

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतगर्त बुधवार शाम घर जा रहे ककोली निवासी बेचूलाल कनौजिया (50) की पानी भरे गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें आंख से दिखाई भी कम पड़ता था। मौत की जानकारी गड्ढे के सामने एक मकान में रह रही महिला को उस समय हुई जब वह टॉर्च की रोशनी में कुछ ढूंढ रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव विच्छेदन के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र एवं एक पुत्री है।

नहर में उतराता मिला युवक का शव

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : महराजगंज थाना क्षेत्र के मया टांडा मार्ग पर स्थित शारदा सहायक नहर में गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने पानी में युवक का शव उतराता हुआ देखा। थानाध्यक्ष महराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि मृत युवक लगभग 35 वर्ष का प्रतीत होता है। पानी में कहीं से बहकर आया है। पुल के पास बने ब्रेकर में फंस गया। मृत युवक के शरीर पर हाफ लाल कलर की टी शर्ट व जूता मोज़ा पहने हुए है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण पता चलेगा।

लोकसभा चुनाव-2024 : नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

सीसीटीवी की नजर में डीएम न्यायालय कक्ष में होगा नामांकन ▶ वीडियोग्राफी कराए जाने की भी तैयारी, रहेगी कड़ी सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल शुक्रवार से शुरु होगी। नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में होगा। कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। नामांकन सीसीटीवी कैमरे की नजर में होगा। वीडियोग्राफी कराए जाने की भी तैयारी है।

54 फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए नामांकन कक्ष से बाहर तक सीसीटीवी कैमरे लगाकर सक्रिय कर दिए गए हैं। नामांकन करने वाले लोगों के वाहनों को एसएसपी आवास के पास रोक दिया जाएगा। यहां से केवल प्रत्याशी व प्रस्तावक प्रवेश पा सकेंगे। कलक्ट्रेट के दक्षिणी गेट से डीएम न्यायालय कक्ष तक बैरीकेडिंग कर दी गई। इसके किनारे सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा की कमान पुलिस के अफसरों के हाथ होगी। नामांकन कक्ष के सामने सुरक्षा कर्मियों के लिए पंडाल बनाया गया है। बताया गया है कि नामांकन पत्र नामांकन स्थल से लिए जा सकेंगे। नामांकन सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक किया जा सकेगा।

कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन स्थल पर बैरिकेडिंग लगाने का काम करते मजदूर। अमृत विचार

गर्मी को देखते हुए नामांकन स्थल के बाहर पर्दायुक्त टेंट भी लगाया जा रहा। अमृत विचार

मंडलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण

मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने गुरुवार को नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। सीसीटीवी और दीवार की घड़ी उचित स्थान पर लगाने के लिए कहा। जिससे कि नामांकन के समय को देखा जा सकें। प्रत्याशियों के आने– जाने के मार्ग पर पर्याप्त बैरीकेडिंग के लिए कहा। पुलिस महानिरीक्षक ने चेकिंग व्यवस्था का निर्देश दिया। इसके बाद अधकारियों ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, स्ट्रांग रूम और कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। राजकीय उद्यान का निरीक्षण कर पौधों के रख रखाव देखा। आम जनमानस के उपयोग के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उद्यान विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया। उनके साथ एसएसपी राजकरन नैय्यर, एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अफसर थे।

आज जारी होगी अधिसूचना

लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधकारी नितीश कुमार जारी करेंगे। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

- नामांकन पत्र का मूल्य-शून्य
- जमानत धनराशि-सामान्य-25 हजार रुपये।
- जमानत धनराशि-अनुसूचित जाति-12500 रुपये।

नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई, मतदान 20 को

नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई है। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी छह मई और मतदान 20 मई को होगा। मतगणना चार जून को होगी। जिलाधिकारी चुनाव अधिकारी/रिटर्निंग अफसर है। डीएम के सहयोग के लिए उप जिला अधिकारी स्तर के अधिकारी सहायक रिटर्निंग आफिसर/चुनाव अधिकारी बनाए गए है।

अनुवीक्षण और मीडिया प्रमाणन समिति स्थापित

चुनाव से सम्बंधित व्यय अनुवीक्षण समिति और मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति की स्थापना कलेक्ट्रेट में स्थापित नियंत्रण कक्ष के पास की गई है। इसे गुरुवार से चालू कर दिया गया है। कोई भी प्रत्याशी समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया में विज्ञापन देगा तो उसका आर्थिक आगणन करने के लिए ये समिति नियमित विचार करेगी। समस्या होने पर अपर जिलाधिकारी नगर 94544416100, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी 9454416101, उपनिदेशक सूचना 7080510637 से जानकारी ली जा सकती है।

फैक्ट फाइल

54–लोकसभा क्षेत्र– फैजाबाद

शामिल विधानसभाएं– अयोध्या, मिल्कीपुर (सुरक्षित) बीकापुर, रुदौली और दरियाबाद (बाराबंकी)

कुल मतदाता	19,19,720
पुरुष मतदाता	10,02,060
महिला मतदाता	9,17,578
अन्य	82
कुल मतदान केंद्र	1125
कुल मतदेय स्थल	2034

भक्तिपथ पर पांच जगहों पर होगा ढाई फीट का गैप

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमानगढ़ी भक्ति पथ पर स्टील रेलिंग को लेकर चल रही रस्साकसी अब समाप्त होने वाली है। जिला प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों ने गुरुवार को निरीक्षण कर चार से पांच स्थानों पर ढाई - ढाई फीट का गैप की कवायद शुरू की है। बताया कि यह प्रक्रिया रात से ही शुरू कर दी जाएगी।

अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर हनुमानगढ़ी के दर्शनमार्ग पर स्टील रेलिंग लगवा दी गई थी। दुकानदारों ने इसका विरोध किया था, उस समय अधिकारियों ने रेलिंग में गैप देने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कर दिया था। रामनवमी मेले के आठ दिन बाद भी गैप की व्यवस्था नहीं होने से व्यापारी समाज आंदोलन की भूमिका बांधने लगा था। व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ अधिकारियों ने गुरुवार को रेलिंग में गैप को लेकर मौका मुआयना किया।

भक्तिपथ के दुकानदारों से बातचीत करते एसडीएम सदर व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- अफसरों ने गुरुवार को निरीक्षण कर दी दुकानदारों को बड़ी राहत

एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय ने बताया कि हनुमानगढ़ी के गोलाई बैरियर से चिह्नित स्थान जहां पहले से गैप है को छोड़कर चार या ज्यादा स्थान तय करके ढाई-ढाई फीट का गैप कराया जायेगा। जिसे आज रात में पूरा करवा लिया जायेगा। बताया कि गैप करवाते समय व्यापार मंडल के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। निरीक्षण के दौरान रेजिडेंट मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव, अयोध्या कोतवाल मनोज पांडेय, थाना रामजन्म भूमि प्रभारी देवेन्द्र पांडेय और अन्य अधिकारियों के साथ उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम गुप्ता और अन्य व्यापारी समाज के लोग मौजूद रहे।

कोविड की तर्ज पर होगा अब बच्चों का रूटीन टीकाकरण

अयोध्या कार्यालय

- कोविन पोर्टल की तरह यूवीन पोर्टल पर कराना होगा पंजीकरण

अमृत विचार : कोविड के कोविन पोर्टल की तर्ज पर अब यूविन पोर्टल आ गया है। इस पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों का रूटीन टीकाकरण होगा। सिर्फ एक क्लिक पर बच्चों के टीकाकरण की सारी जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए जिले के टीकाकरण कर्मियों प्रशिक्षण दिया गया है। अब सर्वे कराया जा रहा है।

> यह पोर्टल काफी सुविधायुक्त है। इसमें परिवार का भी विवरण डाला जाएगा। पोर्टल पर डाटा आते ही छूटे हुए टीकों की भी जानकारी मिल जाया करेगी।
> –डॉ. दिलीप, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी

अमूमन बच्चों के जन्म लेने के बाद टीके के लिए कार्ड लेकर लोग सरकारी अस्पतालों के चक्कर लगाते थे। यही नहीं एएनएम और आशा बहुओं से भी संपर्क बनाए रहते थे। बच्चों को टीका लगाने के बाद कार्ड और रजिस्टर मेनटेन किया जाता था, लेकिन अब सभी चीजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। ऐसे में यू-विन पोर्टल लांच किया गया है। अब कोई भी व्यक्ति केंद्रों पर टीका लगवाने जाएगा तो उसका मोबाइल नंबर यू-विन पोर्टल पर दर्ज कर पंजीकरण किया जाएगा। प्रत्येक बार लाभार्थी टीकाकरण के कार्ड के साथ-साथ ऑनलाइन जेनरेटेड कार्ड भी पीडीएफ फाइल के रूप में अपने क्षेत्र की एएनएम व आशा के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

सार-संक्षेप

पूर्व पीएम शास्त्री के पौत्र ने किये रामलला के दर्शन

अमावा मंदिर में भोजन करते हुए (नीली शर्ट) विभाकर शास्त्री।

अयोध्या, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री ने गुरुवार को रामलला के दर्शन किये। पुजारी ने उन्हें रामनामी ओढ़ाई और प्रसाद भी दिया। इसके बाद परिसर के निकट स्थित अमावां मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

शोधार्थियों में जिज्ञासा होना बहुत जरूरी : प्रो. पुनीत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा गुरूवार को रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय वेबिनार को आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रो. पुनीत कुमार ने रिसर्च के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध के लिए जिज्ञासा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने शोध छात्रों को शोध की बारीकियों को समझाने के साथ–साथ पुरानी गुरु शिष्य परंपरा के महत्व से भी अवगत कराया। कहा कि शोध को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के निदेशक प्रो. एस के रायजादा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शोध का हर क्षेत्र में उपयोगिता है। संचालन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव और डॉ. रवींद्र भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोध छात्र–छात्राओं के साथ अन्य संस्थानों के शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

मलेरिया से बचाव के बारे में दी जानकारी

लघु नाटक के जरिए बच्चों ने लोगों को जागरूक किया। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को दर्शन नगर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल में सीएमओ डॉ. संजय जैन ने शिक्षक व छात्र–छात्राओं को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए जागरूक भी किया। जिला मलेरिया अधिकारी व एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि मलेरिया का अगर इलाज नहीं किया जाता तो यह लंबे समय तक चलने वाले, दीर्घकालिक संक्रमण का कारण बन सकता है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक/समस्त मलेरिया निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे। स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा मलेरिया से संबंधित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत किया गया।

बाजार के बीचों-बीच कूड़े के ढेर में लगी आग

कूड़े के ढेर में लगी आग।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी पूराबाजार क्षेत्र में मुख्य बाजार के बीचों–बीच गुरुवार दोपहर अचानक एक कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग की लपटों को ऊपर उठता देख पूरे बाजार में खलबली मच गई। आसपास सौ से अधिक दुकानें और आवासीय मकान हैं। लोगों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। लोगों ने फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर आक्रोश जताया। आग लगने का कारण नहीं पता चला।

लग्जरी कार में भिड़ी अनुबंधित बस

अयोध्या, अमृत विचार। रामपथ पर कैंट थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम रोडवेज की एक अनुबंधित बस और एक लग्जरी कार में टक्कर हो गई। सहादतगंज की ओर जा रही लखनऊ में पंजीकृत एक लग्जरी कार में पीछे से आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पुलिस लिखी कार सवार लोग नीचे उतरे और बस के चालक को पकड़ लिया। जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई थी केवल कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार सवार क्षतिपूर्ति मांग रहे थे। सहादतगंज चौकी प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी पुलिस के पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है।

सात फीट लंबी त्रिशूरा की नाव रामलला को समर्पित

कारसेवकपुरम में मौजूद शालू। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : दक्षिण भारत में नौका दौड़ के लिए प्रसिद्ध केरल की नौका श्री रामलला को समर्पित की गई। मलयालम अभिनेता और राज्य सभा सदस्य रहे सुरेश गोपी के प्रतिनिधि शालू केरल की सांस्कृतिक पहचान नाव को लेकर वह त्रिशूल से 2600 किलोमीटर की यात्रा कर बृहस्पतिवार को कारसेवकपुरम पहुंचे। कारसेवकपुरम प्रभारी शिवदास सिंह ने नौका स्वीकार की। शालू ने बताया कि यह नौका सात फुट लंबी और करीब एक फुट चौड़ी है। इसका सरयू में जलावतरण भी कराया गया।

आठ घंटे श्रीराम अस्पताल में नहीं रहेगी बिजली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लाइन शिफ्टिंग और तार खींचने के कार्य को लेकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से गुरुवार को अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत शुक्रवार को अयोध्या के श्रीराम अस्पताल की बिजली आपूर्ति आठ घंटे बाधित रहेगी। इसके अलावा रामनगरी के एक और फैजाबाद नगर क्षेत्र के चार विद्युत उपकेंद्र की भी आपूर्ति शुक्रवार और 29 अप्रैल को बाधित रहेगी। हालांकि अभी श्रीराम अस्पताल को अधिकृत रूप से बिजली कटौती की सूचना नहीं मिली है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रशासन को पत्र का इंतजार है।

- आज लाइन शिफ्टिंग के कारण ठप रहेगी आपूर्ति

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा की ओर से जारी सूचना के अनुसार अयोध्या एवं दर्शननगर रेलवे स्टेशन के मध्य बाराबंकी-अकबरपुर रेल खंड पर किमी 958/1-2 पर स्थित सम्पार संख्या 108 ए पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। निर्माण में बाधा बन रही लाइनों को नियुक्त कार्यदायी संस्था द्वारा विद्युत विभाग के पर्यवेक्षण में शिफ्ट करते हुए ऊर्जीकृत किया जाना प्रस्तावित है। इसके चलते 132 केवी दर्शननगर से पोषित 33 केवी श्री राम हॉस्पिटल लाइन की विद्युत आपूर्ति 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी। जिससे संबंधित संयोजनों की एवं क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण एवं आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

पांच उपकेंद्रों की भी बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

अधिशासी अभियंता एके सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार निर्माणाधीन 220 विघुत उपकेंद्र दर्शननगर को पोषित करने के लिए सोहावल दर्शननगर लाइन का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके तहत तार खींचे जाने के काम के कारण 33 केवी राम की पैड़ी, अमानीगंज, नियावां, मकखापुर, और 33 केवी श्रीराम अस्पताल उप केन्द्रों के अधीन आने वाले क्षेत्रों में 26 और 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे से सांय पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

ट्रस्टी ने श्रद्धालुओं के बीच खाया भंडारा

अयोध्या, अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी के परासरण राममंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान कराने को लेकर अयोध्या में प्रवास कर रहे हैं। अनुष्ठान के समापन के बाद गुरुवार दोपहर परिसर के निकट स्थित अमावा मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मैनेजर पंकज ने बताया कि के प्रसारण मंदिर ट्रस्ट के भी सदस्य हैं। वह अमावा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व आईएएस किशोर कुणाल से मुलाकात करने पहुंचे थे। श्रद्धालुओं को भंडारे में भोजन करता देख प्रसन्नता व्यक्त की और खुद भी प्रसाद ग्रहण किया।

श्रद्धालुओं का अभिवादन करते के. परासरण।

आस्था सिर्फ चार घंटे करते हैं विश्राम, रामलला के साथ ही जगते हैं नागेश्वरनाथ महाराज

रामलला से पहले होती है बजरंगबली की सुबह

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से मंदिरों की नगरी है। यहां के आठ हजार मंदिरों में भगवान को जगाने की अलग-अलग परंपरा है। अयोध्या में सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पर विराजमान बजरंगबली महाराज उठते हैं। उसके बाद उनके प्रभु श्रीराम की सुबह होती है।

अयोध्या की परंपरा हनुमानगढ़ी से शुरू होती है। विराजमान बजरंगबली सुबह तीन बजे उठ जाते हैं। जिसके बाद गर्भगृह में उनकी मंगला आरती संपन्न की जाती है। छह पुजारियों के द्वारा उनका अभिषेक व श्रृंगार किया जाता है। सुबह पांच बजे श्रृंगार आरती के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं कर लिए खोल दिया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि त्रेता युग में श्रीराम जब अयोध्या छोड़कर जाने लगे थे। उस समय हनुमानजी को राजा बनाते हुए अयोध्या की सुरक्षा के लिए छोड़ गए थे। पुजारी रमेश दास ने बताया कि रात में 11 बजे हनुमानजी विश्राम करने का समय हो जाता है।

भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला एवं हनुमानगढ़ी में अंजनी माता की गोद में हनुमंत लला।

सुबह चार बजे उठते हैं रामलला

दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला सुबह चार बजे उठते हैं। मंगला आरती के बाद अभिषेक, स्नान और श्रृंगार किया जाता है। सुबह छह बजे श्रृंगार आरती के दौरान कुछ निर्धारित दर्शनार्थी मौजूद रहते हैं। भक्तों के लिए 6.30 बजे पट खोल दिया जाता है। सुबह नौ बजे बाल भोग कराया जाता है। इसके बाद दोपहर 12 बजे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगता है। लगभग एक घंटे मंदिर का पट बंद रहता है। पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि सायंकाल आठ बजे संध्या आरती और रात्रि 10 बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद हो जाता है।

नागेश्वरनाथ में सुबह चार बजे के बाद शुरू होता दर्शन

सरयू तट स्थित प्राचीन मंदिर नागेश्वर नाथ मंदिर में सुबह चार बजे भोलेनाथ जग जाते हैं। इसके बाद उनके श्रृंगार, आरती और दर्शन पूजन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु स्नान के बाद नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। पुजारी सभापति तिवारी ने बताया कि मंदिर की मान्यता है कि श्रीराम के पुत्र कुश द्वारा इसकी स्थापना कराई गई थी।

मां छोटी देवकाली रात में नौ बजे के बाद करती हैं विश्राम

अयोध्या में दो प्रमुख शक्तिपीठ स्थापित हैं। जिन्हें बड़ी देवकाली और छोटी देवकाली मंदिर के नाम से जाना जाता है। बड़ी देवकाली मंदिर श्रीराम की कुलदेवी के रूप में जानी जाती हैं। जहां प्रतिदिन सुबह छह बजे माता की श्रृंगार आरती होती है। छोटी देवकाली मंदिर माता सीता की कुलदेवी हैं। यहां पर सुबह 6.30 बजे श्रृंगार आरती की परंपरा है। पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि रात नौ बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद होता है।

कनक बिहारी महाराज दिन में भी करते आराम

प्राचीन कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी महाराज सुबह पांच बजे उठते हैं। सुबह सात बजे श्रृंगार आरती की जाती है। इसके बाद दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ होती है, लेकिन 11 बजते ही मंदिर का पट बंद कर दिया जाता है। इसके बाद शाम चार बजे ही खुलता है। पुजारी दिलीप ने बताया कि शयन आरती रात 10 बजे होती है। कहा जाता है कि यह मंदिर माता सीता को मुंह दिखाई में मिला था।

सार-संक्षेप

एयरपोर्ट पर सिन्धु एकता मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते सिंधी समाज के लोग।

अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन में आएंगे 400 प्रतिनिधि : विजय

अयोध्या, अमृत विचार : तीन दिवसीय सिन्धु एकता मंच का तीसरा अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन 13,14 व 15 जुलाई को रामनगरी के एक होटल में होगा। इसमें देश-विदेश के 400 प्रतिनिधि अयोध्या पहुंचेंगे। इससे पहले गोवा व दमन मे सम्मेलन आयोजित हो चुका है।ये बातें मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी व महिला विंग की अध्यक्ष गीता टिलवानी ने गुरुवार को कहीं। दोनों पदाधिकारी सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा करने पूना से अयोध्या आए हैं। अयोध्या पहुंचने पर महर्षी वाल्मीकि एयरपोर्ट पर मंच के राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश ओमी, महिला विंग की अध्यक्ष मुस्कान सावलानी, युवा समाजसेवी हरीश सावलानी, दिलीप बजाज ने बुके देकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सम्मलेन में सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम, बहिराणा साहिब, सिंधी प्रतिभाओं का सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी प्रतिनिधि अयोध्या दर्शन भी करेंगे।

अयोध्या आ सकते हैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोध्या आ सकते है। अमेठी दौरे के समय उनकी अयोध्या यात्रा हो सकती है। हालांकि अभी इस औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। न ही कोई कार्यक्रम आया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी 26 अप्रैल को मतदान के बाद अमेठी आने का कार्यक्रम संभावित है। अमेठी दोरे के समय वह अयोध्या का दौरा कर सकते हैं। बता दें कि 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए राहुल गांधी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था लेकिन वह अयोध्या नहीं पहुंचे थे। चर्चा है कि 26, 27 अप्रैल के बाद वह अमेठी दौरे पर आने की संभावना है। उसी समय वह अयोध्या आ सकते हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि फिलहाल अभी न तो उनके कार्यक्रम और न ही अयोध्या आने की कोई सूचना पार्टी स्तर पर प्राप्त हुई है।

जज के बेटे का सरयू घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

अयोध्या, अमृत विचार। राष्ट्रीय जाँच एजेंसी विशष अदालत लखनऊ के जज के बेटे का गुरुवार शाम सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लखनऊ और जनपद के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि लखनऊ में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत में जज के रूप में तैनात अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी के पुत्र अजितेश त्रिपाठी ने गुरुवार सुबह सरकारी आवास बटलर पैलेस में आत्महत्या कर ली थी। अंतिम संस्कार के लिए मूल रूप से देवरिया जनपद निवासी जज परिवार समेत अपने बेटे का शव लेकर दोपहर अयोध्या पहुंचे। हालांकि परिवार बंगलुरू से लड़के के मामा के आगमन के इंतजार में रहा, जिसके चलते अंतिम संस्कार की प्रक्रिया उनके यहां पहुँचने के बाद शाम को शुरू हो पाई। बेटे की चिता को मुखाग्नि जज ने स्वयं दी है। जिले में तैनात अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे ने बताया कि एनआईए जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी उनके बैचमेट हैं। अंतिम संस्कार के दौरान घाट पर लखनऊ में अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश गैंगेस्टर जज के पद पर तैनात पुष्पक उपाध्याय, लखनऊ जिला अदालत के कई अन्य न्यायिक अधिकारी, जनपद के अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश अशोक कुमार दुबे समेत मृतक के नात-रिश्तेदार और परिवार के लोग मौजूद रहे।

मरीजों पर भारी पड़ रही एएनएम की मनमानी

कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार : सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्र मीरापुर की हालत दयनीय है। यहां एएनएम की मनमानी से मरीजों को अक्सर निराश होकर लौटना पड़ता है। यही हाल गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे का था। जहां स्वास्थ्यकर्मी नदारद रहे। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को टीकाकरण, प्रसव आदि के लिए भटकना पड़ता है। गुरुवार स्वास्थ्य उपकेंद्र मीरापुर में सुबह करीब 11 बजे तक केंद्र पर एएनएम नहीं आयी थीं। यहां क्षेत्र से पहुंचे विजय, अमरेश, कांति, उजमा व फिरोज आदि को घंटों इंतजार करना पड़ा। उन्होंने बताया एएनएम समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की मनमानी से अस्पताल की सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी सिद्धौर व कोठी तक दौड़ना पड़ता है। सीएचसी अधीक्षक सिद्धौर हरप्रीत सिंह ने बताया सूचना मिली है, जांच की जाएगी।

कार चालक से छीने 11 हजार रुपये

रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार : एक कार चालक को नींद आने पर वह कार को किनारे लगा सो रहा था। तभी बदमाश ने कार का शीशा तोड़कर चालक से मोबाइल सहित नकदी लूट ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना सफ़दरगंज के कटरा मजरे पल्हरी के निवासी हलीम घर से अपनी कार से रुदौली जा रहा था। तभी रामसनेहीघाट पॉवर हाउस के सामने अचानक नींद आने से वह पावर हाउस के सामने गाड़ी रोक कर सो गया। तभी एक बदमाश ने कार का शीशा तोड़कर जबरदस्ती छीना झपटी करके मोबाइल और पर्स में रखे 11 हजार रुपये छीन लिये। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 204 बच्चों का चयन

पढ़ाई के लिए चार साल में मिलेंगे कुल 48 हजार रुपये

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। इसमें जनपद ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस बार 204 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तरह ही परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का दबदबा कायम रहा। अयोध्या में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित जिला सहप्रभारी शिक्षक मनीष देव गुप्ता ने गुरुवार को परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार की ओर से कक्षा नौ से बारहवीं तक अध्ययन करने पर हर साल 12000 हजार रुपये प्रति वर्ष छात्रवृति दी जाती है। तरह से इस चार साल में विद्यार्थी को छात्रवृत्ति के कुल 48 हजार मिलेंगे। घोषित परिणाम में अधिकांश बच्चे परिषदीय स्कूलों के हैं। जनपद में इसके लिए लगभग 5569 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। करीब 4405 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इस योजना के तहत जिले के लिए निर्धारित कोटा 208 छात्रों में से 204 बच्चों को सफलता मिली, जबकि चार सीटें एसटी श्रेणी की शेष रह गई। जिले में एसटी श्रेणी के बच्चे ना होने से ये सीटें प्रतिवर्ष खाली रह जाती है।

> परीक्षा परिणाम आ गया है। अधिकतर परिषदीय विद्यालयों के बच्चे चयनित हुए हैं जो गौरव का विषय है। सभी सफल बच्चों को बधाई। – **संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के मेधावियों को एसएसपी पोस्टल एचके यादव ने किया पुरस्कृत।

छात्रवृत्ति योजना के विजेताओ को किया गया पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के विजेता सात छात्र-छात्राओं को गुरुवार को डाक विभाग की ओर से आयोजित समारोह में प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने पुरस्कृत किया। इस योजना में अयोध्या मण्डल से कनोसा कॉन्वेन्ट, आर्मी पब्लिक स्कूल व सनबीम स्कूल सहित कुल 160 प्रतियोगी शामिल हुए थे। प्रधान डाकघर में आयोजित समारोह में आर्मी पब्लिक स्कूल की वर्तिका मिश्रा, सैय्यद रेयान असरफ, कनौसा की आंचल शुक्ला, रश्मि सिंह, आराध्य जायसवाल, अपूर्वा जायसवाल व पर्णिका सिंह को दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना का 6000 रुपये का चेक व पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रवर डाक अधीक्षक यादव ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में किंग ऑफ हॉबी फिलेटली को बढ़ावा देना है। वक़्त के साथ छोटा सा कागज का टुकड़ा दिखने वाले डाक टिकट ऐसे अमूल्य दस्तावेज बन जाते हैं, जिनकी कीमत लाखों -करोड़ों में हो जाती है। इस दौरान डाक निरीक्षक राजेश्वर दूबे, हरिमोहन सिंह, गौरव सोनी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

शत-प्रतिशत मतदान से पूरा होगा भाजपा का संकल्प : वेदप्रकाश

पूराबाजार,अयोध्या।

अमृत विचार : अबकी बार 400 पार का नारा साकार करने के लिए बूथ व पन्ना प्रमुखों सहित सबको कड़ी मेहनत करनी होगी। इसके लिए शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रयास करना होगा। यह बातें पूरा मंडल के भाजपा शक्ति केंद्र अंकवारा के बूथ व पन्ना प्रमुखों की बैठक में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहीं।

इस अवसर पर हाल में ही भाजपा में शामिल हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हृदय राम यादव का स्वागत किया। करुणाकर पांडेय ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ व सबके विकास के लिए संकल्पित है। बैठक को पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव मंडल, प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, चुनाव सहसंयोजक नंद कुमार सिंह,स्वामीनाथ सिंह, अमरजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिला संगठन मंत्री राम शंकर वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान शक्ति केंद्र प्रमुख शोभाराम वर्मा, आनंद सिंह पिंटू, प्रधान संघ के जिला सचिव अनूप कुमार वर्मा, अजीत वर्मा,सुरजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

पूर्व जिप सदस्य का स्वागत करते नगर विधायक।

111 की जगह मात्र 10 मजदूरों से लिया जा रहा कार्य

सांथा, संतकबीरनगर

अमृत विचार : सांथा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की मिली भगत से मनरेगा योजना से चकरोट पटाई का कार्य तीन परियोजनाओं पर कार्य करवाया जा रहा है। जिम्मेदार अपनी ग्राम पंचायत के जाबकार्ड धारकों से काम न कराकर ग्राम पंचायत बनौली के लेबरों से ठीका पट्टी के तहत कार्य करवाया जा रहा है। बेहद गम्भीर बात तो यह है कि इस कार्य में 111 मजदूरों की आनलाइन हाजिरी चल रही है और मौके पर मीडिया द्वारा कवरेज के दौरान महज 10 मजदूर ही काम करते मिले। अन्य मजदूरों के बारे में पूछने पर जिम्मेदार कोई जवाब नहीं दे सके। पिच रोड से करही बाबा के स्थान तक चकरोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है। एक तरफ जहां शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में ही गरीब परिवारों को रोजी रोटी देने का कार्य ग्राम पंचायत स्तर से दिये जाने का प्रावधान है वहीं ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी के ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की मिली भगत से दूसरे ग्राम पंचायत के मजदूरों को बुला कर मजदूरी देने का कार्य किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है। सम्बन्धित अधिकारी को भेज कर जांच करवाता हूं। मामला सही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

ठेके पर काम करते दूसरे गांवों से आए मजदूर। अमृत विचार

- ठेकेदारी के माध्यम से पटवाया जा रहा चकरोट
- सांथा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी का मामला

कोरोना काल से बंद है पैसेंजर ट्रेन, यात्री परेशान

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: कोरोना काल में बंद हुई पैसेंजर ट्रेनें आज तक शुरू नहीं हो पायीं। इससे दैनिक यात्री परेशान हैं। इस समस्या को लेकर कई बार आवाज उठाई गई लेकिन जनप्रतिनिधियों से लेकर विभाग के आला अधिकारियों ने इस और ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

ज्ञात हो कि कोरोना काल के समय रोडवेज बस प्राइवेट वाहन व टैक्सी के साथ साथ पैसेंजर ट्रेनों का भी संचालन रोक दिया गया था। बीमारी का प्रकोप कम होते ही सभी संसाधन संचालित कर दिए गए लेकिन गोंडा लखनऊ सीतापुर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन आज तक नहीं हो पाया है। सस्ते किराए के सहारे बुढ़वल स्टेशन से हजारों की संख्या में मजदूर व छात्र-छात्राएं लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, महमूदाबाद, सीतापुर, बिसवां आदि तक प्राइवेट नौकरी व अच्छी शिक्षा के लिए दैनिक यात्रा करते थे। पैसेंजर ट्रेनों के बंद होने के बाद से कुछ दिनों तक महंगा किराया लगाकर बसों के सहारे लोगों ने यात्रा की। लेकिन आय कम और व्यय अधिक होने के कारण क्षेत्र के तमाम लोगों ने महंगे किराए की वजह से यात्रा बंद कर दी। और पैसेंजर ट्रेन के संचालन की राह ताकते रहे। हालांकि कई बार बुढ़वल स्टेशन का निरीक्षण करने आए भाजपा के दिग्गज नेताओं से भी पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की गई पर अब तक लोगों की मांग पूरी नहीं हुई।

हादसे में भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक समेत दो की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इसेपुर निवासी उदित नारायण (50) भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक थे। बुधवार को अपने साथ राम लखन (48) निवासी समैसी के साथ बाइक से बड्डूपुर एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। देर रात बाइक से घर लौटते समय फतेहपुर-बाबा कुटी मार्ग पर स्थित शेखपुर अलीपुर गांव के निकट पिकअप ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उदित नारायण को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि राम लखन की हालत गंभीर बताते हुए इसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरनिया निवासी चालक विजय तिवारी (30) पिकअप लेकर गोंडा जा रहा था। फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर ग्राम लालपुर के निकट अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी। चालक विजय तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दिल के टुकड़े हजार हुए जैसे है विपक्ष की हालत : बृजभूषण

बहराइच कार्यालय

अमृत विचार। विशेश्वरगंज में बृहस्पतिवार शाम को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विपक्ष दिल के टुकड़े हजार हुए जैसा हो गया है। हालत ऐसी हो गई है कि कोई अलग चुनाव लड़ रहा है तो कोई गठबंधन के साथ है।

जिले के विशेश्वरगंज में बृहस्पतिवार को चुनावी प्रबंधन की बैठक आयोजित हुई, जिसके मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। संसद में क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए चुनाव तैयारी पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि चिंता न करें, भाजपा उनको ही टिकट देगी। सांसद बोले कि पूरे देश में कैसरगंज सबसे हॉट सीट बन गई है। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। टिकट मिलने के सवाल पर कहा कि परेशान मत होइए, टिकट आ जायेगा। राहुल गांधी के महिलाओं को करोड़ पति बनाने के मामले में सांसद ने कहा कि वह छोटे कार्यकर्ता हैं। वह राहुल के बारे में कुछ नहीं बोल सकते। विपक्ष के गठबंधन के मामले में सवाल के बारे में बोलते हुए सांसद ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से बिखर गया है। उन्होंने गाना दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा कोई वहां जैसी स्थिति बन गई है। गठबंधन सिर्फ नाम का है, सब बिखर गए हैं। इस दौरान भाजपा विधायक पुत्र निशंक त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

- कैसरगंज सांसद बोले मैं एक सामान्य कार्यकर्ता, राहुल के बारे में कुछ नहीं कहना

औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण को बढ़े कदम

रामसनेहीघाट बाराबंकी

अमृत विचार: दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश के वादे को धरातल पर उतारने के लिए तहसील रामसनेहीघाट के राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को सनौली और कंधईपुर गांव में भरी दोपहरिया यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ जमीन की नापजोख की।

सनौली व कंधइर्पुर गांवों में स्थित 265 एकड़ करीब 1060 बीघा भूमि पर औद्यौगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को हस्तांतरित कर दिया था। सीडा के अधिकारी जगदीश चंद्र पांडेय ने बताया कि शनिवार से जमीन की नपाई चल रही है। तहसील प्रशासन ने दोनों गांवों की 68 हेक्टेयर सरकारी जमीन के बाद जो किसानों की जमीन अगल-बगल आ रही थी, उसे नापकर किसानों को दूसरी जगह जमीन दी जाएगी। आज कुल 83 हेक्टेयर ज़मीन की नापजोख कर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नाम करवाने की कार्रवाई शुरू की गयी है। श्री पांडेय ने कहा की जमीन को समतल कराकर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और यहां पर कई फैक्ट्रियां लगेंगी। सीमांकन का कार्य करने के लिए कानपुर से अधिकारियों की टीम सर्वे के लिए आएगी और सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस औद्योगिक स्थान के विकसित होने के साथ-साथ क्षेत्र में निवेश के द्वार तो खुलेंगे ही कई बड़े उद्योगों की स्थापना का रास्ता भी साफ होगा।

भूमि की नापजोख करते अधिकारी। अमृत विचार

अवैध निर्माण को ढहाने की मांग

फतेहपुर, बाराबंकी: अमृत विचार: राजस्व न्यायालय द्वारा जुर्माने के बावजूद भी दबंग द्वारा मौके पर चकमार्ग की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया गया है। लोगों ने एसडीएम से अवैध निर्माण ो ध्वस्त कराने की मांग की है। मामला मनाजूपुर मजरे सिहाली का है। इस गांव के निवासी संजय, टिन्कू, कन्हैय्या, हैसियत, कुलदीप, रामू आदि का आरोप है कि गांव के निवासी बाबूराम द्वारा चकमार्ग की भूमि को जोतकर अपने खेत में मिला लिया गया। ग्रामवासियों द्वारा शिकायत पर तहसील प्रशासन ने बाबूराम के ऊपर 68750 रूपये का जुर्माना करते हुए उसके बेदखल करने का आदेश जारी किया था। किन्तु इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक घायल : मसौली, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला रौजा निवासी फुरकान पुत्र निजामुद्दीन गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे अपनी बाइक से किसी कार्य से मसौली चौराहे पर गया था। मसौली चौराहे के मध्य कट पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लोगों ने उसे सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पीएम के लिए भेजा है। बीते बुधवार की रात रानी बाजार क्रॉसिंग के रेलवे ट्रैक पर विनय कुमार (30) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी नरैनी पुरवा का क्षत विक्षत शव मिला। ग्रामीणों ने बताया युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। बुधवार की शाम युवक के घर वाले मांगलिक कार्यक्रम में होने गए थे। घर पर वह अकेला था। अचानक रात्रि में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 23/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-

क्रम सं.-1, कार्य का विवरण: समंइं/काशीपुर (54 नग) एवं समंइं/पीलीभीत (33 नग) के अन्तर्गत बेहतर एस.ई.जे. के साथ पारम्परिक एस.ई.जे. का नवीनीकरण। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 53,45,270.55, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,06,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 08 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: सी.से.ई./कार्य/रूद्रपुर सिटी के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 95,15,921.22, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,90,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का विवरण: सी.से.ई./कार्य/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,36,50,366.00, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,18,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का विवरण: मानसून के मौसम में हैवी सरफेस रनऑफ के कारण काशीपुर स्टेशन पर जलभराव को रोकने के लिये जल निकासी व्यवस्था के प्रावधान के साथ सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग एवं स्टेशन एप्रोच रोड को ऊँचा करने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 89,93,835.25, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,79,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 03 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 17-05-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मुजाधि/डब्लू-35 **मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **रोली वर्मा** पुत्री तेजराम वर्मा निवासी पीरपुर मजरे इब्राहिमाबाद ब्लॉक हरख थाना कोठी जनपद बाराबंकी 24 अप्रैल 2024 को गांव के बाहर से अचानक लापता हो गई है। जो मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है। उसका इलाज जारी था। **हुलिया–** उम्र– 29 वर्ष, कद– 5 फुट 6 इंच, रंग– गोरा व लंबा चेहरा, पहनावा– मेहंदी कलर का सूट, गुमशुदा– 24 अप्रैल 2024 को गांव के बाहर से। किसी को जानकारी हो तो सूचित करें–

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी – 9454400251
थानाध्यक्ष कोठी – 9454403066
भाई उमाशंकर – 9140765789

तलाश गुमशुदा

1. **नाम पता गुमशुदा–** श्रीमती शालिनी (उम्र 30 वर्ष)
2. **पिता का नाम–** शिवलाल, **पति का नाम–** रिंकू उर्फ कौशल किशोर, **जाति–** गौड़, 3. **पता–** ग्राम चमनगंज (कुन्दनगंज) मजरे करनपुर थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली

हाल पता– ग्राम रायगढ़ थाना खीरो जनपद रायबरेली

4. **सूचनाकर्ता** – श्री राकेश कुमार पुत्र शिवलाल, **निवासी–** ग्राम रायगढ थाना खीरो जनपद रायबरेली, **मो0नं0**– 9325452819

हलिया एवं पहनावा – रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**–05 फिट 4 इंच, **पहनावां**–साड़ी हरा रंग, ब्लाउज हरा रंग और पैरो में काली जूती पहने हुए है।

निवेदन है कि उक्त गुमशुदा महिला के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे दिये नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

(हरिश्चन्द्र यादव) उपनिरीक्षक
थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0-6389302657
प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0- 9454404126

सूचना

सूचित हो कि मैं **इबने हसन पुत्र नूरूल हसन, निवासी–7/1/226, मोहल्ला– वजीरगंज शहर फैजाबाद, पोस्ट– सिटी, थाना– कोतवाली नगर जिला अयोध्या** मेरे समस्त दस्तावेजीय साक्ष्यों पर मेरा नाम IBNE HASAN इस स्पेलिंग के अनुसार अंकित है किन्तु मेरे पूर्व पासपोर्ट पर मेरा नाम IBNEY HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित हो गया था जो त्रुटिपूर्ण है मेरा नाम IBNE HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित है को ही स्वीकार किया जाये क्योंकी इस इस्पेलिंग के अनुसार मैं जाना व पहचाना जा रहा हूँ। भविष्य में भी मुझे इसी नाम और स्पेलिंग से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मोहित कुमार पुत्र कृष्णदेव, माता सुमन देवी,निवासी ग्राम–चरदहा पोस्ट– शिवदहा ,पयागपुर जनपद– बहराइच** का यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रणाम पत्र वर्ष 2022 वास्तव में गायब हो गया है, जिसका रोल नंबर 1222346442 है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने (माइनर) पुत्र का नाम ABDUL AHAD से बदलकर ABDUL AHAD KHAN कर दिया है। अब भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 WASIM AHMAD KHAN, **नि0–प्लाट नं0 361, फ्लैट नं0– 501, बिलडिथा डायमंड, लखनऊ माडर्न पब्लिक स्कूल इंसाफ नगर सेक्टर–10 इंदिरा नगर, लखनऊ**

कार्यक्रम कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में जागरूक मतदाता सम्मेलन आयोजित, वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील

प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वालों को जनता देगी जवाब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने गुरुवार को फतेहपुर में जनप्रतिनिधि और जागरूक मतदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के सपनों को हकीकत में बदला है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराकर देश के स्वाभिमान की रक्षा की है। विकास कार्यों को और अधिक गति मिले तथा भारत की सांस्कृतिक सभ्यता और व्यवस्था बरकरार रहे। इसके लिए हम सभी लोगों को एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है।

राज्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस को जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने लोगों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की। वहीं विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही। लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सभी के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, हरगोविंद सिंह, शशांक कुसुमेश, संदीप गुप्ता, अंजू चंद्रा, विजय आनंद बाजपेई, जवाहर वर्मा, राजेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, रामकृपाल मिश्रा, अनुपम निगम, रंगनाथ त्रिपाठी, विनय मौर्य, रामचंद्र वर्मा और अनिल वर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र के प्रधान और बीडीसी मौजूद रहे।

मंच से सभा को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

एक नजर

जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। टांडा कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों सर्वेश पुत्र विजय सोनी उम्र करीब 25 वर्ष निवासी हयातगंज थाना कोतवाली टाण्डा, राधेश्याम पुत्र रामप्रताप उम्र करीब 45 वर्ष निवासी हयातगंज थाना कोतवाली टाण्डा, राकेश कुमार पुत्र स्व. रामगोपाल उम्र करीब 34 वर्ष निवासी हयातगंज थाना कोतवाली टाण्डा को गोपाल टाकीज मैदान हयातगंज थाना कोतवाली टांडा से जुआ खेलते हुए 52 ताश के पत्ते और 3250 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है।

तीन पुलिसकर्मियों का हुआ स्थानांतरण

जलालपुर, अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना मे तैनात कांस्टेबल धनंजय यादव, कांस्टेबल अंकित यादव, कांस्टेबल तन्मय तिवारी कई वर्षों से तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने कार्यवाही करते हुए मालीपुर थाने से तीनों पुलिस कर्मियों को हटाकर अलग-अलग थानों में स्थानांतरण कर दिया। जिसमे कांस्टेबल धनंजय यादव को जलालपुर कोतवाली, कांस्टेबल अंकित यादव अकबरपुर, कांस्टेबल तन्मय तिवारी को टांडा कोतवाली स्थानातरण कर दिया है।

सड़क सुरक्षा के तहत 22 वाहनों का काटा चालान

अंबेडकरनगर, । सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत डॉ. अशोक स्मारक पीजी कालेज परिसर में चालकों और परिचालकों का स्वास्थ्य विभाग ने नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण किया । सभी चालकों का आई विजन सही पाया गया। एआरटीओ सत्येंद्र यादव ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट के अभियोग में 22 वाहनों का चालान किया गया । यातायात नियमों के पालन करने के लिए पम्पलेट, हैण्डविल का वितरण कर जागरूक किया गया।

मतदान से पूर्व घर-घर पहुंचाएं पर्ची : डीएम

आशा बहू घर-घर जाकर लोगों को मतदान में प्रतिभाग करने के लिए करें प्रेरित

बैठक

▸▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में जनपद के आशा बहू के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त आशा बहुओं से लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बीएलओ द्वारा मतदान के पांच दिवस पूर्व तक घर-घर मतदाता सहायता पर्ची पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आशा बहू से अपील किया कि वह घर घर जाकर लोगों को मतदान में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें, जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

बैठक में उपस्थित आशा बहुओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी को यह आश्वस्त किया कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वह पूरे मनोयोग से कार्य करेंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिंक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। सभी उपस्थित आशाओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी और मतदान के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया गया। 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं। वह वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को जानकारी देते हुए कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर आशा बहुओं को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में मौजूद आशा बहू। अमृत विचार

आशा बहू मतदाताओं को करें जागरूक

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वहां पर उपस्थित समस्त आशा बहू से अपील किया कि आप सभी स्वयं मताधिकार का प्रयोग करें और अपने गांव में जाकर युवा मतदाता, बृद्ध मतदाता, महिला मतदाता, विकलांग मतदाता सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में आप सभी की अहम भूमिका है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

जिले में आकाश आनंद की जनसभा आज, तैयारियां पूरी

▸▸ **पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने तीन दशक पहले शिवबाबा मैदान पर की थी जनपद के गठन की घोषणा**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद शुक्रवार को जनपद के दौरे पर रहेंगे। वे शिवबाबा धाम के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसको लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। आकाश करीब डेढ़ घंटे जनपद में रहेंगे। वह शाम 3:30 बजे शिवबाबा मैदान पहुंचेंगे और 5 बजे तक वह जनसभा और पार्टी पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन करेंगे। बता दें कि लगभग तीन दशक पहले शिवबाबा धाम से मुख्यमंत्री मायावती ने जनपद गठन की घोषणा की थी। जिसके बाद से ही यहां पर लोकसभा चुनाव में बसपा का कब्जा रहा। पहली बार जनपद आ रहे बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद भी इसी मैदान से पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

आकाश आनंद।

राजनीतिक रैलियों के लिए जनपद के अकबरपुर नगर के निकट स्थित शिवबाबा मैदान इतिहास में दर्ज है। इसी मैदान से जनपद के गठन की घोषणा हुई थी।

सार-संक्षेप

दो चोर गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। टांडा कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी भी पुलिस ने बरामद किया है। कोतवाली टांडा पुलिस ने चिन्तौरा पानी टंकी थाना कोतवाली टांडा से अभियुक्त अजय कुमार पुत्र विक्रम निवासी जगदीशपुर कपलेश्वर दौलतपुर थाना जलालपुर उम्र करीब 36 वर्ष व मो. मेराज अहमद पुत्र मो. तेहरान निवासी बड़ा चिन्तौरा थाना कोतवाली टांडा उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक स्कूटी व चोरी की गई दो मोटर साइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों ने पुलिस से पूछताछ में बताया कि मोटर साइकिल चोरी करके उनको छुपाकर एक जगह पर रखते हैं और मौका पाकर कम दामों मे लोगो को बेंच देते है। ग्राहकों द्वारा कागज मांगने पर बाद में देने को कहकर गुमराह करते है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी, मौत

बसखारी अंबेडकर नगर। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती के जहरीला पदार्थ खाने से उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवती जौनपुर जनपद की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद की रहने वाली पूनम सरोज व राम डीह सराय गढ़ा निवासिनी वंदना नाम की लड़की से दोस्ती हो गई थी। मृतक लड़की पूनम सरोज अपने घर वालों से विवाद होने के बाद सुबह जौनपुर से बसखारी थाना क्षेत्र में स्थित गढ़ा गांव में आने के लिए निकली थी। जो गांव में स्थित एक मुर्गी फार्म के करीब बेहोशी की हालत में स्थानीय लोगों को मिली। स्थानीय लोगों ने युवती की मदद के लिए पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी। बताया जाता है कि एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए युवती को बसखारी सीएचसी ले जाया गया। जहां पर उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में ही इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। बसखारी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुष्कर्म के आरोपी किशोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बकरी चराने गई किशोरी के साथ जबरिया दुष्कर्म कर फरार किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय भेज दिया है। मामला कटका थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ बीते 22 अप्रैल को घटित हुई थी। किशोरी गांव के निकट बकरी चरा रही थी। उसकी एक बकरी कुछ दूर चरते-चरते चली गई। जिसे ढूंढते किशोरी दूर पहुंच गई। वहां मौजूद एक किशोर बच्ची का मुंह दबाकर एक गड्ढे में ले गया और जबरिया उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान बच्ची शोर मचाती रही, लेकिन वह नहीं माना। कुछ लोगो के आने की आहट सुन किशोर वहां से फरार हो गया। किसी तरह किशोरी घर पहुंच कर आप बीती परिजनों को सुनाई। जिसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। लोक लाज के भय से परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दिया और निजी अस्पताल में इलाज कराने लगे। रिश्तेदारों से समझाने के बाद पीड़ित परिवार 24 अप्रैल को थाना पहुंचा जहां पुलिस ने किशोर के विरुद्ध दुष्कर्म पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय भेज दिया गया है।

27 को जनपद पहुंचेगा परिक्रमार्थियों का जत्था

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। रामनगरी अयोध्या से शुरू हुए 84 कोसी परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं का जत्था जनपद के भीटी तहसील क्षेत्र में 27 और 28 अप्रैल को पहुंचेगा। जनपद की सीमा तमसा पुल पर परिक्रमार्थियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। परिक्रमा आयोजन समिति के जिला प्रमुख रामसूरत वर्मा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के श्रद्धालुओं का जत्था 27 को आएगा। बाबा गयादास के नेतृत्व में साधु-संतों का जत्था 28 अप्रैल को नगहरा में प्रवेश करेगा। रोहनपारा, खानपुर, धामापट्टी, महमदपुर, कंद्रियावा, ऊंजीपारा, खरिकाभारी, नोकरापुर, नबाबगंज, बेरासपुर व सरैया गांवों से होकर अयोध्या जनपद के तारुन ब्लाक क्षेत्र में प्रस्थान करेगा। परिक्रमार्थी साधु-संतों की टोली गांवों के मंदिरों तथा अन्य धार्मिक स्थलों से वाद्ययंत्रों की धुन पर भजन-कीर्तन और जयकारा लगाते हुए गुजरेगी।

लटक रहे तार हादसे को दे रहे हैं दावत

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। विद्युत पोल से झूल रहे तार के टूट कर गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके विद्युत महकमा इस कमी को दूर नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा इसके लिए कई बार शिकायतें भी की गयी है। बताया जाता है कि तेंदुआई कला विद्युत उपकेंद्र से समडीह गांव में विद्युत आपूर्ति संचालित की जाती है। यहां सार्वजनिक स्थल पर स्थित विद्युत पोल से मौजूदा समय में तार झूल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तारों को दुरुस्त कराने को लेकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार लिखित और मौखिक सूचना दी है। लेकिन जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। इस बारे में जब एसडीओ से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं लगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मतदान के लिए किया जागरूक

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भारत के उज्ज्वल भविष्य और विकास के लिए बिना किसी डर, भय, लोभ के लोकतंत्र को मजबूत करने में सभी लोग भागीदार बनें। यह बातें चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा सिंह ने किया। संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी जिला संगठन आयुक्त व एकता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में तहसील आलापुर के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, गीत प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि युवाओं का एक सपना होता है और सब अपने सपने पूरा करना चाहते हैं यह तभी संभव होगा जब आप एक अच्छी सरकार चुनेंगे और उसके लिए आपको मतदान आवश्य करना चाहिए।

बसपा ने कमर हयात को बनाया उम्मीदवार

लोकसभा चुनाव

▸▸ **कमर हयात जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश पांडे के खिलाफ लड़ चुके हैं चुनाव**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से बसपा ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमर हयात अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। कमर हयात की गिनती बसपा के पुराने नेताओं में होती है।

कमर हयात जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से राकेश पांडे के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं। जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। इस बार लोकसभा चुनाव में बसपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने हाल ही में पार्टी में शामिल हुए मो. कलाम शाह को 24 मार्च को शहजादपुर स्थित एक मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कलाम शाह को लोकसभा प्रभारी, प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा किया था। घोषणा के बाद से पार्टी नेताओं व कलाम शाह ने लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया था। लेकिन 17 अप्रैल को कलाम शाह का ऑडियो वायरल होने के बाद उनका टिकट काट दिया गया था। जिसके बाद गुरुवार को बसपा ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमर हयात अंसारी को लोकसभा उम्मीदवार बनाया है।

कमर हयात

कमर हयात वर्ष 2006 में अध्यक्ष पद के लिए चुने गए थे और 2002 में बसपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन इनको पराजय का सामना करना पड़ा था। उनकी पत्नी फरजाना खातून 2017 में नगर पालिका अध्यक्ष रही हैं। बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख राम नयन निर्दोष ने कहा कि यह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और मंडल कोऑर्डिनेटर भी रह चुके हैं। अभी तक इनका दल-बदल का इतिहास नहीं रहा है।

बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। श्याम दयाल पुत्र सिद्धू उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी कटारगढ़ बाइक से बसखारी की तरफ से अपने घर जा रहा था कि इसी बीच शुकुल बाजार की तरफ से जा रही पल्सर बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार श्याम दयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बसखारी सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरा बाइक चालक मोहम्मद कैफ बाल-बाल बच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

29 अप्रैल से छह मई तक होगा नामांकन, तैयारियां तेज

▸▸ **सात मई को होगी नामांकन पत्रों की जांच, नौ मई को नाम वापसी की तिथि की गई है निर्धारित**

संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल से उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो छह मई तक चलेगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर के जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में नामांकन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 29 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन की प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 15 मई तक कार्य समाप्ति तक ईवीएम की कमीशनिंग कलेक्ट्रेट भवन में की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टी की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नामांकन निर्धारित तिथि में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर किसी भी दिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा।

जन्म प्रमाण पत्र को लेकर भिड़े सभासद प्रतिनिधि व कर्मचारी

ईओ जलालपुर से शिकायत करते सभासद। अमृत विचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जन्म प्रमाण पत्र देरी से बनाने की शिकायत करने पर तैनात कर्मचारी ने सभासद प्रतिनिधि से वाद-विवाद करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। सभासदों के आक्रोश को देखते हुए कर्मचारी ने माफी मांग कर मामले को खत्म किया। वार्ड नंबर 18 के सभासद अमियत जहरा के प्रतिनिधि नाजिस हैदर ने नगर पालिका में कर्मचारी नवाज अशरफ को वार्ड के किसी बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिया था। जन्म प्रमाण पत्र न बनने के कारण सभासद प्रतिनिधि नाजिस हैदर ने तुरंत बनाकर देने के लिए कहा। इसी बात को लेकर वाद-विवाद बढ गया और हाथापाई की नौबत आ गई।

किसानों से वार्ता कर बढ़ाएं गेहूं की खरीद

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद गेहूं खरीद की स्थिति को परखने के लिए अयोध्या मंडल के संभागीय खाद्य निरीक्षक आरएफसी अशोक पाल ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अकबरपुर, कटेहरी, टांडा, जलालपुर, भियांव, रामनगर और जहांगीरगंज ब्लाक में स्थापित क्रय केंद्रों पर खरीद की स्थिति देखी। अकबरपुर ब्लाक के नवीन मंडी सिझौली में क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों से वार्ता कर जानकारी हासिल किया। बसखारी, रामनगर और जहांगीरगंज में भी क्रय केंद्र पर पहुंचकर खरीद की स्थिति का जायजा लिया। कहा कि केंद्र प्रभारी किसानों से गांवों में संपर्क कर खरीद को बढ़ाने का प्रयास करें।

अधिकारी गंभीरता से लें प्रशिक्षण : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण लें, जिससे मतदान के समय कोई परेशानी न हो। प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी प्रपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण लें, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निसंकोच होकर मास्टर ट्रेनरों से पूछें। पहली बार प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत आधा घंटे की बहुविकल्पीय प्रश्न दिया गया रहा है, जिसमें प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया का प्रश्न है। जिसमें चार विकल्प हैं और एक उत्तर देना है। सभी कार्मिक इसे कर रहे हैं। जिससे प्रशिक्षण का आकलन किया जा रहा है। परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर मौके पर उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण में मौजूद जिम्मेदार अधिकारी।

प्रतीक्षा मार्ग निर्माण के लिए 375 करोड़ रुपए का भेजा गया है प्रस्ताव, जनपद में 19 .5 किमी लंबाई में फोरलेन का होगा निर्माण

टांडा-मया मार्ग के चौड़ीकरण को शासन से मंजूरी का इंतजार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अयोध्या जाने वाले टांडा-मया मार्ग के फोरलेन निर्माण को शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। लोक निर्माण विभाग ने फरवरी माह में लगभग 375 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। लोकसभा चुनाव के बाद मार्ग के निर्माण के लिए बजट के मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

टांडा-मया मुख्य मार्ग का निर्माण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसोपुर टांडा से मया तक होना है। जिसकी कुल लंबाई 33.50 किमी और कुल चैड़ाई लगभग 23 मीटर होगी। जो मौजूदा समय में मात्र सात मीटर है। मार्ग के निर्माण से न सिर्फ अंबेडकरनगर बल्कि आसपास के अन्य जनपदों के लोगों को अयोध्या जाने में सुविधा मिलेगी। जनपद में मार्ग की लंबाई 19.5 किमी है, जबकि 14 किमी मार्ग अयोध्या जनपद में है। मौजूदा समय में इस मार्ग की चैड़ाई मात्र सात मीटर है। इस मार्ग से होकर न सिर्फ टांडा व आसपास के क्षेत्र बल्कि पड़ोसी जनपद के लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। फोरलेन निर्माण के लिए फरवरी माह में पीडब्ल्यूडी कार्यालय ने प्रस्ताव शासन को भेजा है। लेकिन अभी तक शासन से बजट को मंजूरी नहीं मिली है। शासन से बजट की मंजूरी मिलने के बाद मुख्य मार्ग के चैड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। जनपद में 19.5 किमी लंबाई में फोरलेन का निर्माण होगा। सड़क के मध्य से दोनों तरफ साढ़े सात-साढ़े सात किमी चैड़ाई होगी। ढाई मीटर का डिवाइडर होगा, जबकि सड़क के दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर की पटरी का निर्माण होगा। इस मार्ग पर एनटीपीसी भी मौजूद है। जहां से भारी वाहनों का लगातार आवागमन बना रहता है। मार्ग निर्माण हो जाने से आवागमन में सुविधा मिलेगी।

टांडा-मया मार्ग। अमृत विचार

जिम्मेदार बोले

अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह ने बताया कि लगभग 375 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

एक नजर

पेट्रोल पंप संचालकों से सुरक्षा की ली जानकारी

रुपईडीह, अमृत विचार : कौड़िया के थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त के साथ कस्बे के सभी बैंकों व पेट्रोल पंपों का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने पेट्रोल पंप के संचालकों व बैंकों के प्रबंधकों से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की।

चुनाव को लेकर की गई वाहनों की चेकिंग

रुपईडीह, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए कटरा बाजार विधानसभा में तैनात एफएसटी टीम के प्रभारी डॉ प्रभात कुमार मौर्य ने दारोगा सुरेश मणि मिश्र के साथ क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की चेकिंग का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार क्षेत्र के सभी मार्गों पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान वाहनों में अवैध असलहे, नगदी व संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी की जा रही है।

किसान के दरवाजे पर बंधा मवेशी खोल ले गए चोर

परसपुर, अमृत विचार : किसान के दरवाजे पर बंधी भैंस रात को चोर खोल ले गये। किसान को पता चलते हड़कप मच गया। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी पता न चल सका तब पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरवन पुरवा मधईपुर खाण्डेराय निवासी अभिषेक सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा उनकी भैंस तथा पड़िया खोल ले गये। सुबह खूंटे पर भैस नही थी। जिसको लेकर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं पता नहीं चल सका तब पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

वजीरगंज व इटियाथोक थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का चल रहा उपचार

संवाददाता, कटरा बाजार/गोंडा

अमृत विचार: बुधवार की रात दो थाना क्षेत्रों में वाहनों की ठोकर से बाइक सवार एक महिला व दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

अतुल कुमार।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कस्बा कटरा बाजार के मोहल्ला बाबूपुर निवासी अवधराम ने बताया कि उसका बेटा अतुल कुमार(23) व उसके चचेरे भाई का बेटा राम बदल(22) वजीरगंज के पास मजदूरी करने गये थे।

बुधवार की रात में वे दोनों युवक बाइक से घर आ रहे थे। वह गोंडा-अयोध्या मार्ग पर राजा सगरा के पास पहुंचे ही थे तभी ट्रक की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय लाए जहां डॉक्टर ने अतुल कुमार पुत्र अवधराम को मृत घोषित कर दिया वहीं राम बदल पुत्र राम देव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि ट्रक व बाइक सवार दोनों गोंडा की तरफ जा रहे थे, ट्रक के पीछे से बाइक का टक्कर हुआ है। तहरीर मिलते ही कार्यवाही की जाएगी। वजीरगंज थाना क्षेत्र में ही डुमरियाडीह-तरबगंज मार्ग पर इमिलिया पेट्रोल पंप के पास मवेशी को बचाने के प्रयास में बाइक सवार विजय कुमार निवासी छठीदीन पुरवा काशीपुर व राजेश कुमार निवासी रामपुर टेंगरहा थाना तरबगंज बुधवार देर शाम अज्ञात वाहन से टकरा गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक विजय की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची डुमरियाडीह चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि औपचारिक विधिक कार्रवाई की जा रही। थाना इटियाथोक क्षेत्र के दुबावल गांव निवासी राधिका व उसकी पत्नी उषा देवी बाइक से सहजनवा गांव की ओर जा रहे थे। गोंडा-बहराइच मार्ग पर पठानजोत गांव के पास पीछे से बाइक में कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उषा देवी की मौत हो गई। इधर, सड़क दुर्घटनाओं के बाद मौके पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल राधिका प्रसाद के भाई घनश्याम की तहरीर पर आजमगढ़ निवासी कार चालक इरफान अहमद के विरुद्ध तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने व गैर इरादतन हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

आग से भूसा व अनाज जला, भैंस भी झुलसी

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव में बृहस्पतिवार को एक फूस के छप्पर आग लग गई। छप्पर में बंधी भैंस गंभीर रूप से झुलस गई।

पीड़ित गुड्डा देवी पत्नी सीताराम ने बताया कि सुबह अज्ञात कारणों से उसके छप्पर में आग लग गई। जब तक वह कुछ समझ पाती तब तक आग की लपटों ने पूरे छप्पर को अपनी आगोश में ले लिया। शोर मचाने पर दौड़े गांव वालों ने छप्पर में बंधी भैंस की रस्सी काट कर किसी तरह बाहर निकालने में सफल रहे, लेकिन तब तक आग की लपटों से भैंस गंभीर रूप से झुलस गई।

उन्होंने बताया कि छप्पर में रखा करीब बीस कुंतल भूसा, भूसा में रखा सात बोरी गेहूं, चारपाई, कपड़ा जल कर राख हो गया। पीड़िता ने बताया कि सड़क के किनारे छप्पर होने से किसी के द्वारा शायद सिगरेट पीकर फेंक दिया गया था। जिससे आग लग गई। गांव के प्रधान प्रतिनिधि डॉ हाफिज अली ने बताया कि हल्का लेखपाल को सूचना दे दी गई थी। हल्का लेखपाल कृष्णा कुमारी ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट बनाकर सहायता के लिए शासन को भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई दुकानों और होटलों की चेकिंग

बालश्रम को रोकने के लिए चलाया जा रहा व्यापक अभियान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: बाल श्रम रोकने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। साथ दुकानदारों को जागरुक भी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर थाना एएचटीयू टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन ने थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा एवं बाजार में संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान श्रम विभाग से श्रम परिवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप ने दो सेवानियोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी काटी।

चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर शिव कनौजिया बाल श्रम रोकथाम के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे में दुकानदारों को अवगत कराया एवं हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना कराये यदि बाल श्रम करते पकड़े जाते हैं तो थाना एएचटी प्रभारी के द्वारा विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। चेतावनी दी कि यदि चेकिंग के दौरान दुकानों और होटलों पर काम करते हुए कोई भी बच्चा पाया गया को संबंधित दुकानदार और होटल संचालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में अभियान के दौरान महिला एवं बच्चों को जागरूक किया गया। महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर थाना एएचटीयू प्रभारी अरुण कुमार, उप निरीक्षक रामकिशोर प्रसाद, मुख्य आरक्षी गुरुचरण, महिला आरक्षी अमिता आदि मौजूद रही।

हेड ब्वॉय व हेड गर्ल के चयन को चुनाव

सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ कार्यक्रम

सेंट जेवियर्स में चुनाव प्रक्रिया अपनाते बच्चे। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता के लिए हेड ब्वाय व हेड गर्ल चयन के लिए चुनाव कराया गया। इसमें बच्चों ने वोट दिए। वोट की प्रक्रिया प्रशासनिक वोट प्रक्रिया के आधार पर रखी गई। विद्यालय के हेड ब्वाय व हेड गर्ल ने नामांकन पत्र भरा। सभी बच्चों से अपील की। अन्य बच्चों ने पुलिस, डॉक्टर, पीठासीन अधिकारी, मीडिया, चुनाव आयोग का किरदार निभाया। प्रधानाचार्य डॉ परमिंदर संधू ने ऐसे आयोजनों की उपयोगिता बताते हुए बताया कि इस माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता आएगी। इसे अपने अभिभावकों से साझा कर उनको भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। बच्चों में लीडरशिप के गुण भी विकसित होंगे और वे अपनी जिम्मेदारियों को भी समझेंगे। हेडब्वाय के लिए सूरज सोनी, शिवांश, विभू पाठक व हेड गर्ल के लिए अनुष्का सिंह, श्रद्धा पाण्डेय, समृद्धि ने चुनाव लड़ा। उक्त अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी मतदान किया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को निकाली प्रभातफेरी

स्वीप कैलेंडर के क्रियान्वयन की दिशा में गुरुवार को राजकुमार सीताराम किसान इंटर कॉलेज बमडेरा में ईएलसी कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधक रूपेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्र की अगुवाई में बच्चों ने प्रभातफेरी, मतदाता शपथ के उपरान्त रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, मेंहदी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय में सेल्फी प्वाइंट, हस्ताक्षर बैनर को बेहतरीन तरीके से बनाया गया। विद्यालय के शिक्षक इंद्रजीत तिवारी, गिरीश श्रीवास्तव, तिलकराम, मुकेश पाण्डेय, वीरेंद्र तिवारी, आशुतोष शुक्ला, सुनीता पाण्डेय, ज्योति तिवारी, रूपा मिश्रा, सुधा पाल, कुमकुम शुक्ला के निर्देशन में सैकड़ों बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सोनबरसा में लांच हुई मन की बात बोलती पेटिका

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में एक नई परंपरा की शुरुआत की गई। जिसके अंतर्गत प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती द्वारा मन की बात बोलती पेटिका का उद्घाटन किया गया। इस पेटिका का निर्माण शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया के देख-रेख व मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षक से इस पेटिका के उद्देश्य के बारे में जब पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि अमूमन ज्यादातर बच्चे अपने दिल व मन की बात को कहने से झिझकते हैं। बस इसी समस्या के निदान के लिए हमारे दिमाग में

मन की बात पेटिका में अपनी बात की पत्री डालती छात्रा। अमृत विचार

ये विचार आया कि ऐसी पेटिका का निर्माण किया जाए जिसमें बच्चे अपने मन की बात को लिखकर डाल सकें। बच्चों को ये हिदायत दी गई थी कि किसी बच्चे को पत्र में अपना नाम या क्लास का उल्लेख नहीं किया जाना है। जिससे उनकी गोपनीयता बनी रहे। बच्चों को जब यह जानकारी हुई तो वे बहुत खुश हुए। बच्चों ने अपने विचार लिपिबद्ध कर पेटिका में डाले। प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती द्वारा पेटिका का ताला खोला गया बच्चों ने अपने अपने चिट/ पत्र में क्या लिखे उसका कुछ नमूना इस प्रकार है - फलां शिक्षक बहुत अच्छा पढ़ाते हैं, फलां मैम जी बहुत अच्छी हैं कभी किसी को मारती नहीं, फलां शिक्षक बहुत गुस्सैल हैं, वे भंडारी बहुत अच्छे हैं। सुबह की प्रार्थना सभा बहुत अच्छी होती है खूब मज़ा आता है। सामान्य ज्ञान, पीटी, योगा, गीत और बहुत कुछ। खाने में नमक कम रहता है फीका फीका लगता है। सोमवार को तो फल मिलता है बहुत मजा आता है। मैदान छोटा है खेलने में मजा नहीं आता। सर जी खेलने भी कम देते हैं। वे बच्चे बहुत गन्दे होते हैं जो जूते चप्पल इधर उधर कर देते हैं। फलां लड़का बहुत झगड़ालू है आदि आदि। शिक्षिका शताब्दी वर्मा ने बताया कि बोलती पेटिका बहुत उपयोगी है। इससे बच्चों में कल्पना शक्ति के विकास के साथ ही वाक्य बनाने में भी सहायक है। शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के मन की बात को जब हम पढ़ते हैं तो हम सब को यह पता चलता है कि हमें कहां और किस क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। पेटिका में लगभग सभी बच्चों ने अपने विचार लिख के डाले। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में शिक्षक सुरेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, अनुराधा मिश्रा, पूनम यादव, अमर ज्योति, चित्रावती मौर्य व बच्चों में साकिरा बानो, पूनम, राज बाबू, संगीता, अर्चना, रुमा, ताज मोहम्मद, उन्नति, अंकित, अंजलि, भूमिका, अनुराग, सूरज,रोशनी, अजय, करन, अनामिका आदि बच्चों का अहम रोल रहा।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने श्री राम जन्म उत्सव के तहत गुरुवार को नगर विशाल शोभा यात्रा निकाली। जगह-जगह नगर वासियों ने राम भक्तों पर पुष्प वर्षा कर जय श्री राम के नारे लगाए। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में कटरा कुटी धाम के स्वामी चिन्मयानंद दास, मुख्य वक्ता के रूप में राजदेव सिंह प्रांत कार्य अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने रामोत्सव में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान

नगर में शोभायात्रा निकालते विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

संगठन के पदाधिकारी पंडित शिवकुमार शास्त्री, धनलाल दुबे, मनोज शुक्ला, विनोद ओझा, अमन तिवारी, बृजेश पांडे, देव नारायण तिवारी, राजन मिश्रा, संदीप तिवारी, रोहित मिश्रा, सुनील दुबे, राजदेव शुक्ला, आकाश सागर, गगन मिश्रा, शुभम विश्वकर्मा, लाले बाबा, अंकित तिवारी, अंशुमान मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता व राम भक्त शामिल रहे।

निजी स्कूलों की मनमानी पर लगे रोक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गुरुवार को अवध केसरी सेना के कार्यकर्ताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देकर निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की। वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2024-25 की विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में फातिमा इंटर कालेज, एम्स इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा इंटर कालेज, सेंट जेवियर्स इंटर कालेज, सेंट थामस स्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, सुवांस मिलेनियम स्कूल सहित अन्य निजी स्कूलों में शासकीय नियमों को दरकिनार करके मनमानी फीस

डीआईओएस को ज्ञापन देते अवध केसरी सेना के कार्यकर्ता। अमृत विचार

वसूलकर, खुलेआम मनमाने रेट पर कॉपी किताब, ड्रेस, जूता मोजा इत्यादि मोटे कमीशन पर तय की गई दुकानों से विद्यालय परिसर के ही अंदर अभिभावकों को मजबूर करके क्रय करवाया जा रहा है। कोई बिल बाउचर, क्रय रसीद इत्यादि भी नहीं दी जा रही है। अवध केसरी सेना ने डीएम और जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की है कि गोंडा के समस्त सीबीएसई बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड के स्व वित्त पोषित विद्यालयों की स्थलीय जांच की जाए। इस दौरान अवध केसरी सेना के संरक्षक राम नरेश पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनिवास वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक सिन्हा, सेना प्रमुख नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

249 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की छात्रवृत्ति परीक्षा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 249 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब इन बच्चों को चार साल तक हर माह एक-एक हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। इससे उनके आगे की पढ़ाई में अभिभावकों को सहूलियत होगी। ये सभी बच्चे परिषदीय विद्यालयों के हैं।

पूरे प्रदेश में इस परीक्षा में करीब दो लाख बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इसमें 14896 बच्चे सफल रहे। जिले में करीब 1700 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इसमें 254 का लक्ष्य था लेकिन 249 बच्चों ने परीक्षा पास कर ली।

छपिया क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के 27 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय क्षेत्र का एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसकनवा का एक छात्र लकी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गड़हा की देवांशी प्रजापति, इटैला खुर्द के यश कुमार, सैदनपुर का रितेश मौर्या, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुसम्ही के मोहित गुप्ता, आयुष वर्मा, दीपक, शहाना, कुणाल, अंकुर, शिवाजी तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चटकनवां के शुभम वर्मा, ममता यादव, हर्षित मौर्या, संवेग, रणवीर, राजवीर, कृष्णावती, प्रिंसी, पिंकी, रवि, अंकुश, रत्नेश, श्रद्धा, मुस्कान, बृजेश, मनीषा कुल 27 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया है। छात्रों की सफलता पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज मंगल पांडेय, प्रधानाध्यापक पूरन चन्द गुप्ता, अध्यक्ष डा. मनोज कुमार सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष असगर अली, अतुल मालवीय, एआरपी रामबाबू मौर्य, प्रहलाद गुप्ता, कुलदीप, बलराम वर्मा, अमजदअली, महामंत्री आलोक पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, अनिल कुमार सिंह, शेषराम भारती, राधेश्याम वर्मा, राम आशीष वर्मा, संदीप शुक्ला, विष्णु देव शुक्ला, अखिलेश विश्वकर्मा, गया लाल यादव, नागेंद्र पांडेय आदि ने बधाई दी है। रुपईडीह ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा के चार बच्चों सलोनी शुक्ला, महिमा देवी, सीमा व कृष्णा का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा मे हुआ है। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने चयनित बच्चों को शुभकामनाएं दी है। इटियाथोक ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बरईपारा के पांच बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एनएमएमएस 2024 में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के होनहार छात्र अर्पित पांडे ने 21वीं रैंक, आशीष कुमार ने 23 वीं, सौरभ पांडे ने 26 वीं, शिवसेना यादव ने 41 वीं, साधना विश्वकर्मा ने 51 वीं रैंक के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। एक साथ पांच बच्चों के चयन के कारण कंपोजिट विद्यालय बरईपारा एक बार पुनः चर्चा का विषय बन गया है। कम्पोजिट विद्यालय दलीपपुरवा के चार छात्रों का चयन हुआ है। इनमें रिया जायसवाल, किंजल, दिव्यांशी, अंश प्रसाद चयनित हुए।

चार सेंटरों पर नवंबर में हुई थी परीक्षा

जिला समन्वयक हरिगोविंद ने बताया कि पांच नवंबर 2023 को जिले के चार सेंटरों पर परीक्षा हुई थी। 1706 बच्चों ने परीक्षा दी थी इसमें 254 का लक्ष्य था, लेकिन 249 बच्चे परीक्षा पास किए हैं। सभी को शासन की ओर से चार साल तक एक-एक हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि हर साल बच्चे उत्तरोत्तर वृद्धि कर रहे हैं। 2021 में केवल दो बच्चे सफल हुए थे। 2022 में छह, 2023 में 194 तथा 2024 में 249 बच्चे चयनित हुए हैं।

तैयारी तेज लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद गल्ला मंडी में रखी जाती है ईवीएम, होती है मतगणना

एक मई तक हर हाल में खाली कराएं प्लेटफार्म और दुकान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हैं। नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो जाएगी। जनपद में पांचवें चरण में चुनाव 20 मई को होना है। प्रशासन की ओर से चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में रखे जाते हैं। प्लेटफार्म व दुकानों को खाली करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने मंडी प्रशासन को नोटिस भेजी है। नोटिस के क्रम में मंडी प्रशासन ने प्लेटफार्म तथा दुकानों को खाली

गल्ला मंडी में प्लेटफार्म खाली करते श्रमिक। अमृत विचार

करने के लिए व्यापारियों को नोटिस दी है।

मंडी परिसर को हर हाल में एक मई तक खाली कर देना है। लोकसभा चुनाव की मतगणना नवीन गल्ला मंडी में ही होती है। मतदान होने के बाद ईवीएम मशीन यहां बनी दुकानों में रखी जाती हैं फिर बाद में गिनती की जाती है। मंडी परिसर में गेहूं खरीद के लिए करीब एक दर्जन केंद्र संचालित हैं। यह क्रय केंद्र मंडी स्थित प्लेटफार्म पर चल रहे हैं। अब जब जिला प्रशासन का पत्र खाली करने के लिए मंडी प्रशासन तक पहुंच गया है। तो अब गेहूं खरीद केंद्र को यहां से हटाया जाएगा। माना जा रहा है कि यहां पर स्थापित सभी केंद्रों को उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में स्थापित किया जाएगा। 1 मई के बाद किसान फल एवं सब्जी मंडी में स्थापित करें केंद्र पर ही अपना गेहूं बेचेंगे। मंडी प्रशासन ने व्यापारियों से दुकान खाली करने के लिए नोटिस जारी की है। बताया जाता है कि 44 दुकानें हैं जिनको खाली किया जाना है। मंडी की ओर से करीब तीन दर्जन व्यापारियों को दुकान खाली करने के लिए नोटिस दी गई है। प्रशासन के इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा है। व्यापारियों का कहना है कि गेहूं खरीद का समय चल रहा है। इसी में व्यापार किया जाता था ऐसे में दुकानों को खाली कराया जाना कष्टकारक है। लेकिन लोकतंत्र का महापर्व है इसमें भी सहभागिता जरूरी है। मंडी प्रशासन की नोटिस मिलने के बाद व्यापारी आवंटित दुकानों में रखें गेहूं, चावल, खली आदि सामान को अलग रखने की व्यवस्था में जुट गए हैं। मंडी सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि प्लेटफार्म और दुकानों को खाली करने को लेकर जिला प्रशासन का पत्र मिला है। 1 मई तक प्लेटफॉर्म दुकान व परिसर को खाली कर देना है। इसके क्रम में मंडी के व्यापारियों को नोटिस दी गई है। प्लेटफार्म पर चल रहे कर केंद्रो को सब्जी एवं फल मंडी में स्थापित करने के लिए व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

चेकिंग चलाएं एफएसटी और एसएसटी की टीमें

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: बृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा गोण्डा एवं लोकसभा कैसरगंज के एफएसटी व एसएसटी टीमों के साथ बैठक कर सख्त चेतावनी दी कि समय से फील्ड में जाएं तथा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करें अन्यथा कार्यवाही करने के दिये निर्देश। डीएम ने एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा किये जा रहे कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयोग के सख्त निर्देश हैं कि बिना किसी पक्षपात के टीमें 24 घंटे सघन चेकिंग का कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन की कारगुजारी उनके सामने प्रस्तुत की जाय। उन्होंने कहा कि अब एफएसटी टीमों के साथ महिला एवं पुरुष पुलिस कांस्टेबल भी तैनात की जा रही है तथा निर्वाचन ड्यूटी से विचलन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एफएसटी व एसएसटी को निर्देशित किया कि वे सभी टीमों के आने व जाने की रिपोर्ट व टीम द्वारा की गई कार्यवाही की दैनिक रिपोर्ट उन्हें दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि शिफ्टों में एफएसटी व एसएसटी टीमें लगाई गई हैं।

एक नजर

लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं ग्रामीण

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : बिजली के लो वोल्टेज से मोहल्लेवासी परेशान हैं। बार-बार बिजली विभाग का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं दे रही है। विकास खंड झंझरी के अंतर्गत माधवपुरम के रहने वाले रमेश, सलीम, अनमोल, दद्दन, मुन्ना पांडे, गुड्डू, विजय, महेश, सियाराम ओम, विष्णु रिंकू आदि लोगों ने बताया कि गर्मी तेज हो रही है घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।

दामाद ने की पत्नी और सास के साथ मारपीट

परसपुर, अमृत विचार : ससुराल आकर पत्नी और सास के साथ मारपीट करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध पुलिस अभियोग पंजीकृत किया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दापुर गुरेटी निवासी ननकुन्नी ने बताया कि उसकी शादी ग्राम धनुही निवासी महेश के साथ हुयी है। पीड़िता आठ दिनों से मायके में रह रही थी। गांव में शादी समारोह देखने गयी थी। वहीं उसके पति महेश व देवर मुकेश आकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर मां के घर लाकर भद्दी-भद्दी गाली देकर मारने पीटने लगे इतने में मां बचाने बचाने आई तो उसे भी मारे पीटे हल्ला गोहार करने पर पति व देवर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

सड़क मरम्मत की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : भटवलिया से तिवारी पुरवा को जाने वाली सड़क अत्यंत खराब हो गई है। इससे आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क को सही करने की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत भटवालिया से त्रिमुहानी पुल से उतरौला धानेपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो गई है। आए दिन वाहन पलट जा रहे हैं। कई बाइक सवार चोटिल हो चुके हैं।

नामांकन आज से, जारी होगा नोटिफिकेशन

कलेक्ट्रेट परिसर में दो न्यायालयों पर उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया होगी शुरू, तीन मई तक रहेगी जारी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : पांचवें चरण के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को डीएम की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। इसी के साथ चुनाव प्रचार में भी तेजी आएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में दो न्यायालयों पर उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो तीन मई तक जारी रहेगी।

पांचवें चरण में गोंडा, कैसरगंज, अयोध्या सहित अन्य लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों की ओर से अधिसूचना जारी की कर दी जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। गोंडा जिला मुख्यालय पर कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र से लड़ने वाले उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सभी उम्मीदवार तीन मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 04 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और छह मई को नाम वापसी की जा सकेगी। इसके बाद अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी हो जाएगी और 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 1665 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल 2726 बूथों पर वोट डाले जाएंगे। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा के उम्मीदवारों का नामांकन जिलाधिकारी न्यायालय व अपर जिलाधिकारी न्यायालय पर दाखिल किया जाएगा। एक उम्मीदवार सहित चार लोग नामांकन स्थल तक जा सकेंगे। प्रस्तावक के साथ दो अन्य लोग शामिल होंगे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सम्पूर्ण नामांकन स्थल की प्रत्येक दिन एन्टी सबोटाज चेकिंग तथा नामांकन स्थल के आस-पास सादे वस्त्रों में वाचर्स की तैनाती व नामांकन कक्ष के मुख्य गेट पर डीएफएमडी एचएचएमडी द्वारा जांच के लिए निर्देशित किया गया। समस्त नामाकंन परिसर की निगरानी ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जाएगी।

कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा का जायजा लेते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

अपर पुलिस अधीक्षक ने नामांकन स्थल का लिया जायजा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : लोस चुनाव के पांचवें चरण का नामांकन जिसका नामांकन 26 अप्रैल से 6 मई तक होना प्रस्तावित है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने नामाकंन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित संवेदनशील मतदान केन्द्रों, बूथों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक नित्या गोस्वामी, कोतवाल नगर राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

दो सगे भाइयों की भूमि पत्नी को कर दी बैनामा

करनैलगंज, अमृत विचार : दो सगे भाइयों के हिस्से की जमीन का पत्नी के नाम बैनामा कर देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अशोक कुमार मिश्रा ग्राम पूरे बहोरी थाना कटरा बाजार की तहरीर पर नरेंद्र कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पूरे बहोरी, राजेश कुमार निवासी ग्राम सर्वांगपुर, समसुल हक निवासी ग्राम चैपुरवा, कमला देवी निवासी पूरे बहोरी, सुशील कुमार, मनोज कुमार, आशुतोष कुमार निवासी करनैलगंज के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 120 बी के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि वादी अशोक कुमार मिश्रा के बड़े भाई नरेंद्र कुमार मिश्रा समेत वह तीन भाई हैं। जिसमें बड़े भाई ने सगे भाइयों को धोखा देकर षड्यंत्र के तहत अपने सगे दामाद राजेश कुमार निवासी सर्वांगपुर व समसुल हक से सांठगांठ कर तथ्य को छुपाते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दोनों भाइयों के हक हिस्से की जमीन को हड़पने की नीयत से अपनी पत्नी कमला देवी के नाम बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर वह भाई से पूछने गए, तो लोगों ने उनके साथ गाली गलौज और जानमाल की धमकी देते हुए भगा दिया।

कॉलेज के वाईफाई की सुविधा से लैस होने पर खुशी जताते बच्चे। अमृत विचार

वाईफाई सुविधा से लैस हुआ राम गनेश कॉलेज

बेलसर, अमृत विचार : राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को वाईफाई सुविधा प्रदान की है। कैम्पस के लगभग सभी क्षेत्रों में वाईफाई कनेक्टिविटी की प्रस्तुति, छात्रों-शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बेहतर प्लेटफार्म साबित हो सकता है। छात्र डिजिटल संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं। ऑनलाइन अनुसंधान में शामिल हो सकते हैं और वर्चुअल लर्निंग माहौल में भाग ले सकते हैं। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. के. के. तिवारी ने कहा कि कैम्पस के ढांचे में वाईफाई कनेक्टिविटी का सम्मिलन हमारे पूर्णावास के लिए एक साकार के रूप में हमारे प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह विकास हमारे छात्रों को डिजिटल युग में उत्कृष्टता के लिए आवश्यक साधनों और संसाधनों से अवगत कराने के संकल्प के साथ मेल खाता है।

मम्मी-पापा भूल न जाना, 20 मई को वोट डालना

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए जिला प्रशासन मुस्तैदी से जुटा हुआ है। कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को करनैलगंज के सनराइज किड्स कान्वेंट विद्यालय में नौनिहालों नें मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

छोटे-छोटे बच्चों नें हमारा शान वोट का निशान, मम्मी पापा भूल न जाना 20 मई को वोट डालना आदि स्लोगन के साथ लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक केएल वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार के प्रयोग से देश का भविष्य तय होता है। इस लोकतंत्र के महापर्व में व्यापक रूप से मतदाताओं तक पहुंच स्थापित करने के लिए एक पहल के रूप में बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता तक संदेश पहुंचाया गया है ताकि 20 मई को ज्यादा से लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं मौजूद रहे।

मतदाताओं को जागरूक करते बच्चे। अमृत विचार

निर्वाचन आयोग के निर्देश समझाए

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सेक्टर ऑफिसर, समस्त बीडीओ, समस्त बीईओ के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। निर्वाचन आयोग के निर्देशों से विधिवत अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराना उनकी व भारत निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक है कि आयोग के निर्देशों के क्रम में पहले से ही व्यवस्था दुरूस्त करा ली जाएं। उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने सेक्टर अन्तर्गत सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर अपने रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से हर हाल में रिपोर्ट भिजवा दें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बतौर रिटर्निंग ऑफिसर एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदत्त शक्तियों के बारे में विस्तार से बताते हुए निष्पक्ष व निर्भीक निर्वाचन सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं जैसे विद्युत कनेक्शन, पेयजल, रैम्प, फर्नीचर, आवागमन मार्ग आदि अन्य आवश्यक चीजें प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करा ली जाएं।

जिला पंचायत सभागार में मौजूद आरओ व सेक्टर ऑफिसर। अमृत विचार

अधिक भोजन करने से शरीर में होती हैं बीमारियां

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इकाई कुन्दरखी में चल रहे छः दिवसीय स्थापत्य एवं ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन आचार्य सुशील बलूनी ने मानव शरीर को उसकी आत्मा का निवास स्थान बताया। शरीर का रक्षण आत्मा के सुचारू रूप से रहने के लिए नितांत आवश्यक है। 60 प्रतिशत रोग पेट से तथा 30 प्रतिशत रोग मन व बुद्धि के कारण होते हैं। हमे भोजन जाग्रत होकर करना चाहिए। उदर की भूख को तीन भागों में विभाजित कर 33 प्रतिशत भोजन, 33 प्रतिशत जल तथा 33 प्रतिशत हवा व पाचन के लिए छोड़ना चाहिए। इसे ही त्रि-विद-कुक्षि सिद्धांत कहा जाता है। इससे पाचन सुदृढ़ होगा व प्राण शक्ति मजबूत होगी। अधिक खाने से शरीर में बीमारियों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि यह त्रि-विद-कुक्षि का सिद्धांत ही उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी है। यदि शरीर स्वस्थ व निरोगी होगा, मानव तभी दायित्व निर्वहन, जगत कल्याण तथा आत्म कल्याण के कार्यों को निष्पादित कर सकता है। उन्होंने बताया कि शरीर के साथ-साथ मन के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जीवन को जाग्रत हो कर अपनी बुद्धि के मार्गदर्शन में जीना चाहिए।

लोकतंत्र में प्रत्येक वोट पर रखें नजर

इटियाथोक, अमृत विचार: भाजपा की ओर से इटियाथोक मैरिज हाल में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शिव भूषण सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है। आप सबकी के लगन एवं कार्य कुशलता के बल पर 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत का मस्तक दुनिया में ऊंचा हुआ है। जिसका पूरा का पूरा श्रेय आप सभी सेनापतियों को जाता है। आगामी 20 मई को मतदान है। मतदान पूर्व प्रत्येक मतदाता को वोट डालने के लिए प्रेरित करना है।

अपनी-अपनी वोटर लिस्ट का पूर्व अवलोकन कर लेना हम सभी के लिए श्रेयस्कर होगा। संचालन जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इटियाथोक सत्यव्रत ओझा, सोहनलाल भारती, रवि प्रकाश त्रिपाठी, आत्माराम वर्मा, संजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष इटियाथोक डॉक्टर जय जय राम मिश्रा, मेहनौन विधानसभा के सभी मंडलों के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ महामंत्री उपस्थित रहे।

इटियाथोक के बूथ सम्मेलन में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

महिलाओं को जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

महिलाओं को अधिकार के प्रति किया जागरूक

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जिले की सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत थानों पर गठित एंटी रोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि अधिकारों के प्रति महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा। शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से गाँव में पहुँच कर महिलाओं ,बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निराकरण करेंगी। गुरुवार को बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान 4.0 के बारे में पम्पलेट बांटकर व जन जागरूक करते हुए आत्मरक्षा के बारे में बताया।

प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

बभनजोत, अमृत विचार: खोड़ारे थाना क्षेत्र के गौरा चौकी में एक महिला का प्रसव के दौरान ऑपरेशन करते समय जच्चा बच्चा की मौत हो गई। इसे सुनते ही सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गई। इसी बीच मौका पाकर डाक्टर अस्पताल बंद कर फरार हो गया। इस नाराज लोग अस्पताल के पीछे के भाग में पहुंच गए और तोड़फोड़ करने लगे। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए खोड़ारे थाने में तहरीर दी है। खोडारे थाना क्षेत्र अंतर्गत केशव नगर ग्रांट पश्चिमी विजय हरिया के रहने वाले रविंद्र शर्मा के मुताबिक उन्होंने अपनी पत्नी लल्ली को प्रसव के लिए गुरुवार को यशोदा हॉस्पिटल बुक्कन नगर में भर्ती कराया। आरोप है कि डॉक्टर राजेश पांडे ने 35000 जमा कराया और ऑपरेशन जरूरी बताया। आरोप है कि जब ऑपरेशन होने लगा तो जच्चा बच्चा की हालत खराब होने लगी। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई। जब परिजनों ने डॉक्टर से बातचीत करने का प्रयास किया तो डॉक्टर ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जच्चा बच्चा की मौत की जानकारी होने पर काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटने लगे। सूचना पर खोड़ारे थाने की पुलिस पहुंची। लोगों को समझा बुझाकर शांत करने की कोशिश की। मृतक के पति रविंदर शर्मा ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं आरोपी चिकित्सक मौके से फरार बताया जा रहा है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर तरुण मौर्य ने बताया कि अस्पताल को सील कर दिया गया है और अस्पताल का रजिस्ट्रेशन माइनर ऑपरेशन के लिए है। मेजर ऑपरेशन के लिए नहीं है। मेजर ऑपरेशन किया गया है जिससे महिला की मौत हुई है। इस संबंध में खोंडारे थाने पर डाक्टर तरुण मौर्या की तरफ़ से भी तहरीर दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। देर शाम तक हंगामा जारी रहा।

बुक्कनपुर में बने अस्पताल के पीछे लगी पुलिस। अमृत विचार

सार-संक्षेप

लाठी से महिला की पिटाई, मुकदमा दर्ज

खरगूपुर, अमृत विचार : बोरिंग से जबरदस्ती फसल में पानी चलाए जाने से रोकने पर महिला पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध केस दर्ज किया है। ग्राम सोतहवा निधि नगर निवासी संतोष कुमार गोस्वामी ने दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया कि उसके खेत में निजी बोरिंग से पंचू गोस्वामी व उसके पुत्र संतोषी द्वारा जबरदस्ती पानी चलाया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर रेणु देवी पत्नी संतोष कुमार गोस्वामी की लाठी से पिटाई कर घायल कर दिया गया।

डीजे ले जा रहे युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

मनकापुर, अमृत विचार : डीजे में बिजली का तार फंस जाने की रंजिश को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। कलेनियां गांव निवासी मुकेश कुमार गुप्ता ने तहरीर देकर आरोप लगाया डीजे में विपक्षी शशांक यादव का तार फंस गया, जिससे नाराज विपक्षीगण प्रशांत यादव, शशांक, शिवम पुत्रगण धर्मराज यादव तथा धर्मराज पुत्र लेखराज अभद्रता करने लगे। मना करने पर लोगों ने लाठी-डंडा से मारा-पीटा तथा जानमाल की धमकी दी गयी।

घोषणा होने पर नाम सुनकर चौक जाएंगे लोग : बृजभूषण

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जो कुछ हूं, कटरा व करनैलगंज की बदौलत हूं। यहां की जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया है। यहां की जनता ने और हमने एक दूसरे का साथ कभी नहीं छोड़ा। उक्त विचार सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सरयू महाविद्यालय में आयोजित चुनाव प्रबंधन कार्यक्रम में कही। चुनाव में प्रत्याशी कोई हो लेकिन सबसे बड़ी जीत की माला मोदी जी को कैसरगंज से ही जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अभी प्रत्याशी नहीं घोषित किया है, लेकिन यह वादा है कि जब घोषणा होगी तो नाम सुनकर आप सब खुश होकर उछल जाएंगे। इस दौरान अवधेश उर्फ मंजू सिंह, अर्जुन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नीरज मोर्य, रामजीलाल मोदनवाल, सोनी सिंह, संजय यज्ञसैनी, दिनेश सिंह राठौर, आशीष सोनी, आशीष बाबा, कन्हैया लाल वर्मा, संजीव सिंह, परमेश्वर सिंह, अशोक सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिक एवं भागवत आचार्य का किया सम्मान

बेलसर, अमृत विचार : महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के पूर्व छात्र एवं पूर्व सैनिक पंडित सुरेश कुमार मिश्रा को विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पंडित सुरेश कुमार मिश्रा ने मां गंगा, गायत्री, गौरी और गीता पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ने का मंत्र दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हम जैसा सोचते हैं वैसा करते हैं और वैसा ही बन जाते हैं। अत: हमें सदैव अच्छा सोचना चाहिए। इस दौरान दो मेधावी छात्राओं अंकिता गुप्ता और प्रिंसी पटवा को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार, रघुनाथ द्विवेदी, अशोक कुमार कुंवर भगवती सिंह आदि उपस्थित रहे।

चकिया गांव में लगी आग, 41 घर राख

घटना के बाद रोते-बिलखते पीड़ित। अमृत विचार

चकिया गांव में लगी आग के दौरान जलते घर। अमृत विचार

संवाददाता, धानेपुर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ख्वाजा जोत के मजरा चकिया में गुरुवार की सायं 6बजे आग लग गई। चल रही हवा से पूरे गाँव को अपनी चपेट में ले लिया। देखते-देखते 41 लोगों के आशियाने जलकर राख हो गए। एक भैंस जलकर मर गई। भैंस को बचाने गई महिला भी गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी के अनुसार सुंदरलाल, पन्नालाल, मुन्नालाल, सोहनलाल, पित्तीय राम, मंसाराम, आसाराम, देवी प्रसाद, विनोद कुमार, भगवती प्रसाद, पारस राम, रक्षा राम, बालक राम, घनश्याम, राम लक्ष्मण, राम बच्चन, बजरंगी, सुदर्शन, नानमून, रामदीन, दयाराम, सहज राम, बधाई राम, रामकृपाल, धर्मेंद्र, सुंदरलाल, हरिराम, तुलाराम, सियाराम, राघव राम, अर्जुन, मेला राम, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप, विजय कुमार, संदीप, शैलेंद्र, प्रसाद, अजय कुमार, संजय, पवन, किशोरी के घर जल गये। इनकी एक भैस जल कर मर गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर प्रभारी निरीक्षक धानेपुर वेद प्रकाश शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी पूर्व जिला मंत्री सीपी शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंसाराम वर्मा ने पहुंचकर लोगों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

एलपीजी गैस सिलेंडर सुरक्षा की जांच की गई

मसकनवा, अमृत विचार: राज कमल इंडेन गैस सर्विस मसकनवा खाले गांव के तत्वावधान में एलपीजी सुरक्षा अभियान चलाया गया।

सुरक्षा कारणों के मद्देनजर गैस एजेंसी के कर्मचारियों और प्रोपराइटर प्रियदर्शिनी सिंह ने क्षेत्र में जाकर गैस उपभोक्ताओं को गैस का सुरक्षित उपयोग कैसे करें, उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहले एलपीजी में उपयोग होने वाले उपकरणों के जांच का अभियान चलाया। गैस उपकरणों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक किया और जानकारी दी। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सभी जांच मुक्त रूप से किया जा रहा है। एजेंसी ने सभी गैस धारकों का आह्वान किया कि सुरक्षा का विशेष ध्यान दें। गैस उपकरणों की जांच का मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामीण स्तर पर रसोई में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। किसी भी प्रकार की जनहानि न हो सके। घर घर जा कर सुरक्षा अभियान चला रहा है। किसी भी गैस धारक को कोई परेशानी हो तो तुरंत एजेंसी पर आये या फोन से सूचना दे। तत्काल गैस धारकों को सुविधा और सहायता मिलेगी।

धनंजय के मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है। सांसद ने जौनपुर की एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था, जिस पर सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में प्रस्तुत किया। 10 मई 2020 को धनंजय सिंह व संतोष के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

865 बूथों का होगा सजीव प्रसारण, अधिकारी रखेंगे नजर

जिला मुख्यालय सहित सभी विधानसभाओं में स्थापित होगा कंट्रोल रूम, ली जायेगी पल-पल की अपडेट

बलरामपुर, अमृत विचार।

जनपद में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व निर्भीक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में संवेदनशीलता के आधार पर बूथों का चिन्हांकन कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेबकास्टिंग की निगरानी के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार और ईडीएम प्रतीक नरेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा सतत निगरानी के लिए सभी विधानभाओं सहित जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदेय स्थलों की मॉनीटरिंग इस प्रकार की जाएगी कि इसके लिए लगाये गये टीवी स्क्रीन पर नियमित अंतराल पर मतदेय स्थलों की लाईव फीड आती रहेगी। ऐसी सुविधा भी रहेगी कि किसी भी विशिष्टि मतदेय स्थल की लाईव स्ट्रीमिंग को तत्काल देखा जा सकता है। साथ ही वेबकास्टिंग वाले सभी मतदेय स्थलों की रिकार्डिंग मॉक पोल की शुरूआत से मतदान की समाप्ति तक सतत् रूप से होती रहेगी।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तकनीकी का उपयोग करते हुए आईपी कैमरों से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की निगरानी की जाएगी जिसमें 455 अतिसंवेदनशील तथा 227 संवेदनशील बूथ और अतिसंवेदनशील 208 तथा 117 संवेदनशील मतदान केन्द्रों की मॉनीटरिंग लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए जिला मुख्यालय सहित सभी विधान सभाओं में कण्ट्रोल रूम स्थापित होगा जिसके माध्यम मतदान कार्य की पल-पल की अपडेट ली जाएगी। किसी भी बूथ पर समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करायेगें तथा जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित कण्ट्रोल रूम में विधान सभावार टीवी के माध्यम से की निर्बाध सतत निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। वेबकास्टिंग के सकुशल संचालन के लिए आवश्यक विभागों के एक-एक प्रतिनिधित भी कण्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें जिससे किसी समस्या के उत्पन्न होने पर तुरन्त निराकरण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बूथों की लाइव वेबकास्टिंग निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी देख सकेंगे। बताते चलें कि आईपी कैमरो की मदद से न सिर्फ वेबकास्टिंग करायी जाएगी बल्कि पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान की कार्यवाही का रिकार्डिंग भी सुरक्षित जा सकेगी।

प्रथम रेंडमाइजेशन की बैठक का अवलोकन करती कृतिका शर्मा।

ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

श्रावस्ती, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 में ई0वी0एम0 एवं वीवीपैट मशीन का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी अधिकारी ईवीएम/उपजिलाधिकारी अरूण कुमार, सहायक प्रभारी अधिकारी ई0वी0एम0-वी0वी0पैट/उप निदेशक कृषि कमल कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, समाजवादी पार्टी के सर्वजीत यादव, रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा,जिला कोषाध्यक्ष बसपा विनोद कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस चन्द्रपाल सहित अन्य दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

विभिन्न घटनाओं में 12 घर ,जंगल व फसल जली

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले में आग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी विभिन्न थाना क्षेत्र में आग का तांडव जारी रहा। आग की पहली घटना महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र के कनहरा गांव में हुई। हाई टेंशन तार के शाट सर्किट से बृजमन वर्मा की गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। जरवा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रेंज में वन निगम के डिपो में लगी आग के कारण तमाम लकड़ी जल गई। आग ने जंगल में कई हरे भरे पेड़ों को भी झुलसा दिया। उप प्रभागीय वन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वनकर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। फायर सर्विस की गाड़ी भी बुलाई गई है। शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। हरैया थाना क्षेत्र के पासी पुरवा गांव मे बिजली के शाटसर्किट से जगदंबा प्रसाद की झोपड़ी में लगी आग ने तेज हवा के कारण लाल बच्चा, राम रूप, नान बाबू, विनोद कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र, धर्मेंद्र व पारसराम समेत नौ लोगों के आशियाने को अपनी चपेट में लेकर राख कर दिया। घटना में पीड़ितों की बाइक, साइकिल, पंपिंग सेट व घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर सर्विस की गाड़ी और वह ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई। जनपद मुख्यालय में कलेक्ट्रेट परिसर के पास लगी आग में तीन लोगों का आशियाना जलकर राख हो गया। पुलिस तथा फायर सर्विस की टीम ने आग पर काबू पाया।

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नवाचार

बलरामपुर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा जनपदीय यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुचारु व सुदृढ़ बनाने के लिए दिए गए निर्देश के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा सभी ई-रिक्शा की नम्बरिंग की जा रही है। सभी ई-रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन यातायात पुलिस द्वारा किया जा रहा है। जिससे ई-रिक्शा द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्घटना करने पर, यातायात उल्लंघन या किसी आपात स्थिति में आम-जनमानस द्वारा ई-रिक्शा पर लिखे नम्बर को आसानी से पढ़ा जा सके तथा यातायात पुलिस को बताकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही कराई जा सके। सामन्यत: ई रिक्शा का नंबर प्लेट बहुत छोटा होता है जिसे कोई व्यक्ति ठीक से पढ़ नहीं पाता सीसीटीवी में भी पकड़ पाना कठिन होता है। इसी लिए सभी ई रिक्शा के आगे पीछे नंबरिंग करने का नवाचार किया जा रहा है।

भाजपाइयों ने लोगों से संपर्क कर मांगा समर्थन

बलरामपुर, अमृत विचार। तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र में जन सम्पर्क अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत आज भाजपा के श्रावस्ती लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने ग्राम फटवा बाजार, चौधरीडीह, मणिपुर, बिनोहानी, बरदौलियां सहित एक दर्जन ग्राम केंद्रों पर चुनावी नुक्कड़ सभा की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार, राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय मे बताते हुए भाजपा प्रत्याशी के समर्थन की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, विधान सभा संयोजक शिव प्रसाद यादव, श्याम मनोहर तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ला, राघव राम पाण्डेय, प्रधान विजय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चला संयुक्त अभियान

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 स्वतंत्र,निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी बलरामपुर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत गाँव हसुवांडोल में आबकारी निरीक्षक अनन्त मिश्र व प्रधान आबकारी उमेश कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही मुकेश कुमार एवं महिला सिपाही के साथ आबकारी टीम ने हसुवांडोल गाँव में दबिश दी गई। उन्होंने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद बलरामपुर में अवैध शराब के निर्माण निष्कर्षण एवम बिक्री पर पूर्णतया रोक थाम लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम एवम आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 द्वारा क्रमश: ग्राम हसुवांडोल, लाला जोतराम पुरवा, बढाई पुरवा, जुबलीपुर आदि गांवो में दबिश देकर कुल तीन अभियोग पंजीकृत करते हुए 39 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

पड़ोसी के घर में फंदे से झूलता मिला किशोरी का शव

श्रावस्ती, अमृत विचार। भिन्गा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला शिवाजी पुरम में पड़ोसी के घर में अनीता (17) पुत्री बनवारी लाल चौहान का शव लटकते हुए मिला। मोहल्ला शिवाजी पुरम निवासी बनवारीलाल चौहान चौहान की पुत्री अनीता का शव गुरुवार को दोपहर में उसके घर के सामने भूरे चौहान के घर के बणेर में फंदे से लटकते मिला। मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को अनीता घर से गायब हो गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद उसका कहीं पता नहीं लगा तो अनीता के पिता द्वारा बगल में ही रह रहे तीन लड़कों के विरुद्ध भिन्गा कोतवाली में तहरीर दी गई थी। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करके लडको को गिरफ्तार कर पूछताछ कर छोड़ दिया गया।

श्रावस्ती में किशोरी ने की आत्महत्या

श्रावस्ती, अमृत विचार। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिदुहनी के रामपुर में बुधवार देर रात तारा देवी(13) पुत्री दीनानाथ जो अपने ही घर में अज्ञात कारणों से घर के अंदर छत के कुंडा में साड़ी से अपने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना ग्राम प्रधान अनिल कुमार पांडे के द्वारा नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती को दी गई। सूचना पर नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक गणनाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और फारेंशिक टीम को सूचित किया फॉरेंसिक टीम और पुलिस की सुरक्षा में शव को साड़ी के फंदे से उतारा गया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिन्गा भेज दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। जनपद के इकौना ब्लॉक के अंर्तगत कटघरा NH 730 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरण की मौके पर मौत हो गई हैं। वहीं जब वन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली तो मौके पर वन विभाग के अधिकारी पहुँचकर कार्यवाही में जुटे हुए है। वन दरोगा विकास वर्मा ने बताया कि पानी की तलाश में भटककर आबादी में पहुंचे हिरन की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

किसानों व व्यापारियों को फसल का मिलेगा उचित मूल्य

श्रावस्ती, अमृत विचार। डीएम कृतिका शर्मा के अथक प्रयास से पटना खरगौरा में नवनिर्मित नवीन मंडी का संचालन शुरू हो गया है। इसको लेकर डीएम ने विगत दिनों कई बार किसानों व व्यापारी संगठनों के साथ बैठक कर पुरानी मंडी को नवीन मंडी में शिफ्ट करने के लिए बातचीत भी की। इसके फलस्वरूप गुरुवार को नवीन मंडी का संचालन शुरू हो सका है। डीएम ने बताया कि नवीन मंडी के शुरू हो जाने से जिले के किसानों व व्यापारियों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। इससे पूर्व मंडी का संचालन भिनगा नगर के बीचोबीच में किया जा रहा था। इससे प्रतिदिन अनेक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बड़े ट्रकों के आवागमन से जाम की समस्या भी होती थी और हादसे की स्थिति बनी रहती थी। अब यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

मिश्रिख से संगीता सपा उम्मीदवार

- नामांकन के अंतिम दिन संशय हुआ खत्म, मिश्रिख सीट से उम्मीदवार बदलने की थी चर्चा

सीतापुर

अमृत विचार। लोकसभा सीट मिश्रिख पर लगातार कई दिनों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बदलने के संशय पर गुरुवार को संशय खत्म हो गया। नामांकन के अंतिम दिन पार्टी द्वारा पूर्व से दिए गये एबी फॉर्म से पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की पुत्रवधू संगीता राजवंशी के इस सीट से चुनाव लड़ने की अंतिम स्वीकृत हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन से दो दिन पूर्व सपा हाईकमान के प्रत्याशी बदलने की चर्चा थी।

सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी।

मिश्रिख लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले पूर्व कारागार मंत्री रामपाल राजवंशी को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। कुछ दिनों पहले अस्वस्थ होने के कारण सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उनके पुत्र मनोज राजवंशी को लोकसभा चुनाव में उतारने के लिए हरी झंडी दे दी थी। बावजूद इसके बेटे का भी स्वास्थ्य पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं था। आपसी सहमति के पश्चात पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की पुत्रवधू संगीता राजवंशी को मिश्रिख लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में उतारा गया था। संगीता राजवंशी द्वारा बतौर सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भी कर दिया गया था। तभी अचानक चर्चाएं आम हुई कि मिश्रिख लोकसभा सीट से सपा पार्टी प्रत्याशी में फेरबदल कर सकती है। चर्चाओं के दौर में इस सीट से पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव जो कि सिधौली के पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव के भाई हैं, उनके अचानक सपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में आने की अटकलें शुरू हो गईं। लेकिन गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन स्थितियां पूरी तरह से स्पष्ट हो गईं। मिश्रिख लोकसभा सीट से बतौर सपा प्रत्याशी के रूप में संगीता राजवंशी ही चुनाव लड़ेंगी। नामांकन पत्रों की जांच के उपरान्त 29 अप्रैल को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जायेगा।

संचारी रोगों से बचाव के बताए उपाय

लहरपुर,सीतापुर

अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागरूकता संगोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। संकुल शिक्षक अनवर अली ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल लोगों ने ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के लए जागरूक किया।

संगोष्ठी में मौजूद अभिभावकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि किसी भी बीमारी को मामूली नहीं समझना चाहिए। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर से परामर्श करना चाहिए। एएनएम जयदेवी ने गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमावती ने बच्चों के टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को समय से सभी टीके लगवाने की अपील की। शिक्षक सरोज कुमार वर्मा ने स्वच्छता का महत्व बताया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिपाल, शिक्षक उमेश चन्द्र, रामावती वर्मा, राजीव कुमार, अभिभावक गुलाली, रामपाल, देशराज मैना देवी, भोली ज्ञानवती, लल्ली देवी, मीरा देवी सुनीता देवी, भगवानदीन सहित ग्रामवासी मौजूद थे।



रैली निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

राम का एक आचरण भी उतार लें तो जीवन सार्थक

सीतापुर

अमृत विचार। गुरुवार को 88 हजार ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य के स्वामी विद्यानंद सरस्वती आश्रम में श्री राम महोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह रहे।

मुख्य वक्ता गजेंद्र सिंह ने राम महोत्सव के बारे में बताया कि ये जनजागृति कार्यक्रम लोगों को यह बताने के लिए है कि रोम रोम में वास करने वाले राम हमारी चेतना के केंद्र हैं। उनके जीवन का हर क्षण अनुकरणीय है,उनका जीवन हम सबके लिए दर्शन है। राम एक सभ्यता है, उनका एक आचरण भी उतार पाएं तो जीवन सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम का व्यक्तित्व व कृतित्व पारिवारिक व सामाजिक एकता का उपदेश देता है। उन्होंने कहा कि राम का होना मतलब घर का होना है परिवार का होना है अर्थात संबंधों के निर्वाह का दृढ़ संकल्प है।

उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से राम के आदर्श बच्चों-युवाओं के बीच ले जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहला आश्रम के महंत नारायण दास, प्रीतम दास, अंजनी दास, महेंद्र पांडे,आत्म प्रकाश, अजय, दिव्यांग, राज, शुभम समेत अन्य संत-महंत मौजूद रहे।

अचानक गिरा मकान का बरामदा, हादसा टला

दो मंजिला बिल्डिंग के गिरे बरामदे का मलबा। अमृत विचार

तंबौर, सीतापुर अमृत विचार। क्षेत्र के थानांतर्गत सुलतानापुर चौराहे पर स्थित सिंह मार्केट दो मंजिला बिल्डिंग का बरामदा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। दो मंजिला बिल्डिंग के नीचे व ऊपरी तल पर कई दुकानें बनी हैं। बिल्डिंग का मालिक सुल्तानापुर निवासी मोनू सिंह है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण में कोई दोष था, जिस कारण भवन का सामने वाला ऊपरी और निचले तल का बरामदा गिर गया।

प्रेमिका से मिलने गये युवक को पीटा, इलाज के दौरान मौत

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार : तालगांव कोतवाली इलाके के लश्करपुर गांव निवासी सलमान अपनी कथित प्रेमिका से मिलने बीती 8 अप्रैल को उसके घर गया था। परिजनों ने युवक व अपनी बेटी को मारा-पीटा था। सारी जानकारी कथित प्रेमी युवक के पिता को हुई तो उसने डायल 112 को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की हालत देख उसे सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया था। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में कोई सुधार न होने पर घायल युवक को दूसरे दिन जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया। उसके बाद कथित प्रेमी युवक के परिजन उसे लखनऊ से सीतापुर ले आए थे। परिजनों के अनुसार बीते तीन-चार दिनों से युवक का इलाज बिसवां-लहरपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। परिजन शव को अपने घर ले आए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले में एक पक्ष पर छेड़छाड़ तो दूसरे पर हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया था। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जवाबी आतिशबाजी के साथ 15 दिवसीय मेले का समापन

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। जवाबी आतिशबाजी के साथ संकटा देवी धाम के प्रसिद्ध वासंतिक नवरात्र के 15 दिवसीय वार्षिक मेले का औपचारिक समापन हुआ। मेले में समापन के दिन देर रात गए तक हजारों भक्तों की भीड़ लगी रही। मां संकटा देवी धाम के वार्षिक मेले के समापन पर हुई शानदार आतिशबाजी में करीब एक घंटा तक आतिशबाजों ने अपनी आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। रात्रि ठीक साढ़े बजे से मोतीपुर के पुत्तन व बाबूपुर के अनवर ने आसमानी गोला दगाकर आतिशबाजी की शुरुआत की। आतिशबाजी में ध्रुवतारा, शोला और शबनम, राजा का किला, वनफूल, फुलझड़ी, चकरी, बारादरी, पनचर्खा सहित तरह-तरह के आइटम प्रदर्शित किए। बाबूपुर के आतशबाज पुत्तन को धाम समिति की ओर से विजेता घोषित करते हुए पुरस्कृत किया गया।

आतिशबाजी देखते लोग। अमृत विचार

मार्ग किनारे ई-रिक्शों की भीड़ से हो रहे हादसे

पहला, सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां-महमूदाबाद मार्ग जसमंडा चौराहे पर ई-रिक्शा रोड पर खड़े होने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी इस तरह हावी है कि वह समूचे रोड किनारे रिक्शा खड़े करके सवारियों का इंतजार करते रहते हैं। जिस कारण रोड संकरी होने पर अक्सर एक्सीडेंट की घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विरोध करने पर चालक मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। इन रिक्शा चालकों के पास न तो लाइसेंस है और न ही फिटनेस। साथ ही कई नाबालिग भी चालक बनकर रोड पर फर्राटे भरते देखे जा सकते हैं, लेकिन पुलिस व विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मच्छरों से बचने का करें इंतजाम ताकि मलेरिया से बचे जान

बलरामपुर अमृत विचार।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बलरामपुर में बृहस्पतिवार कोविश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित मलेरिया दिवस के लिए इस वर्ष की थीम 'अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेज़ी लाना' निर्धारित किया गया। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य मलेरिया जैसी घातक बीमारी के नियंत्रण में तत्काल कार्रवाई करना है। भारत में भी हज़ारों लोग हर साल मच्छरों से होने वाली बीमारियों का शिकार होते हैं, जिनमें से एक मलेरिया भी है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से होती है।

मलेरिया से बचने के लिए सबसे पहले मच्छरों से बचना जरूरी है। इसलिए जब आसपास मच्छर ज्यादा हों तो मच्छरदानी लगाकर ही सोएं।घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाकर रखें ताकि मच्छर अंदर ना आ सकें। घर के अंदर मच्छर मारने वाली मॉस्किटो रिपेलेंट का इस्तेमाल करें। रात को सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें ताकि आपका ज्यादातर शरीर ढका रहे। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ रविनंदन त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा,डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, डी एम ओ राजेश पाण्डेय, विनोद,श्याम मिश्रा, डॉ शोएब अहमद, डॉ चंद्र प्रकाश तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते सीएमओ।

सीओ आले हसन के मामले में जवाब मांगा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। साथ ही साधना गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अतः शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की मनमानी के संबंध में शिकायत करने का अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को 24 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

एक युवक की मौत ,तीन घायल

बलरामपुर/जरवा अमृत विचार।

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई दो मार्ग दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन दोनों लोगों को इलाज के लिए गोंडा रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना गत बुधवार रात देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेला में हुई स्थानीय निवासी जय जय राम (42)यादव खेत में गेहूं की मड़ाई कर चुके थे। रात में वह ट्रैक्टर ट्राली लेकर भूसा लेने जा रही थे। नाले के किनारे अचानक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर जय जय राम की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। देहात कोतवाल दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है। दूसरी घटना गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के जैतापुर उतरौला मार्ग पर कुड़ी मोड़ के पास हुई। क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी सोनू (30) में एसयूवी में फिरोजा(35) और अफ्फान(4) को लेकर उतरौला जा रहे थे। कुड़ी मोड़ के पास सामने से आ रहे मिनी ट्रक नेएसयूवी को ठोकर मार दी। घटना में सोनू ,फिरोजा तथा अफ्फान घायल हो गए। तीनों लोगों को इलाज के लिए उतरौला स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिरोजा और अफ्फान की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर गोंडा रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गौरा चौराहा तेज नारायण गुपि ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

बलरामपुर में कुड़ी मोड़ के पास ट्रक की ठोकर से क्षतिग्रस्त एसयूवी

अस्पतालों में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

- तेज धूप और लू ने लोगों को किया बेहाल
- सीएचसी व जिला अस्पताल में भर्ती हो रहे मरीज

संवाददाता, बहराइच/बाबागंज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज। अमृत विचार

अमृत विचार। मौसम का मिजाज इन दिनों तेजी से गर्म होता जा रहा है।अस्पताल में आने वाले हर दसवां मरीज डायरिया से पीड़ित है। अस्पतालों में डायरिया , बुखार आदि के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है।

जिले में तापमान बढ़ने के साथ गर्मी अब चरम पर है। तेज हवा, कड़ी धूप व लूं के साथ आसमान से मानो आग की वर्षा हो रही है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे है। स्कूली बच्चों को विद्यालय से छुट्टी होने पर कड़ी धूप और लू में निकलना दूभर हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में डायरिया ने दस्तक दे दी है। सीएचसी चरदा के एमओआईसी डॉक्टर आर एन वर्मा ने बताया कि इन दिनों प्रतिदिन लगभग 300 ओपीडी हो रही है। जिसमें उल्टी , दस्त के मरीजों की भीड़ में इजाफा हुआ है। ओपीडी व इमरजेंसी दोनों में डायरिया के मरीज अधिक आ रहे हैं। अधिकतर मरीजों में पेट मे दर्द होने के साथ अधिक उल्टी -दस्त होना , पेट मे दर्द बने रहना , बुखार आना आदि के शिकायतें अधिक पाई जा रही है। परिसर में पर्चा बनवाने के लिए काफ़ी भीड़ लग रही है । अधिकतर मरीज उल्टी, दस्त और जुकाम के साथ बुखार , पेट दर्द व पेट मे ऐंठन आदि के आ रहे हैं। इस हफ्ते में 40 डायरिया के मरीज भर्ती किए गए। कुछ यही हाल जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल का है।

डायरिया से बचाव के उपाय

सीएचसी चरदा में तैनात चिकित्सक डा आरपी सिंह व डा महेश का कहना है कि लू के चलते विशेष बचाव की आवश्यकता है। घर से पानी का सेवन करके ही बाहर निकले। तेज धूप में घर से बाहर कतई न निकले। अधिक जरूरी होने पर सिर से लेकर शरीर के सभी अंग को ढक कर ही बाहर निकले। अधिक से अधिक ठण्ड पेय पदार्थों का सेवन करे। दिन भर में कम से कम तीन चार लीटर पानी का सेवन अवश्य करे। खीरा ,ककड़ी, तरबूज खरबूज ,नारियल पानी का अधिक सेवन करे। देर से रखा भोजन से दूरी बनाए।

जनसामान्य से मुलाकात के समय में हुआ संशोधन

बहराइच, अमृत विचार। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक केएसएसवी. सुब्बारेड्डी प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से 10 बजे तक रूम नं0-2, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। रंजन ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9044154983 अथवा उनके लाइज़निंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9450531248 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सामान्य प्रेक्षक ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच

कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही कंट्रोल रूम में चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बहराइच सुरक्षित सीट के अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी मोनिका रानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

नामांकन स्थल के निरीक्षण के उपरान्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर निर्वाचन कन्ट्रोल रूम/शिकायत प्रकोष्ठ, सी-विजिल, हेल्पलाइन नम्बर 1950, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया मानीटरिंग सेल का अवलोकन करते हुए आनलाइन, ऑफलाइन व दूरभाष के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण तथा अभिलेखीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक नानपारा ज्योति चौरसिया, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एक नजर

अंतिम दिन चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के सातवें दिन 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में राम रूप पुत्र राम नारायन, प्रभूनाथ पुत्र बहराइची व वृक्ष राम पुत्र पूसू लाल तथा बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचू लाल पुत्र लखराज द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

तीन परिवारों ने आपस में किया सुलह

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 03 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया।

वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। रामगांव थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार चौधरी, सिपाही राजकुमार गौतम की टीम ने वारंटी ओमप्रकाश पुत्र रामलाल निवासी चमरगडिया तमाचपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सांड से बाइक सवार की हुई भिड़ंत, घायल

बहराइच। जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कला गांव निवासी सावन (25) पुत्र मोती लाल बाइक से घर जा रहा था। गुरुवार को बाइक सवार से सांड की टक्कर हो गई। जिससे सांड की सींग लगने से युवक की आंत फटकर बाहर आ गई। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

सीमावर्ती जिलों से आने वाले लोगों की सीसीटीवी से करें निगरानी

पुलिस अधीक्षक बोलीं - जवानों के रहने के लिए हैं बेहतर बंदोबस्त

पुलिस लाइन में बैठक करतीं एसपी। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन, सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत बैठक कर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सीमावर्ती जिलों के अलावा भारत-नेपाल सीमा से आने वाले लोगों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाए।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा सुरक्षा को लेकर बैठक की गई। बैठक के दौरान एसपी ने अन्य चुनावी तैयारियों की समीक्षा के साथ बाहर से आने वाले सीएपीएफ, पुलिस, होमगार्ड्स के रुकने के स्थानों पर मूलभूत सुविधाओ की समीक्षा की। बैठक मे पुलिस, होमगार्ड्स के रुकने हेतु चिन्हित विद्यालयों, स्थानों पर पर्याप्त कमरों की उपलब्धता, शौचालय, स्नानागार व उनकी बेहतर साफ-सफाई के अतिरिक्त बिजली, पीने का पानी, पंखें, कूलर, व्लोवर, चार्जिंग प्वाइंट, बाल्टी, मग, दरी, गद्दा तथा विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु जनरेटर तथा प्रत्येक स्थानों पर बिजली मिस्त्री, प्लम्बर, होमगार्ड्स के खाना बनाने के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर ली जाय। निर्वाचन ड्यूटी के लिए बाहर से आने वाले जवानों को कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अंतर्जनपदीय बैरियरों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से निरंतर चेकिंग की जाए एवं पुलिस बल के साथ प्रतिदिन पैदल गस्त की जाए । जिससे आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के ऊपर निगरानी रखी जाए तथा उन्हें चिन्हित कर उन पर प्रभावी विधिक कार्यवाही कर चुनाव प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, समस्त क्षेत्राधिकारगण व समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

प्रेक्षक ने जांची एसएसटी व एफएसटी की गतिविधियां

एसएसटी टीम का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक।

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार। व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत रिसिया मोड़ पर एसएसटी बैरियर व फ्लाईंग स्क्वायड टीम का निरीक्षण किया। एसएस टीम के मुखिया शैलेश कुमार वरूण व एफएस टीम के मुखिया कर्मवीर से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने मटेरा मोड़ एसएस टीम के मुखिया राजमल से वाहनों की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होने थाना नवाबगंज अन्तर्गत शंकरपुर नवाबगंज रोड पर एफएसटी के मुखिया पंकज वर्मा तथा थाना नवाबगंज के निकट एफएसटी के मुखिया रविन्द्र कुमार यादव से वाहनों की जांच के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होने थाना नवाबगंज अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बार्डर आउट पोस्ट समतलिया के निकट स्थित एसएसटी बैरियर के मुखिया पुष्पेन्द्र कुमार व उप निरीक्षक दिनेश कुमार कुशवाहा से कहा कि निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाइजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र। अमृत विचार

राजीचौराहा, बहराइच। जनपद के तहसील महसी अंतर्गत ग्रामसभा पूरे हिंदूसिंह में स्थित विमला देवी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाला जी नगर महसी में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हुए मेधावी छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम मिश्र द्वारा विभिन्न पुरुस्कारों से समानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक करुणेश मिश्र ने छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने पर बल देते हुए सभी मेधावियों को शुभकामनाएं दी, साथ ही साथ विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे सभी अध्यापक बंधुओं को भी बेहतर रिजल्ट की बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष, अध्यक्ष, इंद्रराज वर्मा (प्रधान प्रतिनिधि कोटिया) रोशन रसिक तिवारी, अशोक तिवारी, अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के लिए निकला छात्र लापता

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। जिले के कैसरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम डढैला निवासी प्रीती सिंह ने कैसरगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र ओम शिव सिंह(21) सोमवार सुबह करीब आठ बजे पल्सर बाइक से भगवानदत्त सर्वेश्वर महाविद्यालय रामनगर बाराबंकी गया था। देर शाम तक उसके घर वापस न आने पर परिजनों ने छात्र की तलाश शुरू कर दी है। स्कूल में भी छात्र का कुछ पता नहीं चला। छात्र की पल्सर बाइक यूपी 40 सी 4579 भी नहीं मिली और उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। कैसरगंज पुलिस ने तीन दिन बाद भी छात्र के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज नही की है,जिससे परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। कैसरगंज पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह से बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

(फाइल फोटो)।

ठहरे हुए पानी में पनपता है जानलेवा बीमारी का मच्छर

बहराइच, अमृत विचार। मलेरिया रोग संक्रमित मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से होती है। मच्छर काटने के 13 दिन बाद इसके लक्षण आते हैं । सही समय से जांच व इलाज से यह बीमारी महज तीन दिन में ठीक हो जाती है । लेकिन यह बीमारी पहले से अधिक घातक हो गयी है । इस बीमारी से दिमाग में सूजन व गुर्दे खराब होने लगे हैं । इसके लिए मलेरिया की नई दवाएं उपलब्ध हैं। सही समय पर दवा सेवन से यह तीन दिन में ठीक हो जाता है । इलाज में देरी और लापरवाही से यह गंभीर भी हो सकता है। यह बातें सीएमओ सभागार में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ संतोष राणा ने कही।

सीएमओ कार्यालय में शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी।

इलेक्ट्रिक की दुकान से नकदी समेत हजारों की चोरी

बहराइच, अमृत विचार। जिले के तुलसीपुर चौराहे पर स्थित इलेक्ट्रिक की दुकान के खिड़की को तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी और समान की चोरी की। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। रामगांव थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी हाफिज अहमद की चौराहे पर इलेक्ट्रिक की दुकान है। बुधवार को फाफिज अहमद दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने दुकान की खिड़की तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने बिक्री का 22 हजार रूपये नकदी, 50 हजार रूपये मूल्य का सामान चोरी कर ली। चोरी की जानकारी सुबह आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को दी। दुकान मालिक मौके पर पहुंचा। इसके बाद उन्होंने चोरी की जानकारी थाने में दी, लेकिन सूचना के बाद भी कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा है।

सार-संक्षेप

सानवी प्रथम, नैना द्वितीय व शिवपूजन को तीसरा स्थान

प्रतियोगिता में अपने पोस्टर का प्रदर्शन करते प्रतिभागी। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज तहसील के कस्बे में स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में जूनियर वर्ग के छात्र छात्राओं की पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने शरीर विज्ञान से सम्बन्धित व विभिन्न मुद्दों पर एक से बढ़कर एक पोस्टर बना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के उप निदेशक इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओ से नैसर्गिक प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इस पोस्टर प्रतियोगिता में सानवी सिंह को प्रथम, नैना कौशल को द्वितीय व शिव पूजन को तृतीय स्थान मिला। सफल सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के डायरेक्टर एम श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप ने शील्ड प्रदान किया ।इस प्रतियोगिता में आयुषी सिंह, माही सिंह,फजलुर रहमान ,अंशिका यादव, लकी राजपूत सहित सौ से अधिक छात्र छात्राओ नेविज्ञान से सम्बन्धित पोस्टर बना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एसके सिंह, रंजीत सिंह,मो0 माजिद, विजय मिश्र, प्रदीप श्रीवास्तव, मो.नसीब, अबरार, आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

मैं अपनी एंबुलेंस को लावारिस नहीं छोडूंगा

जिला अस्पताल में शपथ लेते एंबुलेंस कर्मी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। मरीजों को ले जा रहे एंबुलेंस हादसे का शिकार न हो, इसके लिए सभी कर्मचारियों को 18 बिंदुओं पर शपथ दिलाई गई। साथ ही हादसे रोकने के लिए हर कदम उठाने की बात कही। जिले में 108 और 102 एंबुलेंस से मरीजों को गांव से अस्पताल और अस्पताल से घर भेजा जाता है। अगर एंबुलेंस हादसे का शिकार हो जाए तो मरीज के साथ कर्मचारियों को भी दिक्कत होगी। इसको देखते हुए एम्बुलेंस कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के बारे में शपथ दिलाई गई। एंबुलेंस सेवा के रीजनल मैनेजर विवेक मिश्रा और प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी सभी एंबुलेंस कर्मचारियों को शपथ दिलाई। जिसमें लापरवाही से गाड़ी चलाने से बचने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने और मैं अपनी एंबुलेंस को लावारिस नहीं छोडूंगा समेत 18 बिंदुओं की शपथ दिलाई।

कम उम्र में शादी करने के बजाय बालिकाओं को बनाएं शिक्षित

जागरूकता बैठक में मौजूद धर्म गुरु। अमृत विचार

रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार। बाल विवाह पर अंकुश के लिए धर्मगुरुओं की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों को बाल विवाह के नुकसान के बारे में बताया गया। नवाबगंज विकास खंड के निधिनगर संकल्पा मे देहात इंडिया की ओर से जागरूकता गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें देहात इंडिया टीम के आयोजक नीरज श्रीवास्तव द्वारा बाल विवाह के बारे मे बताया गया। नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि कम उम्र में होने वाले विवाह के कई नुकसान हैं। इससे बालिकाओं का विकास नहीं हो पाता है। धर्मगुरु प्रमोद तिवारी महाराज ने कहा है कि अगर हमारे संज्ञान में अगर कोई बाल विवाह करवाता है या करता है तो इसकी सूचना संस्था के कार्यकर्ताओं को किया जाएगा और बाल विवाह रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। समुदाय के लोगो को भी हम लोग मिलकर बाल विवाह रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिसमे गांव के धर्मगुरु मौलवी अमीन अहमद, मौलाना निजामुदीन,कुर्बान, मौलाना रियाज, पण्डित रामदास, राम अचल, रूपेश,आशा सरोज कुमारी, आंगनबाड़ी ममता तिवारी, बिनीता तिवारी, सहायिका तारा देवी, देहात इंडिया टीम से पवन कुमार, निर्मला शाह, सरिता श्रीवास्तव आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, 9 घायल

बहराइच/नानपारा

अमृत विचार। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में युवती और श्रमिक की मौत हो गई। छह लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हुजूरपुर के भेड़ियारी निवासी पंचम (60) मजदूरी का पैसा लेकर गुरुवार को गांव आ रहा था। चौराहे के पास चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे श्रमिक की मौत हो गई। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के विश्वनाथ गांव के मजरा कंटोहला निवासी हबीबुर्रहमान रहमान (40) बेटी खुशनुमा (20), काजमा (12),व जावेद (10) के साथ ईशापुरवा शादी में गए थे। लौटते हुए हाड़ा बसहरी नहर पर रुके और घर पर फोनकर बाइक मंगवाई थी। रुपईडीहा की ओर जा रही ट्रैक्टर ट्राली ने पहले ई रिक्शा में टक्कर मार दी। उसके बाद गन्ने का जूस पी रहे उनके परिवार को टक्कर मार दी। हबीबुर रहमान ने बताया कि वह परिवार को बचाने के लिए बंधे की ओर भागे, लेकिन बेटी खुशनुमा को नही बचा सके। 11 मई को उसकी शादी थी। टक्कर से हबीबुर रहमान काजम जावेद सहित ई रिक्शा सवार चितहारिया निवासी रानी देवी, राम अचल की पत्नी संगीता घायल हो गई। डॉ. आरपी गौड़ ने बताया कि सभी घायलों को जिलाचिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। कैसरगंज थाने के पुरैनी पाढ़ा निवासी रामऔतार (25) गोंडा जिले के कटरा थाने के नरायनपुर निवासी कमलेश के साथ बुधवार रात बाइक से चित्तौरा वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान बाइक जैसे ही रानीपुर थाने के पास पहुंची। विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मार फरार हुए युवक को भी चोटे आई है। फखरपुर थाने के विबियापुर आकाश (27) बुधवार रात शरदपारा आया था। बाइक से वह घर आ रहा था। पारा से कुछ आगे वह पहुंचा ही था। इसी दौरान रांग साइड से तेज रफ्तार से निकला बाइक सवार उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए फरार हो गया। जिसके चलते आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। राम गांव के कोरियनपुरवा गांव निवासी संतोष और मनन जोत निवासी अखिलेश बाइक से जा रहे थे। पिक अप वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए।

उर्वरक विक्रेताओं का 15 दिवसीय हुआ प्रशिक्षण

संवाददाता, बहराइच

कृषि विज्ञान केंद्र के सामने मौजूद उर्वरक विक्रेता और कृषि अधिकारी।

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम में उर्वरक विक्रेताओं का 15 दिनों से प्रशिक्षण चल रहा था। जिसका समापन गुरुवार को हुआ। कृषि अधिकारियों ने सभी को प्रमाण पत्र वितरित किया।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर प्रभारी अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में उर्वरक विक्रेताओं के लिए द फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवम लक्ष्मी जन कल्याण सेवा समित के द्वारा 15 दिवसीय उर्वरक एवं खाद विक्रेताओ के लिए प्रशिक्षण का आयोजन हुआ । जिसमे रिसोर्स पर्सन के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह , डॉक्टर नन्दन सिंह , डॉक्टर नीरज कुमार सिंह , डॉक्टर अरुण कुमार राजभर ने प्रशिक्षण दिया। समापन दिवस के अवसर पर एफएआई के डॉक्टर ललित कुमार और जनकल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष नीलम त्यागी, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर आशीष कुमार शुक्ला और केन्द्र के प्रभारी अधिकारी और समस्त वैज्ञानिक उपस्थित रहे। इसमें लगभग 30 युवाओं को रोजगार के प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

उपलब्धि पढ़ाई के लिए 4 साल में मिलेंगे कुल 48 हजार रुपये

छात्रवृत्ति परीक्षा में 172 छात्रों का हुआ चयन

बहराइच

छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार। सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। इसमें जनपद ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस बार 172 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तरह ही परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का दबदबा कायम रहा। जिला बहराइच में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित नोडल शिक्षक आंचल श्रीवास्तव व पूरन लाल चौधरी ने परिणाम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार की ओर से कक्षा नौ से बारहवीं तक अध्ययन करने पर हर साल 12 हजार प्रति वर्ष छात्रवृति दी जाती है। इस तरह से इस चार साल में विद्यार्थी को छात्रवृत्ति के कुल 48 हजार मिलेंगे। जनपद में इसके लिए लगभग 1100 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। करीब 950 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इस योजना के तहत जनपद हेतु निर्धारित कोटा 172 छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

रिजल्ट बता रहा सरकारी स्कूल हैं असरकारी

ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के लिये केंद्र सरकार की राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा में आकांक्षी जनपद के परिषदीय स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन उल्लेखनीय है। छात्रवृत्ति परीक्षा का घोषित परिणाम ये बताता है कि जिले के बेसिक विद्यालयों में नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही, यानी सरकारी परिषदीय स्कूल 'असरकारी' भी हैं। जहां शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए उन्हें तराशने का कार्य हो रहा है।

-अव्यक्तराम तिवारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच

गल्ला मण्डी परिसर का पुलिस प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

गल्ला मंडी का निरीक्षण करते पुलिस प्रेक्षक।

बहराइच, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के एसएसवी सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए स्थान का निरीक्षण किया। पुलिस प्रेक्षक ने गल्ला मंडी में कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेते हुए सुरक्षा के लिए किये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चातउन्होने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी

> रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे। रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है।

है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है -हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान (मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

प्रसंगवश

चुनाव और विदेशी मेहमान

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है।

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

> जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

सोशल फोरम

अच्छे दिन

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते

> राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

- फेसबुक वॉल से

शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने कियी जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

सैम पित्रोदा का प्रलाप

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

मगहर : इन्टरसिटी ट्रेन में छिनैती के बाद यात्री को ढकेला

पांच हजार रुपये आनलाइन खाते में भेजने के बाद बख्शी जान

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। बुधवार की देर शाम इंटरसिटी एक्सप्रेस से खलीलाबाद आ रहे यक युवक को ट्रेन में सवार दो अज्ञात युवकों धमकी देकर नकदी छीन ली तथा जगतबेला रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।

पीड़ित यात्री सामाजिक कार्यकर्ता हाफिज रिजवान ने बताया कि बीते बुधवार को वे अपने साले को सऊदी अरब जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट छोडने गए थे। मुंडेरवा से खलीलाबाद की दूरी के हिसाब से ट्रेन धीमी होने पर वे सीट से उठकर ट्रेन के दरवाजे पर पहुंचे तो वहां पर पहले से दो युवक खड़े थे। रिजवान ने उन युवकों को बताया कि वे ख़लीलाबाद स्टेशन पर उतरेंगे। जिसके जवाब में उक्त युवकों ने कहा कि स्टेशन तो बहुत पीछे चला गया।

इसके बाद वे इस आशय से खड़े हो गए कि शायद ट्रेन मगहर स्टेशन पर खडी हो जाये तो वहीं उतर जाएंगे। लेकिन ट्रेन मगहर स्टेशन पर नहीं रुकी और इस दौरान दोनो युवक रिजवान के पास मौजूद सामान को छीनने लगे। मना करने पर वे विवाद करने लगे और जानमाल की धमकी देते हुए जबरन पास में रखा दस हजार रुपया नकद छीन लिया। इस दौरान ट्रेन सहजनवा से आगे जगतबेला पहुंच गई और दोनों ने चलती ट्रेन से उन्हें धक्का दे दिया। रात में लगभग 11 बजे स्टेशन के आसपास कोई मौजूद नहीं था। कुछ समय के बाद दो युवक वहां पहुंचे। उनसे हाफिज रिजवान ने मदद की गुहार लगाई तो उन्होंने अपशब्द कहते हुए मदद करने के बदले में बीस हजार रुपये की मांग की।रिजवान ने उन युवकों को अपने साथ घटी घटना की जानकारी देते हुए पास पैसा न होने की बात बताई। जिसपर उन युवकों ने उन्हें मारापीटा और घर से आनलाइन पैसे मंगाने की बात करने लगे। घायल युवक ने घर पर भाई से बात करके बाद पांच हजार रुपये आनलाइन अपने खाते में मंगाकर जब उक्त युवकों के खाते में आनलाइन पैसा भेज दिया तो उन्होंने उनकी जान बक्श दी। जिसके बाद घायल अवस्था में रात के अंधेरे में भागता हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा और घरवालों और शुभ चिंतकों को मोबाइल द्वारा अपनी लोकेशन भेजा। जहां से परिजन पहुंच कर उसे अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है।

पीड़ित ने बताया कि जीआरपी चौकी ख़लीलाबाद को लिखित सूचना दे दी गई है। इसके अलावा रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये घायल युवक व उसके परिजन जीआरपी थाना गोरखपुर के लिये रवाना हो चुके हैं।समाचार लिखे जाने तक कोई एफआईआर दर्ज होने की सूचना नहीं मिल पाई है।

ट्रेनों में बढ़ाई जाएगी सुरक्षाः एसपी

संतकबीरनगर। पूरे मामले में बात करने पर जीआरपी गोरखपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ अवधेश प्रसाद ने बताया कि चुनाव के चलते सुरक्षा कर्मियों की संख्या कुछ कम हुई है, लेकिन यात्रियों की सूचना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पीड़ित यात्री हाफिज रिजवान मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर सम्भव उपाय किए जाएंगे।

उम्रदराज व दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों व निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बंधित एआरओ, प्रभारियों और नोडल अधिकारियों से जानकारी लेते हुए जनपद में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी सहित क्रिटकल और वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, मतदान बूथों की तैयारी, पोस्टल बैलेट, 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल वैलेट के माध्यम से उनके घर पर ही मतदान की सुविधा सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा किया।

निर्वाचन सम्बन्धी दायित्वों से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर जनपद का खजनी और अम्बेडकरनगर जनपद का विधानसभा क्षेत्र आलापुर शामिल है। गोरखपुर जनपद में लोकसभा निर्वाचन सातवें चरण में होगा, लेकिन संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र खजनी में निर्वाचन छठें चरण यानी 25 मई को ही सम्पन्न होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के 85 वर्ष से ज्यादा की उम्र के सभी मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा के लिए पोस्टल वैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसके तहत स्वेच्छा से पोस्टल वैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह भी मौजूद रहे।

प्रत्याशियों की सुविधा के लिए होगी सिंगल विंडो व्यवस्थाः एडीएम

संतकबीरनगर। अपर जिलाधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने सभी एआरओ को बताया कि जनपद की चुनाव अधिसूचना लागू होने के बाद प्रत्याशियों के लिए सिंगल विन्डो सिस्टम की व्यवस्था अपर जिलाधिकारी न्यायिक के कार्यालय में बनाई गई है। यहां प्रत्याशियों की सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराएगी पुलिसः एएसपी

संतकबीरनगर। अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह ने एफएसटी और एसएसटी टीमों को जनपद में लागू आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सहित शराब, ड्रग्स, कैश सहित अन्य बिन्दुओं पर पैनी नजर बनाए रखते हुए रैण्डम चेकिंग करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय थानों और पुलिस चौकियों का भी इसमें सहयोग लिया जाए।

कैबिनेट मंत्री पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर,अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस आशय की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया था कि बीच 21 अप्रैल की रात को मन्त्री जी डा. संजय कुमार निषाद मोहम्मदपुर कठार में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए थे। इसी दौरान के अभियुक्त राधेश्याम यादव और उनके साथियों द्वारा अचानक मंत्री पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में नामजद सुभाष यादव पुत्र रामकेवल यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व. लालमन यादव और दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी गण मोहम्दपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को 22 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हमले के मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार की दोपहर दुर्गा मंदिर चौराहा मगहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के अन्य नामजद और अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बोर्ड के टॉपरों को स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। शाह अली अब्बास बालिका इंटर कालेज सालेहपुर में गुरुवार को प्रधानाचार्या रिजवाना खातून की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा 12वीं कक्षा 10वीं के कुल 20 टॉपरों को प्रबन्धक शाहजहाँ बालिका इंटर कालेज के प्रबन्धक मतीन खान के द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि मतीन खान ने सफल छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह आप सभी के कठिन परिश्रम का फल है। क्योंकि हर सफलता की कुंजी अनुशासन और कठिन परिश्रम होता है। शिक्षा ग्रहण कर हम अपने जीवन को उन्नति के रास्ते पर ला सकते हैं। यही बच्चे समाज व देश का भविष्य होते हैं। उन्होंने सफल छात्र-छात्राओं से आगे भी पढ़ाई करने और मेहनत के साथ पढ़ने की सलाह दिया। प्रधानाचार्या रिजवाना खातून ने बताया कि उनके विद्यालय में कक्षा 12वीं में कुल 45 छात्र-छात्राएं और हाईस्कूल में 37 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था। जिनमें सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे। उनके विद्यालय का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। जिनमे कक्षा 12 की इरम फातिमा 93.2 प्रतिशत, मनीषा कुमारी 92.4, कुलसुम फातिमा 90.4, अनीता कुमारी 88 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में टॉप पर रहीं। हाईस्कूल में संजीदा सुहेल 88 प्रतिशत, उजमा खातून 86.6, अरमान अली 85.2, रूमन यादव 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप पर रहे। इस तरह से इंटर के और हाईस्कूल के 10-10 टॉपरों को उनकी सफलता पर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सय्यद फैज अशरफ, प्रबन्धक सय्यद शहीर अशरफ, कैलाश चंद पांडेय, लक्ष्मी देवी, मोहम्मद निजाम अंसारी, कृष्ण चन्द्र, शिवानन्द गुप्ता, सलाहुद्दीन, मोहम्मद सईद, नसरीन खातून, जाहिदा खातून आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बोर्ड के टॉपरों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित।

चार पहिया वाहन से ले जा रहे 1.57 लाख रुपये बरामद

बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली नगर क्षेत्र में एफएसटी टीम ने वाहन जांच के दौरान 1.54 लाख रूपये बरामद किया। सही जवाब न मिलने पर रूपये जब्त करते हुए सीज कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से एफएसटी टीम का गठन किया है। टीम क्षेत्र में जांच कर रही है। कोतवाली नगर में एफएसटी टीम झिंगहाघाट के पास शाम को जांच कर रही थी। तभी चार पहिया वाहन से दरगाह थाना क्षेत्र के बक्शीपुरा मोहल्ला निवासी तहजीम अहमद निकले। उनके वाहन की जांच टीम के सदस्यों ने की। जांच के दौरान कार से एक लाख 54 हजार 750 रूपये बरामद हुआ। इसके बारे में टीम ने पूछताछ की। जिसका सही लेखा जोखा न मिलने पर टीम ने नकदी को जब्त करते हुए सीज कर दिया। टीम में एफएसटी मजिस्ट्रेट सुमन कुमार राव, एसआई भरत सिंह, सिपाही मुकेश यादव, संतोष यादव मौजूद रहे। कोतवाल मनोज कुमार पांडे ने बताया कि टीम ने नकदी जब्त की है। नकदी के बारे में सही जानकारी मिलेगी तो वापस कर दिया जाएगा।

एक नजर

छात्रवृत्ति के लिए फार्म की त्रुटियां 3 मई तक दूर कराएं

संतकबीरनगर। समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने जारी बयान के माध्यम से बताया है कि त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही किए जाने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों को छात्र के लागिन में प्रदर्शित किये जाने और छात्र छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक किए जाने की समय सीमा 26 अप्रैल से 3 मई तक निर्धारित कर दी गई है। जिससे उन्हें छात्रवृत्ति मिलने में कोई दिक्कत न आए।

आज वालंटियर्स को सम्बोधित करेंगे डिप्टी सीएम

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज दिन में 12 बजे से खलीलाबाद स्थित कृष्णा पैलेस में भाजपा सोशल मीडिया वालंटियर्स को सम्बोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा के मीडिया जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को ससमय मौजूद रहकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया

मार्ग दुर्घटना में महिला की मौत

सांथा, संतकबीरनगर। बेलहर कला थानाक्षेत्र के ग्राम सुरसा चमनजोत में बीती रात एक कार ने एक महिला को ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को सीएचसी मेंहदावल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हताशा और बौखलाहट में मंत्री पर किया हमलाः विधायक

संवददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों ने हताशा और बौखलाहट में मंत्री पर हमला किया है। किसी के ऊपर हमला होता है तो वह भी बचाव में कुछ करता ही है। इसलिए मंत्री द्वारा हाथ उठाने की बात कहीं से गलत नहीं है। यदि कोई हमला करेगा तो उसका बचाव करना ही पड़ेगा।

यह मेरा अपना मानना है कि अपने बचाव में कोई भी व्यक्ति प्रहार करेगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस और गठबंधन की नीयत अब आम जनता की गाढ़ी कमाई और संपत्ति पर है। जनता की संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा गाड़ना चाहती है। देश की जनता के पास कितनी प्रापर्टी है उसकी जांच कराने की बात कांग्रेस पार्टी कर रही है। देश में कांग्रेस की सरकार बन गई तो माताओं बहनों के जेवर और उनके मंगलसूत्र भी सुरक्षित नहीं रह जाएंगे। सदर विधायक ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने देश को लूट कर इतना साम्राज्य बना लिया है कि उनकी आने वाली तमाम पीढ़ियों को कमाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते विधायक अंकुर राज तिवारी।

शुरू होगा रोडवेज स्टेशन का निर्माण

संतकबीरनगर। 1997 में जिला बनने के बाद आज तक एक अदद रोडवेज का निर्माण नहीं हो पाया था। हमारी सरकार ने मेरे प्रयासों पर मुहर लगाते हुए रोडवेज निर्माण के लिए धन आवंटित कर दिया है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के तत्काल बाद खलीलाबाद बस स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है निषाद पार्टी

संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी द्वारा लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को प्रत्याशी बनाने से निषाद वोटों में बंटवारे को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि निषाद समाज का हित निषाद पार्टी के साथ है। क्योंकि निषाद पार्टी ही उनके आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है। श्री तिवारी ने बताया कि किसी मांग या समस्या का समाधान कराने के लिए एक समय सीमा होती है। निश्चित ही निषाद पार्टी की मांग पूरी होगी।

स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए चयनित हुए दो छात्र

संतकबीरनगर, अमृत विचार। उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है की उत्तर प्रदेश स्पोर्टस कालेजेज सोसाइटी लखनऊ के अधीन संचालित बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए मुख्य चयन परीक्षा 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक खेल वार स्पोर्ट्स कालेजों में आयोजित हुई। मुख्य चयन परीक्षा में मां. काशीराम जी स्पोर्ट्स स्टेडियम जनपद संतकबीरनगर में कुश्ती खेल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो खिलाड़ी भावेश यादव और सचिन यादव का चयन बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में हुआ है। दोनो खिलाडी स्टेडियम के प्रशिक्षक यादवेन्द्र यादव की देख रेख में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष डॉ सत्यपाल पाल, कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाडी योगेन्द्र यादव, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश प्रसाद, जिला फुटबाल संघ के सचिव बी.के. विश्वास, जिला वालीबाल संघ के सचिव चन्द्रबली यादव, कुश्ती प्रशिक्षक यादवेन्द्र यादव, हैण्डबाल प्रशिक्षक विमलेश ध्रुव, खेलो इण्डिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक मनोज यादव समेत स्टेडियम के सभी कर्मचारी और खेल प्रेमी शामिल रहे।

चयनित प्रतिभागी।

बालक की मौत के मामले में आश्रित को मिली आर्थिक सहायता राशि

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। जिले के जूड़ा गांव में आग लगने से चार वर्षीय मासूम की बीते सप्ताह जलकर मौत हो गई थी। गुरुवार को एसडीएम ने मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जूड़ा के जगरामपुरवा निवासी में 19 अप्रैल को अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें कुलदीप (5) पुत्र सनोज की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। गुरुवार को तहसील में एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय, तहसीलदार अजय यादव ने मृतक बालक के माता पिता को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। तहसीलदार ने बताया कि पीड़ित परिवार को आपदा मद से राहत सहायता राशि की चेक प्रदान की गई है।

आर्थिक सहायता राशि चेक देते एसडीएम।

वर्ग पहेली-51

बाएं से दाएं

1.1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।

2.1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।

5.1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।

6.1. दुष्ट 2. ढीठ।

7.1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।

8.1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

ऊपर से नीचे

1.1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।

3.1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार

4.1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



वर्ग पहेली -50 का हल

			1 पू		2 आ	
	3 का		छ		धू	
	रों		4 ता	5 क	त	
	6 छ	का	छ	क		7 म
8 मो				9 ह	ड़	हा
10 ह	र	शे	ख	रा		श
नी						य

सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		5				
6			4			9		
	4				3			8
9					5			
8		6			1	3		5
			2					4
5			1	3			2	
	7	1			4			9
			5	9		6		

सुडोकू -129 का हल

3	2	5	9	6	8	1	4	7
4	8	7	2	1	3	9	5	6
9	6	1	7	4	5	8	3	2
8	5	6	3	2	9	4	7	1
2	1	4	8	7	6	3	9	5
7	3	9	4	5	1	2	6	8
6	7	2	1	9	4	5	8	3
1	9	3	5	8	7	6	2	4
5	4	8	6	3	2	7	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.45 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 03.40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

वृष — आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

मिथुन — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

कर्क — आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

कन्या — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

तुला — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

वृश्चिक — आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

धनु — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

कुंभ — आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

मीन — आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसान — सुबह : 11.50
पार्टनर — शाम : 05.57

&pictures
कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 11.14
साइना — रात : 08.00

SONY PIX
द वॉटर हाउस — सुबह : 11.24
ज़ोम्बीलैंड — शाम : 06.26

ZEE CINEMA
राम लखन — सुबह : 08.45
तैश — रात : 08.45

colors CINEPLEX
सपने साजन के — सुबह : 11.00
देवदास — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

एक नजर

विद्यार्थियों ने किया ध्यान का अभ्यास

सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू संस्थान के संस्कृत विभाग द्वारा गुरुवार को विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया। इसके अन्तर्गत विद्यार्थी योगाश्रम हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर सहजपुरम का भ्रमण किए। शैक्षणिक भ्रमण दल को संस्थान के उप प्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री रामचंद्र मिशन केंद्र सहजपुरम पहुंचकर सभी छात्रों ने मिशन के सदस्य डॉ. आंजनेय और अर्पित अग्रवाल के सहयोग से ध्यान का अभ्यास किया।

गंदगी से फैलती है मलेरिया की बीमारी

सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू संस्थान के सैन्य विज्ञान विभाग द्वारा मलेरिया दिवस पर गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने मलेरिया से बचने के उपायों पर चर्चा की। भूगोल विभागाध्यक्ष सुधांशु प्रताप सिंह ने कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है। इसका प्रमुख कारण सिर्फ और सिर्फ गंदगी है। जहां भी जलभराव होगा मलेरिया मच्छर पनपने की संभावना ज्यादा होगी।

सौरमऊ में जली 10बीघा गेहूं की खड़ी फसल

सुलतानपुर, अमृत विचार : तहसील सदर क्षेत्र के मोहल्ला सौरमऊ नगर स्थित बृजेश शुक्ला पप्पू के गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते लगभग 10 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मोहल्ले वासियों द्वारा फायर ब्रिगेड को बार बार सूचना देने के बाद भी कोई सहायता नहीं मिली। जिसे लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।

भवन निर्माण में गड़बड़ी पर हेडमास्टर निलंबित

सुलतानपुर, अमृत विचारः बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने धनपतगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय एकलखी के प्रधानाध्यापक पवन कुमार गुप्त को निलंबित कर दिया है। बीएसए ने बताया कि 2008-09 में प्रधानाध्यापक पवन ने विद्यालय भवन निर्माण के लिए पूरी धनराशि 5.65 लाख रुपये निकाल लिया था। इसके सापेक्ष पवन गुप्ता ने 2.90 लाख रुपये का कार्य कराया है। निलंबन के दौरान हेडमास्टर को खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय भदैया से संबद्ध किया गया है। साथ ही लेखाधिकारी समग्र शिक्षा और खंड शिक्षाधिकारी की टीम को जांच सौंपी गई है। जिनसे 15 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई टली

आचार संहिता उल्लंघन का मामला, अब 10 मई को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट करेगी सुनवाई

सुलतानपुर

अमृत विचारः आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 मई की तारीख नियत की है।

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है। गुरुवार को आरोपी मकसूद हाजिर अदालत आये तथा अन्य आरोपी की तरफ से बचाव पक्ष ने हाजिरी माफी अदालत में दिया।

दुराचार के आरोपी प्रधान को कोर्ट से राहतः अखंडनगर थाना क्षेत्र के एक गांव के प्रधान सूरज तिवारी को दुराचार और गाली गलौज के आरोपों में इसी माह जेल भेज दिया गया था। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने प्रधान की जमानत अर्जी पेश कर मुकदमे को चुनावी रंजिश में दर्ज कराने की बात कही। कोर्ट ने तर्कों के आधार पर आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर जेल से रिहाई का आदेश दिया है। थाना क्षेत्र की एक युवती ने बच्चे को जन्म दिया जिसने प्रधान पर शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक दुराचार करने का आरोप लगाया। आरोप है कि परिवार वालों ने बीते एक अप्रैल को प्रधान से शिकायत की तो उसने अपमानित कर भगा दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर अखंडनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था।

चिकित्सक हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप

विधि संवाददाता, सुलतानपुर : कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले में हुए चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड के मामले में गुरुवार को भी सेशन कोर्ट में आरोप तय नहीं हो सके। मामले में बचाव पक्ष की तरफ से आरोपी रहे विजय नारायण सिंह की हत्या होने की सूचना कोर्ट को दी गई थी, परंतु उसकी मृत्यु आख्या पुलिस ने नहीं भेजी। वहीं, बचाव पक्ष की तरफ से मौके का प्रार्थना पत्र दिया गया। कोर्ट में अजय नारायण, दीपक सिंह को जेल से कोर्ट लाया गया, जबकि जगदीश नारायण स्वयं कोर्ट में हाजिर अदालत आये। जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने आरोप तय करने के लिए 30 अप्रैल की तारीख नियत की है। बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह को आरोपी मानते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था। प्रॉपर्टी के विवाद में बीते दिनों दरियापुर तिराहे पर विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

कोर्ट को भ्रामक रिपोर्ट भेजने पर मुंशीगंज एसओ को नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर : कोर्ट के आदेश के अनुपालन न करने व भ्रामक रिपोर्ट भेजने पर मुंशीगंज थानाध्यक्ष को सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम अविनाश चंद्र गौतम ने नोटिस जारी कर 29 अप्रैल को जवाब तलब किया है ।आरोप है कि हरिहरपुर निवासी रेबिका सिंह , उसकी पुत्री व भतीजे को गांव के अभय सिंह सूरज सिंह आदि ने रंजिशन मारपीट कर चोटें पहुंचाई। एफआईआर दर्ज करने के बाद थाने से कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में मानीटरिंग अर्जी दी । अर्जी पर कोर्ट ने थाने से मामले में रिपोर्ट तलब की जिस पर थानाध्यक्ष ने आरोप पत्र कोर्ट भेजने की आख्या भेजी परंतु कोर्ट में आरोप पत्र नही आया। कोर्ट में भ्रामक रिपोर्ट भेजने पर कोर्ट ने सख्त एक्शन लेते हुए मुंशीगंज थानाध्यक्ष को नोटिस जारी की है ।

गड़ासे से पत्नी का गला काटकर लगा ली फांसी

काफी समय से मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा पति, घटना से कुड़वार के फिरोजकला गांव में फैली सनसनी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजकला गांव से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। एक मानसिक रूप से बीमार पति ने अपनी पत्नी का गला गड़ासा (चापड़) से रेत दिया और फिर फंदे से लटककर जान दे दी। दोहरे हत्याकांड से फिरोजकला और आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। मृतक महिला के भाई कुड़वार कस्बा निवासी मो. तसलीम की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है।

कुड़वार थाना क्षेत्र स्थित फिरोजपुर कला गांव निवासी अफाक पुत्र सुनीर अहमद बुधवार देर शाम परिवार के साथ खाना खाकर कमरे में गया। उसके तीन लड़के बाहर सोए थे, एक छोटी बेटी घर के अंदर थी। रात में पति-पत्नी कब मकान के ऊपर छत पर गए, किसी को पता नहीं है। छत पर बने टीन शेड के नीचे अफाक (50) ने पहले पत्नी किसमतुल निशा (48) की चापड़ से गला काटकर हत्या की। फिर खुद उसी के दुपट्टे से टीन शेड की पाइप से लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब दंपति की छोटी बेटी आशिफा चाय लेकर छत पर पहुंची तो आगे मां का शरीर खून से लथपथ पड़ा देखा। पिता को पाइप से लटकते देख चिल्लाते हुए हुए छत से नीचे आई। उसके बाद मृतक के बेटों सहित अगल-बगल के लोग छत पर पहुंचे।

दंपति की मौत के बाद रोते हुए परिजन व इनसेट में दंपति की फाइल फोटो।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर महिला का गला चापड़ से रेता मिला, वहीं उसके पति का शव टीन शेड में लगी पाइप में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना का कोई विशेष कारण अभी जानकारी में नहीं आया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि पति मानसिक रूप से बीमार चल रहा था, उसका इलाज चल रहा था। मगर, इलाज का कोई पर्चा नहीं मिला है।

चूड़ी बेचकर परिवार चलाती थी मां किशमतुल निशां

सुलतानपुर : मृतक दंपति के पांच संताने सादिका (22), शहबाज (18), शादाब (16), अरबाज (13), आशिफा (9) है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। मृत महिला का मायका कुड़वार कस्बे में है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पति अफाक ने रात के अंधेरे में पत्नी की गला काटकर हत्या करने के बाद फंदे से लटककर जान क्यों दी? इस सवाल का जवाब नहीं मिल पा रहा है। अफाक को जानने वाले बताते हैं कि वह इतना मानसिक बीमार नहीं था कि अपनी पत्नी की हत्या कर खुद जान दे दे। आफाक बकरी की खरीद फरोख्त का काम करता था। पत्नी किशमतुल निशा गांव सहित आसपास के क्षेत्र में चूड़ी बेचने और पहनाने का काम करती थी। इससे आराम से परिवार का भरण पोषण होता था। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने जो घटनाक्रम बताया है उसके अधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पक्षों को ध्यान में रखकर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

शिकायतकर्ता को कलेक्ट्रेट में पीटा

सुलतानपुर, अमृत विचारः बल्दीराय थाना क्षेत्र के बिसावां गांव निवासी राजेन्द्र सिंह उर्फ पग्गल ने गांव में स्थित एक ईट भट्ठे को अवैध करार देते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया था। इस पर ईंट उद्योग से जुड़े अफसरों ने मामला सीएम पोर्टल से जुड़ा होने का लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। आरोप है कि गुरुवार की दोपहर में कलेक्ट्रेट गए राजेन्द्र पर ईट भट्ठा से जुड़े कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। पिटाई से परेशान पीड़ित शिकायतकर्ता ने घटना की जानकारी शीर्ष पुलिस अधिकारियों को दी। नगर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा-151 की कार्रवाई की जाएगी।

आग से 10 बीघा गेहूं की फसल जली

- शार्ट सर्किट से करौंदीकला के सम्हौली गांव में हुआ हादसा

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचारः खेतों के ऊपर लटक रहे जर्जर व ढीले विद्युत तार में हो रही शार्ट सर्किट से प्रति दिन लग रही आग से किसानों की गाढ़ी कमाई जलकर राख हो जा रही है। गुरुवार की दोपहर करीब बजे विद्युत शार्ट सर्किट के चलते थाना क्षेत्र के सम्हौली गांव में आग लग गई। तेज हवा होने के कारण आग तेजी से से कम्मरपुर, मगरसन कला होते हुए मेवपुर गांव के सीवान तक पहुंच गई। जिससे आग की चपेट में आने से किसानों की 10 बीघा गेहूं की फसल जल गई। आग की चपेट में आने से कम्मरपुर के राम सम्हारे तिवारी, राम पियारे, हौसिला, मुन्ना, जगन्नाथ, मगरसन कला गांव के मुन्नारे, गीता देवी, तारा देवी, गुड्डू, मेवपुर के राशिद की फसल जलकर राख हो गई।

करौंदीकला में आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

एसओ ने ट्रैक्टर चलाकर पाया आग पर काबू

शार्ट सर्किट से आग लगने की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। सूझबूझ से काम लेते हुए स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई कर आग को दूसरे किसानों के खेतों तक पहुंचने से बचा लिया। क्षेत्रवासियों ने थानाध्यक्ष के कार्य की सराहना कर रहे है।

हर पात्र गरीब को मिलेगा मकानः मेनका

- सांसद ने सदर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाएं कीं

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 21वें दिन सदर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में अपना रिपोर्ट कार्ड देते हुए बताया कि पिछले पांच सालों में उन्होंने 3800 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से सुलतानपुर को चमकाने का काम किया है। उन्होंने कहा घबराओ मत जीतने के बाद गरीबों के लिए एक लाख आवास और लाएंगे। हर पात्र गरीब को मकान मिलेगा। शौचालय, विद्युत कनेक्शन, गैस कनेक्शन,आयुष्मान कार्ड व अन्य सुविधाएं भी होंगी। मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार हैं।

मोतिगरपुर के खड़सड़ा गांव पहुंचकर सांसद ने बिटिया को दिया आशीर्वाद।

पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने बुधवार को सदर विधानसभा के जोगीवीर, देवदासपुर, अरवल कीरी करवट,ममरखा, भीखूपुर, इसूर, श्रीराम नगर, विनवन, खड़सडा, राईबीगो, नानेमऊ, बहाउद्दीनपुर, बरूई, मिश्रौली एवं शहर के सुदर्शन पार्क समेत डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा सांसद श्रीमती गांधी ने खड़सडा जाकर पवन मिश्रा की पुत्री एवं बौरही मोतिगरपुर में हौसला प्रसाद की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को आशीर्वाद दिया।

सार-संक्षेप

टेंपो की ठोकर से बाइक सवाल घायल, रेफर

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहियांवा जलालपुर निवासी कुलदीप (30) अखंडनगर रोड पर बाइक से दोस्तपुर स्थित स्टेट बैंक के पास पहुंचे थे कि तभी आमने सामने से आ रहे टेंपो से भिड़ गए। स्थानीय लोग चोटहिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल अंबेडकरनगर के लिए रेफर कर दिया।

हिंयुवा नेता कांग्रेस में शामिल

सुलतानपुर, अमृत विचार : हिंदू युवा वाहिनी के लंभुआ तहसील प्रभारी रहे आशीष कुमार पाठक ने गुरुवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। आशीष अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने उन्हें सदस्यता रसीद देकर और फटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अहमद समेत अन्य रहे।

उप्रावि नरायनपुर में पड़े वोट, बच्चों ने दबाया बटन

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैंया विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में मतदाता जागरूकता का अनोखा तरीका निकाला गया। यहां गुरुवार को मतदान प्रक्रिया का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया। इसमें बच्चों ने मतदाता की भूमिका निभाई। पीठासीन की भूमिका में वैभव एवं अन्य कार्मिक में पलक, गोपाल और मेहताब रहे। सुरक्षाबलों की भूमिका पवन, ऋषभ, हिमांशु, निधि, श्रद्धा पांडेय, स्वाति ने निभाई। सभी छात्रों ने बढ़चढ़कर मतदान मे हिस्सा लिया। इस बीच विद्यालय के दिव्यांग छात्र कुनाल ने रैंप का प्रयोग कर अपने मत का प्रयोग किया। सभी छात्र छात्राओं ने कहा कि वे अपने घर, परिवार के लोगों के साथ गांव के लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग और मजबूत लोकतंत्र के लिए उसकी आवश्यकता के बारे में बताएंगे। सभी मतदान देने की प्रक्रिया समझ कर उत्साहित दिखे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, मुनेन्द्र मिश्रा, गीता, हरिकेश्वर, बीना, अनुपमा, इंद्रभान यादव आदि मौजूद रहे।

बच्चों ने मतदान प्रक्रिया कार्यक्रम के तहत किया जागरूक।

90 फीसदी समाज का विकास हमारा संकल्पः संडा

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद गुरुवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। उनके साथ सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा भी पहुंचे। उन्होंने पारा की नुक्कड़ सभा में कहा अगर आप इस मादरे वतन की एकजहती चाहते हैं, शहीद अशफाक उल्लाह और बिस्मिल की शहादत का सम्मान चाहते हैं तो साइकिल निशान को याद रखियेगा। अगर चाहते हैं गांधी पर गोली चलाने वाले की सरकार बने, तो कमजोर रहियेगा। उन्होंने सुलतानपुर सांसद मेनका गांधी का नाम लिए बगैर कहा अब तक कि सांसद जिस विकास का दावा करती हैं उन्होंने उसे चंद घरों तक सीमित रखने का काम किया है। हमारा संकल्प समाज के 90 फीसदी के विकास के लिए है। उधर सपा से घोषित पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद की बगावत लगातार जारी है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साथ भेंट की भीम की फोटो अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया था। उस पर इसौली विधानसभा क्षेत्र के पारा की नुक्कड़ सभा में बोलते हुए सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने कहा कहां वो अपने रह गए। वो तो भाजपा की गोद में झूलने लगे हैं।

इसौली के पारा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद।

बिना हेलमेट बाइक न चलाएंः प्रो. राधेश्याम

सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान हिंदी विभाग की ओर से गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रतनपुर गांव में आयोजित रैली में ग्रामीणों से सम्पर्क करते हुए छात्रों ने सड़क सुरक्षा के जरूरी उपायों पर चर्चा की। रैली के माध्यम से गांव वासियों को सड़क पर सही दिशा में चलने, यातायात के नियमों के पालन करने, हेलमेट का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि जीवन सुरक्षा का प्रश्न महत्वपूर्ण है। इस समय चल रहा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा हमें अपने अस्तित्व के प्रति संवेदनशील और जागरूक बने रहने हेतु प्रेरित कर रहा है। प्रो. प्रतिमा सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता समय की जरूरत है। यह रैली जीवन सुरक्षा पर विमर्श करती है। डा. पवन कुमार रावत ने यातायात नियमों की अनदेखी न करने की सलाह दी। साथ ही साथ डा. प्रिया श्रीवास्तव एवं दीपिका पाण्डेय ने भी सड़क सुरक्षा के दायित्वबोध को लेकर ग्रामीणों को सुझाव दिया। रैली में प्रियंका, हिमांशु, काजल, विपिन एवं आकाश आदि छात्र उपस्थित रहे।

पक्षियों के लिए जलपात्र लगा रहा गायत्री परिवार

सुलतानपुर, अमृत विचारः चिलचिलाती गर्मी में जहां एक तरफ पानी के लिए हर कोई परेशान है वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नगर में निकलकर जगह-जगह जल पात्र पशु - पक्षियों के लिए लगाया जा रहा है। जिला समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह के अगुवाई में 50 से अधिक चिड़ियों का जल पात्र एवं 25 हौदे पशुओं के लिए रखवाए गए। गायत्री परिवार ने जनपद वासियों से भी पशु एवं पक्षियों के जलपात्र अपने घरों के आसपास लगाने का आवाहन किया। मौके पर डॉ सुधाकर सिंह, प्रभाकर सक्सेना, हेमंत यादव, सरजू प्रसाद वानप्रस्थी, सन्दीप सिंह, प्रमोद सिंह, सच्चिदानन्द सिंह, अभिषेक सिंह, विवेक तिवारी, शनि जैन व संतोष आदि कई लोग मौजूद रहे।

दुकान में लगा ताला तोड़कर कार्डधारकों को मिला राशन

- पूर्ति निरीक्षक की निगरानी में शुरू हुआ वितरण, लंबे समय से चल रहा था विवाद, लटके थे दो-दो ताले

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः ग्राम पंचायत खैरहा में सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन वितरण का कार्य कराया जाता रहा है। संचालन की जिम्मेदारी समूह की सदस्य पूनम निषाद को मिली है। वह समूह की अकेली पढ़ी लिखी महिला हैं। यहां कार्डधारकों की कुल संख्या 424 है।

समूह संचालिका पूनम से विवाद के चलते समूह अध्यक्ष शशिकला ने कोटे की दुकान में एक ताला अलग से जड़ दिया था। जिसके चलते ग्रामीण राशन के लिए कई दिनों से पंचायत भवन पर पहुंचते, लेकिन ताला न खुलने की वजह से इंतजार कर भीषण गर्मी में वापस लौट जाते थे। बुधवार की पूर्ति निरीक्षक ने ऑपरेटर की उपस्थिति में राशन वितरण शुरू कराया था। करीब 70 कार्डधारकों को राशन वितरण होने के बाद जब ऑपरेटर वापस चला गया, तभी दोबारा कहासुनी शुरू हो गई और राशन वितरण बंद ही गया। समूह की अध्यक्ष ने दुकान में अपना ताला लगा दिया। गुरुवार को जब ताला नहीं खुला तो बड़ी संख्या में कार्डधारकों ने ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाकर हंगामा शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना पूर्ति अधिकारी जयसिंहपुर और पुलिस को दी। सूचना के कुछ देर बाद पहुंचे पूर्ति निरीक्षक अरुण सिंह ने पुलिस की मौजूदगी में दुकान के ताले को तुड़वाकर राशन वितरण का कार्य दोपहर 11:20 पर शुरू कराया। ग्राम प्रधान सुभाष चंद निषाद ने बताया कि कोटे पर राशन बंटने को लेकर समस्या चल रही है। यह कोटा सरस्वती स्वयं सहायता समूह के माध्यम से है। संचालिका पूनम निषाद हैं। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जो भी हों ये सब मिलकर तीन-तीन ताला लगाए हुए हैं। जनता दस दिन से धूप में आ रही थी और वापस जा रही है। ग्रामसभा में जनता के बीच में आक्रोश है। ताला नहीं खुलने से स्कूल के बच्चों का भी राशन नहीं जा पा रहा था। मास्टर खरीद कर राशन बच्चों को खिलाने का काम कर रहे हैं। आज हमें बुलाया गया तो मैने अधिकारियों को बता दिया है कि आकर राशन वितरित कराए। नहीं तो जनता कुछ करती है, तो आप लोग जिम्मेदार होंगे।

मोतिगरपुर में राशन के लिए कार्ड लेकर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

पूर्ति निरीक्षक जयसिंहपुर अरुण सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचा तो दुकान में दो ताले लटके हुए थे, एक ताला पहले से ही लगा था। सभी की उपस्थिति में ताले को तुड़वाकर अवशेष कार्डधारकों को राशन वितरण शुरू कराया। समूह की संचालिका के अलावा बुलाने के बाद भी सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह की कोई भी सदस्य मौके पर नहीं पहुंची हैं।

लोकसभा चुनाव ईवीएम एवं वीवीपैट को भंडारित किए जाने के लिए निरीक्षण, रेंडमाइज्ड ईवीएम एवं वीवीपैट विधानसभा वार रखा जाएगा

वेयर हाउस अंकारीपुर का सील्ड लॉक कक्ष खोला गया

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः ईएमएस पोर्टल के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद गुरुवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार रेंडमाइज्ड ईवीएम एवं वीवीपैट को भंडारित किए जाने के लिए वेयर हाउस अंकारीपुर में सभी सील्ड लॉक कक्षों को खोला गया। इस मौके पर अधिकारियों के साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति रहे।

रेंडमाइज्ड ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण विधानसभा वार आवंटित कक्षों में कराया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 187-इसौली की ईवीएम व वीवीपैट का भण्डारण प्रथम तल के कक्ष संख्या नौ में, 188-सुलतानपुर का भण्डारण प्रथम तल के कक्ष संख्या-छह में, 189- सदर का भंडारण भूतल के कक्ष संख्या-दो में, 190-लम्भुआ का भण्डारण भूतल कक्ष संख्या-पांच में, 191-कादीपुर (अनुसूचित जाति) का भण्डारण प्रथम तल कक्ष संख्या-सात में करने की योजना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कृत्तिका ज्योत्स्ना ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि ईएमएस 2.0 पर मोबाइल एप से प्रविष्टि दर्ज कराते हुए एसओपी के अनुसार आवंटित कक्षों में सुरक्षित भण्डारण कराना सुनिश्चित कराएं। यहां पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपडा और भाजपा के प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह शामिल रहे।

अंकारीपुर में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी।

सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बताया ईवीएम सील करने का तरीका

सुलतानपुर : लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर गुरुवार को सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रेरणा सभागार, विकास भवन में आयोजित प्रशिक्षण में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी कराई। दो पाली में कुल 210 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी-नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि एमपीएस ऐप से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर लें। इस बार ऐप के माध्यम से वोटर टर्न आउट का रियल टाइम डेटा लिया जायेगा। कहा कि माकपोल, ईवीएम सील करने की प्रक्रिया, मतदान के अंत में ईवीएम को क्लोज करना अनिवार्य रूप से सीख लें। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने पार्टी रवानगी स्थल से मतदान कराने व मतदान के उपरांत संग्रहण स्थल पर ईवीएम व सामग्री जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।

मतगणना के लिए मंडी खाली करने की नोटिस

सुलतानपुर : किसान अमहट मंडी में लोकसभा चुनाव के बाद ईवीएम रखने व मतगणना का कार्य करने के लिए स्थल निर्धारित किया गया है। जिससे मंडी परिसर में तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने मंडी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को पूरी करने का निर्देश दिया। मंडी परिसर में आढ़त का कार्य करने वाले व खुले गेहूं क्रय केन्द्रों को मंडी से परिसर से बाहर स्थापित करने के लिए मंडी सचिव की ओर से नोटिस दी गई है। गुरुवार को मंडी परिसर में लगे बिजली के पोल के तारों को ठीक कराने व रंगाई-पुताई का काम होने के कारण दिनभर बिजली सप्लाई बंद रही। जिससे व्यापारियों को काफी समस्या हुई।

एक नजर

मेधावियों को 27 को किया जाएगा सम्मानित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में ज़िले से प्रदेश और ज़िले में टॉपर समेत 105 मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह 27 को विकास भवन के अंबेडकर सभागार में सुबह 9 बजे से आयोजित है। यह जानकारी ज़िला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने दी है। बताया कि हाईस्कूल के 55 और इंटरमीडियट में 50 मेधावी बच्चे शामिल हैं।

आज आएंगे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

सिद्धार्थनगर। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन शुक्रवार को जनपद के इटवा विधानसभा में माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में होगा। उप मुख्यमंत्री 11 बजे माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज इटवा के प्रांगण में पहुंचकर एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

युवती को पीट कर किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर खुर्द गांव में एक दबंग ने शराब के नशे में एक युवती को पीट कर लहूलुहान कर दिया। युवती का सिर फट गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी प्रेमपाल पुत्र लालाराम के अनुसार उसकी बहन सुमिला दरवाजे पर खड़ी थी और मोबाइल पर बात कर रही थी। उसी समय गांव का कमलेश शराब के नशे में उसकी बहन को गाली गलौज करने लगा। बहन ने गाली गलौज करने से जब मना किया तो डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे उसकी बहन का सिर फट गया। घायल अवस्था में सुमिता शाहाबाद कोतवाली पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती का डाक्टरी परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया घटना की जांच की जा रही है।

एक विद्यालय एक खेल की कवायद शुरू

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों में खेल का माहौल तैयार किया जाएगा। एक विद्यालय एक खेल की कवायद शुरू की गई है। इस योजना के तहत हर विद्यालय को एक ही प्रतियोगिता में बच्चों को निखार कर उसे विद्यालय ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करवाया जाएगा। इससे जहां खेल का बेहतर माहौल तैयार होगा। वहीं, गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

इस संबंध में डीआईओएस की ओर से विद्यालय के प्रधानाचार्यों को दिशा-निर्देश दिया गया है। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेल में प्रतिभाग कराने का नियम है। लेकिन विद्यालयों में खेल की गतिविधियां नाम मात्र की होती हैं। जब ऊपर से खेल के लिए आदेश आता है तो खेल कराकर कोरम पूरा कर लिया जाता है। इससे बच्चे चाहते हुए भी खेल में प्रतिभाग नहीं कर पाते हैं। लेकिन अब विद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं होंगी। जिले में एक विद्यालय एक खेल की कवायद शुरू की गई है।

विद्यालय एक खेल को कराएगा। उसी खेल को नियमित बच्चों को प्रतिभाग कराएगा। जिससे बच्चा एक खेल में अच्छी से तरह से पारंगत हो और किसी भी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर सके। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से विद्यालय के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वह एक खेल को मुख्य खेल चुने और बच्चों को तैयार करें। इसके बाद उनका अभ्यास कराएं। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि हर विद्यालय में खेल को बेहतर माहौल हो इसके लिए एक विद्यालय एक खेल की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में प्रधानाचार्यों को दिशा-निर्देश दिया गया है।

तैयारी

▸▸ माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों में खेल का माहौल होगा तैयार

इस प्रकार से करेंगे चयन

हर विद्यालय का अपना एक खेल होगा। जैसे कोई कबड्डी, कोई खो-खो, कोई दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, भाल फेंक, क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल सहित अलग-अलग खेल चयनित करेंगे। उसकी टीम तैयार करेंगे इसके बाद रिपोर्ट डीआईओएस कार्यालय को देंगे कि उनके यहां पर यह खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसकी प्रगति रिपोर्ट भी देते रहेंगे।

नामांकन की तैयारियों का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के नामांकन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट गेट तक सीसीटीवी लगवाने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्याशी कलेक्ट्रेट गेट से पैदल नामांकन के लिए आएंगे। इसके साथ ही बैरीकेडिंग का कार्य पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया।

आग से दस घरों का सामान जला

दमकल विभाग के गाड़ियों व कर्मियों ने आग पर पाया काबू

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम मंझरिया में गेहूं की डंठल जलाने से दस घरों में आग लग गई। खेत के पास मौजूद इन घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बुधवार को आग की लपटों को देख कर गांव के लोग अपने घरों को छोड़ कर भागने लगे। घरों से जो सामान निकाल पाए उसे लेकर सुरक्षित स्थानों पर आ गए। इस बीच आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मिश्रौलिया थाने के निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर और चेतिया चौकी इंचार्ज संजीव कुमार शुक्ला ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दस घर जलकर राख हो गए।

राजस्व निरीक्षक रामकुमार त्रिपाठी और लेखपाल पुलकित महेश्वरी ने बताया कि 10 लोगों के घर जले हैं और लगभग 10 लाख का नुकसान हुआ है। शीघ्र ही सभी को सहायता राशि दिलाई जाएगी।

आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

25 दिनों में 40 जगह लगी आग

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। डुमरियागंज तहसील में अप्रेल महीने के बीते 25 दिनों में आगलगी की चालीस घटनाओं हुईं। इनमें 484 किसानों की 55 हैटेयर फसल जल कर खाक हो गई। सके अलावा 55 घर 35 झोपड़ियां भी जल कर खाक हुईं। इनमें से केवल 217 पीड़ितों को ही तात्कालिक राहत उपलब्ध कराई जा सकी है। प्रशासन का दावा है कि वह पीड़ितों के मुआवजे के लिए आनलाइन आवेदन करवाया जा रहा है।

तहसीलदार संतराज सिंह बघेल के अनुसार उन्हें और मंडी सचिव रामजी यादव को पीड़ित किसानों को ज्ल्द राहत देने का निर्देश मिला है। उनके मुतबिक किसानों को फसल क्षति के एवज में अब तक 17, 73,586 रुपये की राहत राशि दी जा चुकी है। घर जलने वाले पीड़ितों को भी 4 लाख 47 हजार रुपये बतौर अनुदान दिये गये हैं। दूसरी तरफ पीड़ित किसान गोपीनाथ का कहना है कि प्रशासन के निर्देश के बावजूद आंकड़े बता रहे हैं कि राहत वितरण में कितनी सुस्ती बरती जा रही है। किसान का कहना है कि 484 किसानों में से 217 को ही राहत मिल पाना यह साबित करता है कि तहसील प्रशासन इस मुद्दे पर संवेदनशील नहीं है। बता दें किसानों की उम्मीदें उनकी गेहूं की फसल पर ही टिकी होती है। गेंहूं को बेचने के बाद ही वह बच्चों की पढ़ाई और घर पर शादी बह की तैयारियां करता है, लेकिन जब उसकी फसल गेहूं की भेंट चढ़ती है तो उस पर कितना बड़ा कहर टूटता है यह ही समझ सकता है। लेकिन प्रशासन को क्या पता कि आगलगी के बाद उसे तत्काल राहत की कितनी जरूरत होती है।

> यदि तहसील क्षेत्र के किसी भी किसान की फसल आग से जली हो तो वह पोर्टल पर तुरंत आनलाइन आवेदन कर दें ताकि उसे जल्दी से सहायता राशि दिलाई जा सके। उन्होंने बताया कि वह किसानों की हर समस्या का पूरी तरह समाधान करने को प्रतिबद्ध हैं।
>
> –संजीव, एसडीएम

विश्व मलेरिया दिवस पर हुआ आयोजन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद मुख्यालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों को अच्छे काम पर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सफाई के संबंध में शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर मच्छर जनित बीमारी मलेरिया से बचाव व नियंत्रण विश्व मलेरिया दिवस का इतिहास विश्व मलेरिया दिवस 2024 हेतु निर्धारित थीम आदि पर मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मलेरिया उन्मूलन के लिए पूरे मनोयोग के साथ मलेरिया को खत्म करने के लिए शपथ लिया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी डॉक्टर रत्नेश समीर सिंह डॉक्टर लक्ष्मी सिंह अनिल श्रीवास्तव आनंद प्रकाश सीता पाल वीरेंद्र कुमार मौर्य पृथ्वीराज संतोष श्रीवास्तव अनिरुद्ध ओमप्रकाश भागीरथी सहित सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाढ़ से बचाव के अभी से शुरू करें इंतजाम : डीएम

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद बाढ़ के समय बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामाग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने के लिए साधन, क्षतिग्रस्त स्थलो पर मरम्मत के लिये आवश्यकतानुसार श्रमिकों की व्यवस्था, बाढ़ के समय आवश्यकता पड़ने पर पीएसी पुलिस तथा होमगार्ड के द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध करना, कंट्रोल रूम व बाढ़ चौकियों को सक्रिय करना सहित राहत सामाग्रियों की समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार टेण्डर आदि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुये सुनिश्चित करा ली जाएं। क्वार्डिनेटर आपदा राहत एवं अधिशासी अभियन्ता अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रो में नाविको/गोताखोरो को चिन्हित करते हुए उनकी समस्त जानकारी रखें और पर्याप्त मात्रा में नाव की भी व्यवस्था करा ली जाए। बन्धो के मरम्मत व कटान वाले क्षेत्रो में सर्वे कर बांध का पानी निकालने से पूर्व इसकी सूचना प्रसारित करना तथा सीमेट आदि की बोरियों में बालू भरवाकर वर्षा से पूर्व बांधो के किनारे रखवाने की व्यवस्था के भी निर्देश दिये गये। तहसीलों क उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों निर्देश देते हुये कहा कि बाढ़ के समय बनायी जाने वाले शरणलाय व पशुओं के लिये शरणलाय आदि को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होने स्वास्थ्य विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को भी निर्देशित करते हुये कहा कि संक्रामक बीमारियों के बचाव हेतु आवश्यक दवाईयां की उपलब्धता, मेडिकल टीम का गठन, पशुओं के लिये चारा आदि की व्यवस्था सहित बाढ़ के पश्चात तत्काल सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मियो की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। बाढ़ से संबधित समस्त तैयारियां 30 जून से पूर्व पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाकिारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड, ड्रेनेज खण्ड व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

बाढ़ राहत कार्यों की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम।

14 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में पाई सफलता

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। गुरुवार को घोषित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम सदर ब्लॉक नौगढ़ के विभिन्न विद्यालयों के कुल 14 बच्चों ने सफलता हासिल की। वर्ष 2023-24 में आयोजित इस परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय पारा नानकार से रिया, आराधना, अंशिका और अजित कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बसौनी से पूजा गुप्ता एवं मोहम्मद हाशिम, उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरा से अमर कुमार एवं विवेक, उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया टेकधर से रघुवीर एवं प्रेम शंकर, उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगढ़ से अनूपा कुमारी, बचड़ा- बचड़ी से दीप्ति यादव, ख़लीलपुर से सिमरन वर्मा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय धेन्सा नानकार से रूपा ने सफलता पाकर राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति योग्यता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक बच्चों की सफलता से बच्चों एवं उनके परिवार, शिक्षकों में भी खुशी का माहौल है। खंड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने सभी सफल बच्चों तथा उनके शिक्षकों एवं परिजनों को बधाई दी। कहा कि निश्चित रूप से इन बच्चों की सफलता अन्य बच्चों एवं शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेगी और आगामी वर्षों में और बड़ी संख्या में बच्चे सफलता प्राप्त करेंगे।

सार-संक्षेप

शिखा पटेल ने जेईई मेंस में हासिल किए 98.44 अंक

गोरखपुर, अमृत विचार। हर माता-पिता का सपना होता है कि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े और मां पिता का नाम रोशन करें। उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सुनीता पटेल की सुपुत्री शिखा पटेल जेईई मेंस के प्रथम प्रयास मे 98 .44 अंक लाकर अपने जनपद का नाम रोशन की शिखा आल इंडिया में 6445 रैंक हासिल कर पटेल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शिखा के इस उपलब्धि पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। नाना सत्य शंकर दास, नानी एवं मां सुनीता पटेल ने ढेरो शुभकामनाए व्यक्त किये शिखा की बहन जान्हवी भाई अंशुमान पटेल, अनुराग, अश्विनी मित्र एवं गुरु जन, शिखा के पिता उमेश चन्द्र पटेल मामा, मनोज, नीरज पंकज, ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

मनमानी करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को नोटिस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक नोटिस जारी किया है। नोटिस पर अमल न करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। याद रहे कि अस्पताल के संविदा कर्मियों द्वारा रोस्टर के हिसाब से कम न करने की बहुत शिकायतें मिली हैं। गत दिवस नोटिस जारी करते हुए सीएमएस ए के झा ने कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय संबद्ध माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी नियमित संविदा आउटसोर्सिंग के कर्मचारी नियमों के अनुसार कार्य करेंगे। उन्होंने सात नियमों का उल्लेख किया है। इसमें निर्धारित ड्रेस, रोस्टर के अनुसार ड्यूटी, मरीजों को बाहर से दवा लिखने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डॉ. एके झा ने बताया कि ड्रेस में रहने से मरीजों को परेशानी नहीं होगी, जबकि यदि कोई भी स्वास्थ्य कर्मी बाहर का दवा लिखता हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मनरेगा के तहत हो रहे कार्य का निरीक्षण करते सीडीओ जयेन्द्र कुमार।

48 में से केवल 13 श्रमिक काम करते मिले

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद के विकास में विकास कार्यों पर मनरेगा में फर्जी नाम डालकर धन आहरण करने का लूट मचा हुआ है। जिसका जीता जागता प्रमाण विकासखंड शोहरतगढ़ के मकदौरा नेवी में खुला खुदाई में उस वक्त भ्रष्टाचार उजागर हुआ जब मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचे खुदाई का कार्य चल रहे कार्यों का मौके का निरीक्षण किया। मौके पर खुला खुदाई में 48 श्रमिकों के सापेक्ष मौके पर 13 श्रमिक उपस्थित थे। साथ ही ग्राम रोजगार सेवक मौके पर उपस्थित नहीं रहा और मौके पर महिला मेट भी नहीं रही सीडीओ जयंत कुमार ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य स्थल पर सीआईडी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। उसे तत्काल लगाया जाए सीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी जांच कर कर खंड विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से विधिक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। जनपद में विकास कार्यों में हो रहे फर्जी मास्टर रोल का व्याप्त भ्रष्टाचार का जीता जाता प्रमाण है इस प्रकार अधिकांश ब्लॉक में फर्जी मास्टर रोल बनाकर सरकारी धन का बंदरबन तेजी से हो रहा है और सरकार की मनसा पर पलीता लगाते हुए आए हुए धन को लूटा जा रहा है।

रेलकर्मियों के संगठन का प्रतिनिधि सत्र आयोजित

नई दिल्ली, अमृत विचार। ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम नई दिल्ली में रेलकर्मियों के संगठन आल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ए.आई.आर.एफ. के सभी पदाधिकारी जोनल सचिवों के साथ-साथ आई.टी.एफ. इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं ए.आई.आर.एफ. महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एच.एम.एस. एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। ऐतिहासिक 'शताब्दी अधिवेशन' में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में पेश किये गये अन्य 8 प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ।

यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों का संचालन बढ़ा

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्री जनता की सुविधा के लिए 09115/09116 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन उधना से 25 अप्रैल को तथा छपरा से 26 अप्रैल को एक फेरे के लिये किया जायेगा। इसके अलावा 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 26 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जा रहा है। 04049 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन मुजफ्फरपुर से 25 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। 04051 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन दरभंगा से 26 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 27 अप्रैल को एकल यात्रा हेतु किया जा रहा है। 01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दादर से 27 अप्रैल, 1 एवं 4 मई को तथा गोरखपुर से 29 अप्रैल 3 एवं 6 मई को तीन-तीन फेरों के लिये किया जायेगा। 01427/01428 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर- लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित विशेष गाड़ी 26 अप्रैल एवं 01 मई,2024 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से तथा 28 अप्रैल एवं 03 मई,2024 को गोरखपुर से 02-02 फेरों के लिए चलायी जायेगी। 01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन 27 अप्रैल को पुणे से तथा 28 अप्रैल को गोरखपुर से 01-01 फेरे के लिये किया जायेगा।

अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्नलिखित अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन निम्नलिखित मार्गों से निम्नवत किया जा रहा है। 04052 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 25 अप्रैल को (12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 13 .20 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते चलाई जा रही है। 04038 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी 25 अप्रैल को (12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 20 .15 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बेगूसराय-खगड़िया-सहरसा के रास्ते चलाई जा रही है। 04058 दिल्ली-आजमगढ़ विशेष गाड़ी 24 अप्रैल को (12226 दिल्ली-आजमगढ़ एक्सप्रेस के मार्ग पर) दिल्ली से 19 .30 बजे प्रस्थान कर दिल्ली-अलीगढ़-इटावा-कानपुर सेंट्रल-उन्नाव-ऐशबाग-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-आजमगढ़ के रास्ते चलाई गई। 04057 आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी 25 अप्रैल को (12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस के मार्ग पर) आजमगढ़ से 13 .00 बजे प्रस्थान कर आजमगढ़-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी- ऐशबाग-उन्नाव-कानपुर सेंट्रल-इटावा-अलीगढ़-दिल्ली के रास्ते चलाई जा रही है। इन गाड़ियों के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये गये हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु 19053/19054 सूरत-मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर धौलपुर स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु 14117/14118 प्रयागराज-भिवानी-प्रयागराज कालिन्दी एक्सप्रेस का बिन्दकी रोड स्टेशन पर 02 मिनट का प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

जागरूकता पूर्वोत्तर रेलवे के महिला कल्याण संगठन की ओर से किया गया आयोजन

महिलाओं को सैनेटरी पैड बांटे, बताए फायदे

गोरखपुर

अमृत विचार। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) सौम्या माथुर के दिशा-निर्देश में गुरुवार को स्वर्ण जयन्ती विद्यालय, बौलिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में बौलिया रेलवे कालोनी के आसपास की बस्तियों की महिलाओं एवं महिला सफाई कर्मचारियों को पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से सैनिटरी पैड वितरित किया गया।

कार्यक्रम में ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर की वरिष्ठ चिकित्सक डा तनु वर्मा ने महिलाओं को माहवारी के समय बरती जाने वाली स्वच्छता तथा सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सैनिटरी पैड का उपयोग न करने से होने वाली हानि से महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर नरवो की सचिव सुमा नाज़, संयुक्त सचिव पूजा खरे, कोषाध्यक्ष नीना राय एवं अन्य सदस्यायें उपस्थित थीं।

सीएचसी के डॉक्टर ने बाहर से कराई जांच, मंगाई दवाएं

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सीएचसी बढ़नी पर तैनात चिकित्सक पर बाहर से जांच कराने और बाहर से दवाएं लिखने का अरोप लगा है। आरोप है कि चिकित्सक ने सीएचसी पर होने वाली जांच को गलत बताकर बाहर से जांच कराई। बाद में बाहर की दवायें लिखी। पीड़ित मरीज ने मामले की शिकायत ऑनलाइन जिलाधिकारी से की है। पीड़ित मरीज सागर लाल गुप्ता ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी पुत्री के इलाज के लिए सीएचसी बढ़नी पर गया था। जहां तैनात चिकित्सक ने उनसे बाहर से खून जांच कराने के लिए कहा। सागर लाल गुप्ता ने जब कहा कि जांच तो सीएचसी में ही हो होती है तो चिकित्सक ने कहा कि सीएचसी में जो जांच होती है उसकी रिपोर्ट गलत होती है। इसके बाद पीड़ित ने बाहर से जांच करा ली। जांच रिपोर्ट दिखाने पर डॉक्टर ने दवाएं भी बाहर से लिख दी। सागर लाल गुप्ता ने सीएचसी के बाहर एक प्राइवेट पैथॉलाजी में जांच कराई और बाहर की दवाईयां भी खरीदीं। सागर लाल गुप्ता ने बाहर खून की जांच कराने और बाहर की दवाईयां लिखने की ऑनलाइन शिकायत डीएम से की है। इस सम्बन्ध में सीएमओ डॉ. डीके चौधरी ने कहा कि शिकायत पत्र के आधार पर जांच करायीं जायेगी।

अपनी ढपली अपना राग

वे कहते हैं कि हम संपत्तियों का सर्वे कराएंगे। मां बहनों के गहनों की जांच होगी। इससे देश का क्या हित होगा?

– पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री

पूरी बारात तैयार है, केवल दूल्हे का इंतजार है। दूल्हा कोई भी हो हम तैयार हैं। 29 तारीख को दाबम दाब मचा देंगे।

– बृजभूषण शरण सिंह

भाजपा में कहीं न कहीं घबराहट है। अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर ये घबराहट और बढ़ रही है।

– डिंपल यादव

25 राजनीतिक दलों में सभी बड़ी-बड़ी पार्टी ने पैसा लिया। पूरे देश की इकलौती बसपा पार्टी है जिसने पैसा नहीं लिया।

– आकाश आनंद

हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं।

– पवन खेड़ा

रायबरेली से प्रियंका और अमेठी से राहुल आ सकते हैं चुनाव मैदान में

दोनों के चुनाव लड़ने पर आज होगा फैसला

केरल की वायनाड सीट से भी राहुल हैं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने के बाद अब रायबरेली से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी सीट से राहुल गांधी भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी की लोकसभा सीट वायनाड पर शुक्रवार को मतदान के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस के शीर्ष नेता अंतिम फैसला लेंगे। इस निर्णय के बाद दोनों सीटों के लिए अगले हफ्ते नामांकन दाखिल हो सकते हैं।

दरअसल, केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी प्रत्याशी हैं। 26 अप्रैल को मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंचकर नामांकन कर सकते हैं। हालांकि दिलचस्प यह है कि अमेठी क्षेत्र में कुछ स्थानो पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी उम्मीदवार बनाने की मांग करने वाले पोस्टर लगे हैं। लेकिन प्रियंका के सामने न आने पर वाड्रा के रायबरेली से लड़ने के संकेत हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने भी पिछले दिनों मीडिया से कहा था कि, पार्टी उन्हें मौका देगी तो वह जनसेवा के लिए आगे आएंगे।बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस उप्र. में मिली हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए पार्टी ने भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में कई दिनों से व्यापक प्रचार कर रही हैं। बीते दिनों स्मृति ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर भी सवाल खड़े किए थे।

अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।

प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा रही मतदाताओं की चुप्पी

एमपी गोस्वामी, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव में एक तरफ भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी में सीधी टक्कर दिख रही है तो वहीं बसपा प्रत्याशी रेस में काफी पीछे है। इन सब के बीच मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को बेचैन किए है।

तीन बार से सांसद रहे जगदंबिका पाल को फिर भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षों से क्षेत्र में काम न होने के कारण व आगजनी में समय से दमकल की गाड़ी न आने के कारण भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल और समर्थकों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में भाजपा प्रत्याशी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि यह विपक्षियों की चाल है।

वहीं, चुनावी हलचल के बीच इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। भीष्म शंकर इस भीषण गर्मी में भी लोगों के बीच में जाकर और पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां बताकर अपनी जीत के लिए जोरआजमाइश करते दिख रहे हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन चुनाव में ज्यादा जोर लगाते नहीं दिख रहे हैं।

स्थानीय राजनीतिज्ञों का कहना है कि अगर ब्राह्मण और मुस्लिम एक साथ आ जाएं तो उनके समर्थन वाले प्रत्याशी की जीत लगभग तय है, लेकिन अभी मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है, जिसकी वजह से प्रत्याशियों में बेचैनी है। यहां छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है और उस समय प्रचंड गर्मी पड़ेगी। ऐसे में मतदाताओं को मतदेय स्थल तक लाना प्रत्याशियों और संबंधी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती होगी।

इसी बीच, अपना दल- एस के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अभी भी बसपा से टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसको लेकर वह कई बार राजधानी लखनऊ का चक्कर भी लगा चुके हैं। जानकारों का मानना है कि बसपा का चुनाव प्रचार कमजोर होने का एक कारण यह भी है कि संभवतः चुनाव होने तक बसपा का प्रत्याशी ही बदला जा सकता है।

चुनावी चक्कर

भावुक भीड़ को भी नहीं बख्शा चोरों ने :

टेलीविजन धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल इन दिनों उत्तर प्रदेश के मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रुप में एक नयी भूमिका में हैं। हाल ही में इनके रोड शो के दौरान कुछ लोगों की जेब खाली होने यानी पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। दरअसल, 22 अप्रैल को अरुण गोविल का रोड शो था। इसमें सीता का किरादार निभाने वाली दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण का रोल करने वाले सुनील लहरी भी थे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। जनता तो यहां राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर भावविभोर थे लेकिन चोरों का एक गैंग यहां कुछ और ही नीयत के साथ था। ऐसे में कई कार्यकर्ताओं के मोबाइल, पैसे और पर्स चोरी कर लिए। महिलाओं के भी पर्स चोरी हुए हैं। यहां तक कि दुकान छोड़कर तीनों को देखने गए एक मोबाइल दुकानदार के कीमती मोबाइल भी चोरी चले गए।

32 वर्षों से भाजपा का अभेद दुर्ग है लखनऊ

चुनाव डेस्क लखनऊ

अमृत विचार: 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश में लखनऊ लोकसभा सीट देश की बेहद हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसदीय क्षेत्र रहा है और वह इस सीट से लगातार 5 बार सांसद चुने गए, इनके अलावा देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित भी यहां की सांसद चुनी जा चुकी हैं। विजय लक्ष्मी पंडित को लखनऊ सीट का पहला सांसद होने का गौरव प्राप्त है। लखनऊ सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है और राजनाथ सिंह यहां से सांसद हैं, वह देश के रक्षा मंत्री भी हैं।

यूपी की राजधानी लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि रही है। यहां



अटल जी पांच बार सांसद चुने गए। यहीं से सांसद रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से अभी तक भाजपा के प्रत्याशी लगातार आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा के इस दुर्ग को विपक्षी दल 32 वर्षों से नहीं भेद पाए हैं। साल 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी यहां से सांसद चुने गए। उन्होंने कांग्रेस के रंजीत सिंह को परास्त किया था।

1991 से पहले भी अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से दो बार (1957, 1962) चुनाव लड़े थे, लेकिन तब उनको जीत हासिल नहीं हुई थी।

नहीं चला ग्लैमर

1991 के बाद 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी एक बार फिर से लखनऊ से चुनाव लड़े। उस वक्त उनके सामने सपा के राज बब्बर मैदान में थे, लेकिन अटल जी के सामने बब्बर का ग्लैमर नहीं चला। यहां की जनता ने अटल जी को 52 फीसदी वोट देकर संसद भेजा। इसके बाद यह सिलसिला लगातार 2004 तक जारी रहा। तब तक कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति से संन्यास नहीं ले लिया।

लाल जी टंडन पर जताया भरोसा

2009 का लोकसभा चुनाव जब आया तब उस वक्त भाजपा इस बात लेकर काफी असमंजस में थी कि आखिर अटल जी की विरासत को कौन संभालेगा। इस मुश्किल वक्त में भाजपा और अटल बिहारी के बेहद खास रहे लाल जी टंडन पर भरोसा जताया था, 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन ने उस वक्त कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब 41 हजार मतों से हराया।

जीत का अंतर पांच गुना

2014 के चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव कर लाल जी टंडन को प्रत्याशी न बनाकर तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह पर भरोसा दिखाया, अटल जी की इस सीट पर बीजेपी ने एक बार फिर से जीत हासिल की और इस बार जीत का अंतर भी पिछली बार से पांच गुना ज्यादा रहा। 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब को 2,72,749 वोटों से हराया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार में गृह मंत्री बने।

2019 में राजनाथ को 55 प्रतिशत वोट मिले

लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 3,47,302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम थे। जिन्हें 1,80,011 वोट मिले थे। यह चुनाव जीतने के बाद राजनाथ सिंह गृह मंत्री के बजाय देश के रक्षा मंत्री बनाए गए।

राजनाथ सिंह

रविदास मेहरोत्रा

सरवर मलिक

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं रविदास मेहरोत्रा

भाजपा ने एक बार फिर से लगातार दो बार यहां से सांसद रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत का परचम फहराने की जिम्मेदारी दी है तो वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से सपा के लोकसभा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का राजनीति से पुराना नाता रहा है और कॉलेज के दिनों से ही वह राजनीति को लेकर काफी सक्रिय है यही नहीं वह कई मुद्दों व प्रकरणों को लेकर 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने के रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं।

बसपा ने सरवर मलिक को उतारा है मैदान में

बहुजन समाज पार्टी ने लखनऊ सीट से सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। सरवर मालिक लखनऊ की उत्तरी सीट से 2022 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बसपा ने लखनऊ सीट पर मुस्लिम दांव खेल दिया है। लखनऊ में ठीक-ठाक मुस्लिम आबादी होने के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के मुताबिक, लखनऊ जिले की आबादी 45 .89 लाख है जिनमे पुरुषों की आबादी 23 .94 लाख और महिलाओं की आबादी 21.95 लाख है 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ की कुल आबादी की 71 .1 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दुओं की है। इसके बाद 26 .36 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसके बाद बाकी अन्य हैं। अनुसूचित जाति की आबादी 14 .3% हैं तो अनुसूचित जनजाति की 0 .2%। इसी तरह ब्राह्मण, राजपूत वोटर भी मिलकर करीब 18 प्रतिशत हैं। ओबीसी मतदाता 28 फीसदी और मुस्लिम मतदाता करीब 18 फीसदी हैं।

2024 में ये करेंगे निर्णय

कुल मतदाता	- 21,36,709
पुरुष	- 11,29,926
महिला	- 10,06,684
अन्य	- 99

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
राजनाथ सिंह	6,33,026
पूनम सिन्हा	2,85,724
आचार्य प्रमोद कृष्णम	1,80,011

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	राजनाथ सिंह	5,61,106
कांग्रेस	रीता बहुगुणा जोशी	2,88,357
बसपा	नकुल दुबे	64,449
सपा	अभिषेक मिश्रा	56,771
एएपी	सैयद जावेद अहमद जाफ़री	41,429



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	विजया लक्ष्मी पंडित	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1955	श्योराजवती नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	पुलिन बिहारी बनर्जी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बीके धावन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	आनंद नारायण मुल्ला	निर्दल
1971	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	हेमवती नंदन बहुगुणा	जनता पार्टी
1980 व 84	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	मांधाता सिंह	जनता दल
1991,96,98,99 व 04	अटल बिहारी वाजपेयी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा	2019 नोटा
4,696	7,416

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	लाल जी टंडन	2,04,028
कांग्रेस	रीता बहुगुणा जोशी	1,63,127
बसपा	डॉ .अखिलेश दास गुप्ता	1,33,610
सपा	नफीसा अली सोढ़ी	61,457



इलेक्शन बायस्कोप

लोकतंत्र का उत्सव चल रहा हो तो पहनावा भी तनिक ऊर्जा भरने वाला होना चाहिए। कुछ इसी तर्ज पर आगरा में भाजपा की एक चुनावी रैली के दौरान जनसभा में आगे बैठीं महिलाएं भगवा रंग की पगड़ी पहनीं काफी उत्साहित नजर आयीं। अमृत विचार

चौथे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारक घोषित

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस ने प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित कर दिये हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया, अजय कुमार लल्लू, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदीप माथुर, विवेक बंसल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि नेता शामिल हैं।

रणनीति के तहत बसपा कर रही मुख्य धारा में आने की जद्दोजहद

त्रिकोणीय है हरदोई में चुनावी मुकाबला

खेत, मेड़, नाली व पानी की लड़ाई का मुद्दा भी बड़ा

दबंगई से परेशान गरीब मतदाता खोज रहे संरक्षण

2019 के सपा-बसपा गठबंधन में ही खिसक गया 70 प्रतिशत दलित मतदाता

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

अमृत विचार। देश का भविष्य भले हो लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में बनने वाली सरकार तय करे लेकिन, हरदोई का भविष्य यहां के मतदाता 13 मई को तय कर लेंगे। राजनीतिक समीकरण की बात करें तो हरदोई पासी बाहुल्य है और सुरक्षित सीट है। यहां भाजपा के जय प्रकाश रावत और सपा की ऊषा वर्मा में होने वाले मुकाबले को, बसपा ने एमएलसी भीमराव आंबेडकर ने त्रिकोणीय बना दिया है।

वैसे तो करीब 19 लाख 13 हजार 675 मतदाताओं वाली इस सीट के साथ-साथ पूरे हरदोई जिले में पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल का वर्चस्व माना जाता है। मगर इस बार एक बड़ा मतदाता वर्ग इस वर्चस्व के आकर्षण से अलग अपनी क्षेत्रीय मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, नरेश अग्रवाल भाजपा में हैं और उनके पुत्र नितिन अग्रवाल योगी सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में योगी-मोदी की गारंटी

जय प्रकाश रावत

उषा वर्मा

भीमराव आंबेडकर

हरदोई लोकसभा सीट

को बल भाजपा प्रत्याशी के साथ होना स्वाभाविक है।

सैतियापुर गांव के पूर्व प्रधान अचल पाठक का तर्क है कि यहां मुद्दों की लड़ाई नहीं बल्कि मुफ्त राशन और छह हजार रुपये किसान निधि से लोग ज्यादा प्रभावित हैं। उनका कहना है कि मेरा सांडी विधानसभा क्षेत्र ब्राम्हण व ठाकुर बाहुल्य है, इसलिए भाजपा को हमेशा लाभ मिलता है। उनका दावा है कि यहां जो 30 प्रतिशत दलित मतदाता है, उनमें भी ज्यादातर की पहली पसंद अब भाजपा है। हरपालपुर अंतर्गत मलौथा गांव के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मिश्र का कहना है कि यहां खेत की मेड, नाली, सिंचाई के पानी की मुख्य लड़ाई है। इसके लिए गरीब व अनुसूचित मतदाताओं को क्षेत्रीय दबंगई से संरक्षण चाहिये। ऐसे में योगी सरकार में अनुसूचित मतदाताओं का रुझान सपा की अपेक्षा भाजपा में ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है। संभवतः यही वजह रही कि 2019 में सपा व बसपा गठबंधन के बावजूद भाजपा के जय प्रकाश ने जीत दर्ज की थी। हालांकि प्रशासन के मामले में तमाम लोग मायावती सरकार की याद करते हुए तारीफ करते मिलें। जैसापुर निवासी पृथ्वी राज का कहना है बसपा प्रमुख मायावती ही देश में इकलौती नेता है जो सर्व समाज को न्याय और सुरक्षा दिला सकती है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर को हरदोई का प्रतिनिधित्व दिया है, इसलिए जनमानस बसपा प्रत्याशी के साथ है।

इस बार भी भाजपा ने अपने सांसद जय प्रकाश पर ही दांव लगाया है, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन ने तीन बार की सांसद और बीते चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं सपा की ऊषा वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर को उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इस सीट पर साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर चली थी, भाजपा के अंशुल वर्मा ने जीत तो दर्ज की थी। लेकिन, बसपा के शिव प्रसाद वर्मा ने पौने तीन लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर, सपा को तीसरे नंबर पर धकेलकर मुख्य प्रतिदृंदी बनकर चौकाया था।

ठाकुर- ब्राह्मण मतदाता हैं निर्णायक

जातिवार मतदाताओं को देखे तो हरदोई में अकेले अनुसूचित वोटर्स 35-40 प्रतिशत यानि लगभग आठ लाख हैं, इसके अलावा ओबीसी वर्ग के छह लाख मतदाताओं में अकेले कुर्मी मतदाता करीब तीन लाख हैं। ब्राम्हण और ठाकुर मतदाताओं की संख्या ढाई लाख है और एक लाख वैश्य मतदाता हैं। वहीं मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है। पांच विधानसभा सीटों में शाहाबाद, गोपामऊ, हरदोई सदर व सांडी क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता है। इनमें 18-23 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं के एकजुट होने पर परिणाम बदल सकते हैं, मगर कोई मुस्लिम प्रत्याशी न होने की वजह से मुस्लिम मतदाताओं के रूझान पर कयास लगाना जबरिया होगा।

जेपी रावत 17 तो उषा वर्मा 11 साल रहीं सांसद

साल 1991, 1996, 1999 और 2019 के लोकसभा चुनावों में विजय दर्ज कर करीब 17 साल जय प्रकाश रावत यहां सांसद रहे। इसके अलावा साल 1998, 2004 और 2009 के चुनावों में समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा चुनाव जीतकर करीब 11 साल सांसद रहीं। साल 2014 में मोदी लहर में भाजपा के अंशुल वर्मा भी पांच साल सांसद रहे।

सत्ता विरोधी लहर
डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।

3.32 करोड़ कुल मतदाता
1.68 करोड़ पुरुष मतदाता
1.64 करोड़ महिला मतदाता
7.54 लाख फर्स्ट टाइम वोटर

2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	12	1,01,74,021
भाजपा	08	91,30,768
कांग्रेस	01	32,85,339



विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम



पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

2014 में दलीय परिणाम और वोट

पार्टी	सीट	वोट
बीजेडी	20	94,91,497
भाजपा	01	46,38,619
कांग्रेस	00	55,93,123
अन्य	00	18,09,036



400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

जयपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती

विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे नवीन पटनायक**

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन

रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1160

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55250-55450
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,000
चांदी आभूषण	82,300

उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी यह राशि आंतरिक स्रोतों से जुटाएगी। प्रस्तावित इकाई के जनवरी, 2027 के आसपास परिचालन में आने की संभावना है।

गोदरेज को मिले 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके

नई दिल्ली। गोदरेज को 2023-24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ से अधिक के ठेके मिले। प्रत्येक ठेकों का मूल्य 100 से 400 करोड़ रुपये के बीच था। गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा कि हम अपने हालिया ठेकों से खुश हैं, जिसने 400 केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है। इनमें पूरे भारत में एयर इंसुलेटेड स्विचगियर और गैस इंसुलेटेड स्विचगियरसबस्टेशन आदि के ठेके शामिल थे।

भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

Geographical Indication of India Logo
अतुल्य भारत की अमूल्य निधि
Invaluable Treasures of Incredible India

- कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

इन उत्पादों को ये मिला कोड

बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

> पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
> -डॉ. सुग्रीव शुक्ला, उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत : उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।

भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।



विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़

नई दिल्ली। दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 % बढ़ा

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थन: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

राष्ट्रीय

एक नजर

धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

बलिया में कार पलटने से चार की मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से बीते रोज ही रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। गुरुवार को विभाग ने इस मामले में त्वरित करते हुए निलंबन पत्र तैयार कर शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और 'बस्तर फाइटर्स' के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

दो सड़क हादसों में दस की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के वारंगल और सूर्यापेट जिलों में 24 घंटों के दौरान दो सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात वारंगल जिले के वर्धन्नापेट के पास वारंगल-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकर स्ट्रीम पुल पर सत्रह वर्ष की आयु के चार युवाओं की उस समय मौत हो गयी जब उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक निजी ट्रैवल बस से टकरा गई। वर्धनपेट और येलांदा के रहने वाले छात्र गणेश, एम सिद्दू, वरुण तेज, पोन्नाला अनिल कुमार येल्लांदा से वर्धनपेट जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। एक अन्य दुर्घटना में छह गुरुवार तड़के सूर्यापेट जिले में श्रीरंगपुरम, कोडाद के पास हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार के एक स्थिर लॉरी से टकरा जाने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक घटना के वक्त कार में सवार लोग हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रहे थे। घायलों को इलाज के लिए कोडाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

आबकारी नीति घोटाला

आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

नई दिल्ली। सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

पटना, एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।

- मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की
- इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

मुंबई, एजेंसी

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।

बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

पटना। जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	430
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	8	5	3	10	+0.577
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	9	2	7	4	-0.721

इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

नई दिल्ली। बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।



● खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।

अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।

स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

● टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास

● साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद, शाहबाज ने बनाए 40 रन

हैदराबाद, एजेंसी

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।

लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

51 रनों की शानदार पारी विराट कोहली ने खेली, रजत पाटीदार ने 20 गेंदों लगाया अर्धशतक

बेंगलुरु 206/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कैच समद बोल्ड उनादकट	51	43	4/1
डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन	25	12	3/1
विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय	6	9	0/0
पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट	50	20	2/5
कैमरन ग्रीन नाबाद	37	20	5/0
लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट	7	4	1/0
दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस	11	6	2/0
स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन	12	6	1/1

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

हैदराबाद 171/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल	31	13	3/2
ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स	1	3	0/0
एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल	7	8	1/0
नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण	13	13	0/1
क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल	7	3	0/1
शाहबाज अहमद नाबाद	40	37	1/1
अब्दुल समद कैच आउट कर्ण	10	6	0/1
कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन	31	15	1/3
भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन	13	13	3/0
जयदेव उनादकट नाबाद	8	10	1/0

गेंदबाजी : सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

खेल डायरी

एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

लिवरपूल। एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

मैड्रिड। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

रिजवान और नियाजी टी-20 श्रृंखला से बाहर

कराची। चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 श्रृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 श्रृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

कराची। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।

● महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

टी20 विश्व कप

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।

युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

मुंबई। बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा। उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।

बॉलीवुड हलचल

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11:07 बजे रिलीज होगा।

मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान उद्यमियों की शहबाज सरकार से मांग

आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने कहा- अर्थव्यवस्था उभरेगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सीधे व्यापार संबंध भी खत्म कर दिए। भारत ने पाकिस्तान को बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

पाकिस्तान के व्यापारियों ने एक बार फिर भारत के साथ व्यापार को लेकर मांग की है, उन्होंने कहा है कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा।

प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है। उन्होंने बताया कि जब वह जेल में गईं, तो उनकी बेटी उन्हें दूर से देखते ही दौड़ लगाकर आई, और गले लगा लिया। वह रोते-रोते मुझे मम्मी कहकर पुकार रही थी।

मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप भारत ने किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने खंडन कर कहा- वास्तविकता से कोसों दूर है अमेरिकी रिपोर्ट

भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो।

उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने मीडिया से भी इस रिपोर्ट को महत्व न देने का आग्रह किया। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इससे जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है। गौरतलब है कि भारतीय समयानुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जारी एक रिपोर्ट में भारत के प्रति अपने पूर्वाग्रह वाले रवैये को जारी रखते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सालाना मानवाधिकार रिपोर्ट जारी की।

इसमें मणिपुर में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया। विदेश विभाग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं को शर्मनाक बताया है और मामले में कदम उठाने की बात कही है।

एक नजर

दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

अबुजा। नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुईं घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

चेन्नई। हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुईं कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

वाशिंगटन, एजेंसी

- रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहा है रूस

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस



प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

अमेरिका ने यूक्रेन को दिए बैलेस्टिक मिसाइल जैसे खतरनाक हथियार

वाशिंगटन। यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाकों में पहली बार लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया है। मंगलवार-बुधवार की रात ये हमले क्रीमिया में स्थित रूसी सेना की हवाई पट्टी और कुछ अन्य इलाकों पर किए गए। यह जानकारी एक अमेरिकी अधिकारी ने दी है। ये मिसाइल अमेरिका ने गुप्त रूप से यूक्रेन भेजी हैं।

इसके अतिरिक्त यूक्रेन ने रूस के लिपेस्क क्षेत्र में स्थित एक बड़ी स्टील फैक्ट्री पर ड्रोन हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार देने से परहेज किया है। इन मिसाइलों से रूस के आबादी वाले इलाकों में नुकसान होने और नाटो गठबंधन से सीधे टकराव का खतरा पैदा हो जाएगा।

इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...

किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

भारत में क्या है इसका प्रावधान-

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।

यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

5 माह बाद खुला रास्ता

लेह : भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

कोलकाता, एजेंसी।

- प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दीं हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

विज्ञान स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

अंटार्कटिका।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।

अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देंगी ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश में रद कर दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

- अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे 5 हजार भारतीय

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है।

इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा। 5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है

शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन

रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।